www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

15 फरवरी, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 118


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंचीं रांची





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
198000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 80,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 102,000 रु./प्रति किलो |



# अमेरिका में फिर दिखा पीएम मोदी का कूटनीतिक दम

## ■ डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत में दिखा अमेरिका के सामने भारत का महत्व
## ■ दुनिया ने एक बार फिर देख ली मोदी-ट्रंप के दोस्ताना संबंध की झलक
## ■ मोदी ने बता दिया कि भारत अब बराबरी के साथ हर मुद्दे पर बात करेगा

आजाद सिपाही विशेष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अमेरिका दौरा समाप्त हो गया है। यह दौरा कई मायनों में महत्वपूर्ण रहा और इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कूटनीतिक दम दिखा। पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से लेकर अमेरिका के कई उद्योगपतियों से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने साफ कर दिया कि अब भारत किसी के सामने झुकने वाला नहीं है। ट्रंप के सामने खड़े होकर पीएम मोदी ने साफ कर दिया कि अगर आपके लिए अमेरिका के हित ऊपर हैं, तो हमारे लिए भी भारत के हित सर्वोपरि हैं। पीएम मोदी ने कूटनीतिक भाषा में अमेरिका को कई संदेश दिये। ट्रंप भी इन इशारों को बखूबी समझे और एक सवाल के जवाब में उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, मोदी मुझसे कहीं बेहतर नेगोशिएटर हैं। यहां कोई मुकाबला भी नहीं है। पीएम मोदी ने 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन', यानी मागा के जवाब में 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' यानी मीगा कहा। उन्होंने कहा कि हम संयुक्त विकास, संयुक्त उत्पादन और साझा तकनीक की तरफ बढ़ रहे हैं। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हम इतिहास में सबसे महान व्यापारिक मार्ग में से एक के निर्माण में मदद करने के लिए मिल कर काम करने पर सहमत हुए हैं। यह भारत से इजरायल से इटली और आगे अमेरिका तक चलेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने हमेशा भारत को ऊपर रखा और कई मुद्दों पर अमेरिका को कूटनीतिक भाषा में समझाया भी। इतना ही नहीं, इस मुलाकात के दौरान ट्रंप के साथ उनकी मित्रता भी एक बार फिर दुनिया ने देखी, जिससे भारत-अमेरिका संबंधों में नया अध्याय शुरू होने की पूरी संभावना है। क्या हुआ मोदी-ट्रंप की मुलाकात में और भारत के लिए यह कितना महत्वपूर्ण है, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बहु प्रतीक्षित मुलाकात पूरी हो गयी। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी का जोरदार स्वागत किया। पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की दोस्ती एक बार फिर दुनिया के कूटनीतिक नक्शे पर छा गयी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े। साथ ही ट्रंप ने भारत को एफ-35 स्टील्थ विमान देने का भी एलान किया। पीएम मोदी और ट्रंप के बीच व्यापार से लेकर आतंकवाद समेत सभी मुद्दों पर चर्चा हुई। अवैध अप्रवासी भारतीयों की वापसी पर भी चर्चा हुई। पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई मुलाकात के भारत और अमेरिका के दोनों देशों के संबंध में खास प्रभाव पड़ने वाला है। दोनों देशों ने व्यापार, सैन्य ताकत और आतंक के खिलाफ एक साथ लड़ने की हामी भरी है।

### भारत के लिए विशेष टैरिफ लायेगा अमेरिका

पीएम मोदी ने कहा कि भारत अवैध अप्रवासियों की वापसी के लिए तैयार है। इस मुलाकात में भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर भी सहमति बनी। इसके मुताबिक भारत और अमेरिका ने साल 2030 तक अपना कारोबार दोगुना कर इसे 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। ट्रंप ने पीएम मोदी के साथ मुलाकात के पहले ही नये टैरिफ का एलान किया था, लेकिन मोदी के साथ मुलाकात के दौरान ट्रंप ने कहा कि कि वह भारत के खिलाफ विशेष टैरिफ का एलान करेंगे।

### आपकी कमी खली-पीएम मोदी से बोले ट्रंप

पीएम मोदी और ट्रंप के बीच यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब ट्रंप ने चीन समेत दुनिया के कई देशों के खिलाफ टैरिफ वार का एलान किया है। लेकिन मोदी के साथ मुलाकात के दौरान उनकी केमिस्ट्री देखने लायक थी। पीएम मोदी जब व्हाइट हाउस पहुंचे, तो ट्रंप ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। ट्रंप ने पीएम मोदी को गले लगाया। अपने कैबिनेट के सहयोगियों से उनका परिचय कराया। इसके बाद ट्रंप ने पीएम मोदी को खुद कुर्सी पर बिठाया। इस दौरान ट्रंप ने कहा कि हमें आपकी कमी खली और बहुत खली है।

### ट्रंप ने पीएम मोदी को महान नेता बताया

डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी को एक किताब भेंट की है। यह किताब पीएम मोदी पर ही लिखी गयी है। इस किताब पर ट्रंप ने खुद सिग्नेचर किया और लिखा कि 'मोदी यू आर ग्रेट'। पूरी मुलाकात के दौरान ट्रंप पीएम मोदी की तारीफ करते दिखे। ट्रंप ने मोदी को खास आदमी बताया। ट्रंप ने कहा कि हर कोई मोदी की चर्चा कर रहा है। उन्होंने पीएम मोदी को महान नेता करार दिया।



### पीएम मोदी का हमारे साथ होना सम्मान की बात

ट्रंप ने कहा, भारत के प्रधानमंत्री मोदी का हमारे साथ होना बहुत सम्मान की बात है। वे लंबे समय से मेरे अच्छे मित्र हैं। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। हमने अपने चार साल के पिछले कार्यकाल के दौरान इस संबंध को बनाये रखा है। हमने अभी फिर से शुरुआत की है। मुझे लगता है कि हमारे पास बात करने के लिए कुछ बहुत बड़ी चीजें हैं।

### व्यापार, टैरिफ और अवैध अप्रवासी भारतीयों की वापसी

पीएम मोदी और ट्रंप के बीच मुलाकात का मुख्य मुद्दा व्यापार, टैरिफ और अवैध अप्रवासी भारतीयों की वापसी थी। इस दौरान ट्रंप ने एलान किया कि अमेरिका भारत को एफ-35 फाइटर प्लेन देगा। एफ-35 अमेरिका के सबसे अत्याधुनिक फाइटर प्लेन में एक है। पीएम मोदी और ट्रंप के बीच आतंकवाद के मुद्दे पर भी बात हुई। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका मुंबई हमले के आतंकी तहव्वुर राणा को जल्द भारत को सौंपेगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका भारत को नंबर 1 तेल और गैस का सप्लायर बनेगा। भारत-अमेरिका के गहरे रिश्तों के बीच साल 2030 तक करीब 500 अरब डॉलर का कारोबार होने का अनुमान जताया गया है।

### अवैध अप्रवासी भारतीयों के मुद्दे पर क्या बोले पीएम मोदी

डोनाल्ड ट्रंप और पीएम मोदी मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने दो-दो बार मीडिया से बात की। पहले मुलाकात की शुरुआत में फिर दोनों नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस को साझा रूप से संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने अवैध अप्रवासी भारतीयों के मुद्दे पर अपना रुख साफ किया।

### मानव तस्करी के खिलाफ लड़ेंगे दोनों देश

पीएम मोदी ने कहा कि गैर कानूनी तरीके से जो लोग दूसरे देशों में होते हैं, उनको वहां रहने का तो कोई कानूनी अधिकार नहीं है। जहां तक भारत और अमेरिका का सवाल है, हमने हमेशा कहा है कि जो सत्यापित होगा, जो सच्चे अर्थ में भारत का नागरिक होगा, वह अगर अमेरिका में गैर कानूनी तरीके से रहता है, तो उसको वापस लेने के लिए भारत तैयार है, लेकिन बात हमारे लिए वहां से रुकती नहीं है। ये सामान्य परिवारों के बच्चे होते हैं। उनको बड़े-बड़े सपने दिखाये जाते हैं। उनमें ज्यादातर ऐसे होते हैं, जिनको गुमराह कर लाया जाता है। इसलिए मानव तस्करी से जुड़े हुए पूरे इको-सिस्टम पर भारत और अमेरिका को वार करना चाहिए।

### तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर लगी मुहर

पीएम मोदी के अमेरिकी दौरे पर आतंकवाद के खिलाफ भारत को सबसे बड़ी कामयाबी मिली है। 2008 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर मुहर लगी है। पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ जंग में अमेरिका से सहयोग की तारीफ की है। आतंक को पनाह देने वाले देशों को स्पष्ट संदेश दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति की मौजूदगी में पीएम मोदी ने साफ कहा कि सीमा पार से आतंकवाद को जड़ से खत्म करेंगे।

### आतंक के खिलाफ लड़ाई भारत और अमेरिका एक साथ

पीएम मोदी ने कहा, हमारी मुलाकात का मतलब '1+1= दो' नहीं, '11' है। ट्रंप की तरह मेरे लिए भी राष्ट्र प्रथम है। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में दोनों देश मिलकर दोगुनी तेजी से काम करेंगे। अमेरिका और भारत पुराने विश्वास और उत्साह के साथ आगे बढ़ेंगे। आतंक के खिलाफ लड़ाई में दोनों देश एक साथ खड़े रहेंगे।

### पीएम मोदी ने भारत के हित को सर्वोपरि बताया

डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस में मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने कहा, आपको (डोनाल्ड ट्रंप) एक बार फिर यहां व्हाइट हाउस में देखकर बहुत खुशी हो रही है। मैं अपने साथ-साथ भारत के 140 करोड़ लोगों की ओर से आपको दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति बनने को लेकर बधाई देता हूं। पिछले साल मुझे भारत की जनता ने तीसरी बार सत्ता सौंप कर सेवा करने का मौका दिया। मैं राष्ट्रपति ट्रंप के साथ अगले चार साल के लिए काम करने को लेकर उत्सुक हूं। व्हाइट हाउस में मेरा जैसा भव्य और गर्मजोशी से स्वागत हुआ, उसने मुझे अहमदाबाद में 'नमस्ते ट्रंप' और अमेरिका में 'हाउडी मोदी' की यादों को ताजा कर दिया है, जिसकी गूंज पूरे विश्व में सुनाई दी थी। मैं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बहुत कुछ सीखता हूं, जैसे वो अमेरिका को सर्वोपरि रखते हैं, वैसे ही हम भी अपने देश के हितों को सर्वोपरि रखते हैं। हम साथ मिलकर अपने दोनों देशों की प्रगति और समृद्धि की ओर आगे बढ़ेंगे।

---

## शहीद वीरों की याद में मानव सेवा संस्था की बड़ी पहल

# विशाल रक्तदान शिविर सह निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** मानव सेवा संस्था बुंडू की ओर पुलवामा हमले में शहीद वीरों की याद में मौसी बाड़ी मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को विशाल रक्तदान शिविर सह निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन आजाद सिपाही के डायरेक्टर राहुल सिंह एवं बुंडू एसडीओ किस्टो कुमार बेसरा ने फीता काटकर किया। मानव सेवा संस्था के द्वारा राहुल सिंह एवं एसडीओ को मानव सेवा संस्था के संस्थापक रोशन कुमार महतो, मुख्य संरक्षक राम दुर्लभ सिंह मुंडा, अरुण जैन, प्रमोद कुमार एवं अध्यक्ष शुभम कुमार उर्फ गोलू, सचिव जीतू कुमार ने बुके एवं शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। इस शिविर में कुल 131 रक्तदाताओं ने अपना रक्त दान किया, वहीं एएसजी नेत्र चिकित्सालय के द्वारा 95 व्यक्तियों की नेत्र जांच की गयी।



अरुण जैन के सौजन्य से निशक्त व्यक्तियों एवं बुजुर्ग को बैसाखी एवं छड़ी और साथ ही आंख की दवाई दी गयी। रक्तदाताओं को झारखंड सरकार के सदर अस्पताल का सर्टिफिकेट दिया गया।

सुबह 10 बजे से ही लोग रक्तदान करने के लिए शिविर में पहुंचने लगे। इसमें युवाओं के साथ-साथ महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मानव सेवा संस्था ने सभी रक्तदाताओं का आभार जताया। इस कार्यक्रम में बुंडू के रहने वाले बेरमो के एसडीओ मुकेश मछुआ भी आये और रक्त दान किया। उन्होंने कहा कि रक्त दान महादान है रक्त दान करने से बीपी सुगर हार्ट एटेक जैसी बिमारी नहीं होती है। शिविर में बुंडू महिला थाना प्रभारी खुशबू वर्मा ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेश उरांव और पूर्व उपाध्यक्ष सुनील जायसवाल भी मौके पर पहुंचे लोगों का रक्तदान करने के लिए आभार जताया।

इस मौके पर संस्था के संस्थापक रोशन कुमार महतो, मुख्य संरक्षक राम दुर्लभ सिंह मुंडा, दीपक जायसवाल, विजय कुमार, आलोक दास, रंजीत लहरी, सुबोध मुखर्जी, भास्कर पाठक, मनोज पाठक, रंजीत महतो, कौशिक चक्रवर्ती, प्रवीण चौधरी, राणा पाल, अनूप चेल, पुरेंद्र महतो, राम महतो, विकास कुमार, संतोष कुमार, आशुतोष कुमार, सचिन कुमार, आनंद महतो, कबी नायक, आदि उपस्थित थे।

---

# रांची से अगवा होटल व्यवसायी धनबाद से बरामद

■ घायल अवस्था में आरपीएफ को स्टेशन पर मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** रांची के होटल व्यवसायी और विश्व हिंदू परिषद के नेता लाल रणविजय नाथ शाहदेव को धनबाद आरपीएफ की टीम ने स्टेशन से बरामद किया है। व्यवसायी रांची के ठाकुरगांव थाना क्षेत्र उरगुट्ढ के रहने वाले हैं। परिजनों का कहना है कि गुरुवार शाम चार बजे व्यवसायी का अपहरण हुआ था, जिसको लेकर ठाकुरगांव थाना में मामला भी दर्ज कराया गया है। जिले के बलियापुर प्रखंड के सीओ प्रवीण कुमार सूचना पर उनसे मिलने अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि रणविजय नाथ शाहदेव होटल व्यवसायी हैं। आरपीएफ ने बताया कि वह रेलवे स्टेशन पर 'बचाओ बचाओ' की आवाज लगाते हुए दौड़ रहे थे। इसके बाद आरपीएफ ने उन्हें अस्पताल में भर्ती किया है। सीओ ने बताया कि व्यवसायी का अपहरण कर किसी पहाड़ के ऊपर रखा गया था। उनके पास जो पैसे और सोने की अंगूठी थी, वह छीन ली गयी है। हाथों में रस्सी बंधी हुई थी। वह भाग नहीं पायें, इसलिए उनके पैरों को जलाने की कोशिश की गयी थी। वहीं व्यवसायी के भाई अजय नाथ शाहदेव ने बताया कि गुरुवार को साईं मंदिर से लौटने के बाद सामान लाने के लिए निकल गये। उसके बाद इनका कहीं पता नहीं चला।



---

## दुमका उत्पाद विभाग के अधिकारियों पर भड़के मंत्री योगेंद्र प्रसाद

# उत्पाद आयुक्त और असिस्टेंट को शो-कॉज

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद शुक्रवार को दुमका पहुंचे। इस दौरान मंत्री ने दुमका, देवघर और जामताड़ा के विभागीय अधिकारियों के साथ उपराजधानी में ही बैठक की। समीक्षा के दौरान दोनों विभागों के कार्यों से मंत्री असंतुष्ट दिखे। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शो-कॉज किया है।



**उत्पाद विभाग के अधिकारियों के रवैये पर मंत्री बिफरे :** मंत्री योगेंद्र प्रसाद दुमका उत्पाद विभाग के अधिकारियों के रवैये से काफी नाराज दिखे। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यों को बेहतर ढंग से निष्पादित करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से राजस्व का काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि दुमका के उत्पाद आयुक्त और असिस्टेंट सभी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। हालत यह है कि उत्पाद विभाग का काम भी पुलिस कर रही है। उन्होंने उत्पाद आयुक्त और असिस्टेंट को शो-कॉज करने का निर्देश दिया।

**लोगों को जल्द मिलेगा गंगा का पानी:** मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि एनओसी नहीं मिलने के कारण दुमका के सरैयाहाट और शिकारीपाड़ा प्रखंड में अब तक गंगा का पानी नहीं पहुंच पाया है। इसमें वन विभाग, पथ निर्माण विभाग और एनएचएआइ की एनओसी चाहिए। फिलहाल दो विभागों की एनओसी प्राप्त हो गयी है, सिर्फ वन विभाग में कुछ मामला फंसा हुआ है। उसकी मंजूरी मिलते ही गंगा का पानी लोगों को उपलब्ध होगा।

www.epaper.azadsipahi.in

15 फरवरी, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 118

ओड़िशा को समृद्ध बनाना हमारी सरकार का लक्ष्य : मोहन चरण माझी



**FLORENCE**
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंचीं रांची

## आज बीआइटी मेसरा के कार्यक्रम में होंगी शामिल

- राज्यपाल और कृषि मंत्री ने हवाई अड्डे पर किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को रांची पहुंच गयीं। राष्ट्रपति का विशेष विमान शाम 4.50 बजे बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उतरा। वहां राज्यपाल संतोष गंगवार, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता और राज्य के आला अधिकारियों ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से वह राजभवन पहुंचीं। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता के इंतजाम थे। राजभवन और उसके आसपास के इलाकों की चौकसी बढ़ा दी गयी है। बता दें कि राष्ट्रपति दो दिवसीय दौरे पर रांची आयी हैं। वह शनिवार को बीआइटी मेसरा के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे दिल्ली लौट जायेंगी।

**राजभवन में हर्ष का माहौल:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड की राज्यपाल भी रह चुकी हैं। राजभवन उनका पहले भी आधिकारिक आवास रहा है। इस बार वे राष्ट्रपति के रूप में राजभवन पहुंचीं हैं, जहां रात्रि विश्राम करेंगी। इसे लेकर वहां के अधिकारियों और कर्मियों में खुशी है। राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव नितिन मदन कुलकर्णी समेत अन्य अधिकारियों और कर्मियों ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि 'राष्ट्रपति महोदया, राजभवन में आपका हार्दिक स्वागत है। आपके आगमन से समस्त राजभवन परिवार में हर्ष का वातावरण है।'

**डीसी ने आयोजन स्थल का लिया जायजा:** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने राष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों की निगरानी के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बीआइटी मेसरा में हो रहे कार्यक्रम स्थल का भी जायजा लिया। साथ ही रूट चार्ट के अनुसार सरिक्षा व्यवस्था को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



### शहर में जगह-जगह की गयी है बैरिकेडिंग

राष्ट्रपति के दौरे को लेकर एयरपोर्ट से राजभवन तक जाने वाले रास्ते पर और राजभवन से बीआइटी मेसरा तक जाने वाले रोड के दोनों तरह जगह बैरिकेडिंग की गयी है। वहीं बूटी मोड़ से कांटा टोली होते हुए हवाई अड्डे जाने वाले रास्ते पर भी जगह-जगह बैरिकेडिंग की गयी है। कई जगह चौराहों और अन्य गलियों के सामने ड्रॉप गेट बनाये गये हैं। ट्रैफिक डीएसपी, इंस्पेक्टर और पुलिसकर्मियों को हर रोड में तैनात कर दिया गया है।

### 15 फरवरी को रांची की नयी यातायात व्यवस्था

रांची ट्रैफिक पुलिस की ओर से 14 फरवरी और 15 फरवरी के लिए ट्रैफिक रूट चार्ट गुरुवार को ही जारी कर दिया गया है। लोगों से अपील की गयी है कि जिन रास्तों पर राष्ट्रपति का अवागमन हो, उसका कम से कम उपयोग करें। दो दिन के लिए निर्धारित जगहों पर नो फ्लाई जोन घोषित किया गया हैं।

# आतंकवाद के खिलाफ और मजबूती से लड़ेंगे भारत-अमेरिका

- मोदी-ट्रंप के बयान से तिलमिलाया पाकिस्तान

एजेंसी

**वाशिंगटन/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे पर दुनिया भर की नजरें थी। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की साझा प्रेसवार्ता में सीमा-पार आतंकवाद को लेकर भी बड़ी घोषणा की गयी है, जिससे पाकिस्तान तिलमिला गया है। दरअसल, पीएम मोदी और ट्रंप ने कहा कि भारत और अमेरिका पहले से कहीं ज्यादा मजबूती से एक साथ काम करेंगे, ताकि कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद से निपटा जा सके। इस दौरान मोदी और ट्रंप ने अपने संयुक्त बयान में पाकिस्तान से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि उसकी भूमि का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए न किया जाये।

**पाकिस्तान ने कहा भ्रामक बयान:** दोनों नेताओं की इस प्रतिक्रिया पर पाकिस्तान बौखला गया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत-अमेरिका संयुक्त बयान में पाकिस्तान का उल्लेख एकतरफा, भ्रामक और कूटनीतिक मानदंडों के विपरीत है। मामले में पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने कहा कि पाकिस्तान अपने बलिदानों को स्वीकार किये बिना इस तरह की टिप्पणियों को शामिल करने से हैरान है।



### मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर को भारत प्रत्यर्पित करने की मंजूरी

इससे पहले दिन में, भारत ने एक बड़ी कूटनीतिक जीत हासिल की। जब ट्रंप ने 26-11 के आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को न्याय का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित करने पर सहमति व्यक्त की, जो भारत की लंबे समय से मांग रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से पीएम मोदी की मौजूदगी में इस निर्णय की घोषणा की थी। ट्रंप ने कहा कि मेरे प्रशासन ने दुनिया के सबसे बुरे लोगों में से एक तहव्वुर राणा को भारत में न्याय का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित करने को मंजूरी दे दी है।

**पीएम मोदी ने ट्रंप को दिया धन्यवाद:** पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक राणा को लॉस एंजिल्स में एक हिरासत केंद्र में रखा गया है। वहीं राणा के प्रत्यर्पण के लिए ट्रंप को धन्यवाद देते हुए, पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि सीमा पार आतंकवाद को खत्म करने के लिए एकजुट कार्रवाई आवश्यक है। दोनों नेताओं के संयुक्त बयान में अल-कायदा, इस्लामिक स्टेट, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी समूहों को सबसे बड़ा खतरा बताया गया।

**ट्रंप ने की मोदी की तारीफ:** प्रधानमंत्री का अमेरिका दौरा खत्म हो गया है। वह दिल्ली के लिए रवाना हो गये हैं। ट्रंप ने टैरिफ मामले पर मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें एक टफ नेगोशिएटर (मोलभाव करने वाला) बताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी उनके अच्छे दोस्त हैं और वे अच्छा काम कर रहे हैं। वो मुझसे भी बेहतर नेगोशिएटर हैं। ट्रंप ने भारत को एफ-35 फाइटर जेट देने की घोषणा की।

## न्यूज रील्स

### टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन को नाइटहुड की उपाधि



जमशेदपुर। टाटा समूह के अध्यक्ष नटराजन चंद्रशेखरन को नाइटहुड की उपाधि दी गयी। यह इंग्लैंड का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। यह सम्मान भारत और यूके के व्यापार संबंधों में उनके योगदान के लिए दिया गया है। चंद्रशेखरन ने सम्मान पाने के बाद आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टाटा समूह को यूके में मजबूत रणनीतिक संबंध बनाये रखने पर गर्व है। चंद्रशेखरन फिलहाल टाटा संस के अध्यक्ष के साथ टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाटा पावर और टीसीएस जैसी कंपनियों के बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं।

### नये चुनाव आयुक्त का चयन 17 को

नयी दिल्ली। नये मुख्य चुनाव आयुक्त (सीइसी) के चयन के लिए 17 फरवरी को बैठक होगी। सीइसी की नियुक्ति समिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल और नेता विपक्ष राहुल गांधी शामिल हैं। मौजूदा सीइसी राजीव कुमार का कार्यकाल 18 फरवरी को खत्म हो रहा है।

### कलकत्ता हाइकोर्ट ने आरएसएस को रैली की अनुमति दी

कोलकाता। कलकत्ता हाइकोर्ट ने अरएसएस की रैली पर पश्चिम बंगाल सरकार की आपत्ति को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने 16 फरवरी को बर्धमान जिले में होने वाली रैली के लिए शर्तों के साथ अनुमति दी है। रैली में मोहन भागवत भी शामिल हो सकते हैं।

# आवासीय विद्यालय के हॉस्टल से छात्रा को बाहर भेजने पर हंगामा

- छात्रा को काले रंग की गाड़ी से उतरता देख ग्रामीणों में भड़का गुस्सा
- आधी रात एसडीएम और एसडीपीओ के साथ पूर्व विधायक पहुंचे स्कूल

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पिपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भितिहा गांव स्थित बालिका आवासीय विद्यालय के हॉस्टल से एक छात्रा को बाहर भेजे जाने पर भारी हंगामा हुआ। हंगामा उस समय शुरू हुआ, जब ग्रामीणों ने उक्त छात्रा को एक निजी एसयूवी से उतरते देखा। मामला झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का है।



मिली जानकारी के अनुसार, उक्त छात्रा गुरुवार को सुबह करीब 10.30 बजे स्कूल परिसर स्थित हॉस्टल से यह कह कर निकली कि उसे पीडीएस डीलर के पास इ-पोस मशीन पर अंगूठा लगाना है। इसके बाद तीसरे पहर करीब तीन बजे वह एक निजी गाड़ी से स्कूल के गेट पर उतरी। यह सब ग्रामीणों ने देखा, तो उन्हें संदेह हुआ। उन्होंने स्कॉर्पियो पर सवार युवक को पकड़ लिया और हंगामा करने लगे। ग्रामीणों का आरोप है कि इसी बीच कुछ लोगों ने युवक को वहां से भगा दिया। ग्रामीणों ने कहा कि छात्रा के साथ कुछ गलत हुआ है, क्योंकि वह सामान्य अवस्था में नहीं दिख रही थी।

घटना की जानकारी पुलिस प्रशासन को भी मिली। इसके बाद एसडीएम आशीष गंगवार, एसडीपीओ अवध यादव, पीपरा बीडीओ विनय कुमार, थाना प्रभारी नकुल शर्मा आदि आधी रात के करीब स्कूल पहुंचे। एसडीपीओ ने बताया कि छात्रा के परिजनों की लिखित शिकायत पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि छात्रा दवा के लिए निकली थी। वापसी के क्रम में एक अज्ञात युवक ने उसे अपनी गाड़ी में बैठा लिया और पानी में मिला कर नशीला पदार्थ पिला दिया। छात्रा की चाची ने राजन सिंह नामक युवक पर छात्रा के साथ गलत करने का आरोप लगाते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। घटना की जानकारी मिलने पर गुरुवार देर रात को पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता स्कूल गेट पर पहुंचे और धरना दिया। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीपरा प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव ने कहा कि यह गंभीर मुद्दा है। यहां गरीब की बच्चियां बढ़ती हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधक पर गंभीर आरोप लगाया।

# महाकुंभ: प्रियंका के साथ कल आयेंगे राहुल

## संगम में डुबकी लगाने वालों का आंकड़ा 50 करोड़ पार

- शनिवार और रविवार को श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने की उम्मीद
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में बैठक की

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज।** महाकुंभ में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी 16 फरवरी को डुबकी लगायेंगे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, उनके आने का कार्यक्रम लगभग तय हो चुका है। तैयारियां की जा रही हैं। इस बीच महाकुंभ में शुक्रवार से फिर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है।



शुक्रवार को महाकुंभ का 33वां दिन था और शाम तक लगभग 90 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। शनिवार और रविवार को छुट्टी के दिन एक बार फिर श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने की उम्मीद जतायी जा रही है। प्रशासन ने इसके लिए तैयारी कर ली है। श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसके लिए व्यवस्था को और चुस्त किया जा रहा है। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए ठोस कदम उठाये गये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी लखनऊ में बैठक की। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि सीनियर अधिकारी खुद सड़क पर उतरें और हर स्तर पर जवाबदेही तय करें। योगी ने कहा है कि प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले रास्तों में कहीं पर भी जाम न लगे। श्रद्धालुओं को दिक्कत नहीं आये।



## कन्हैया लाल पांडेय की रेल दुर्घटना में मौत



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बादम निवासी विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ता 42 वर्षीय कन्हैया लाल पांडे की सुल्तानपुर अंतर्गत बंधुवा कला थाना क्षेत्र में ट्रेन दुर्घटना में पैर कट जाने और गंभीर रूप से घायल हो जाने के कारण मौत हो गयी। अंतिम संस्कार बनारस घाट में ही किया गया। ट्रेन दुर्घटना में मौत हो जाने के कारण परिजनों ने उत्तर प्रदेश सरकार और रेलवे से मुआवजे की मांग की है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को कन्हैया लाल पांडे और उनकी टीम कुंभ स्नान करके अयोध्या के लिए जा रहे थे। सड़क पर काफी जाम होने के कारण स्थानीय पुलिस ने बस को वाराणसी की ओर जाने की अनुमति दी। 20 किलोमीटर निकलने के बाद रात्रि में विश्राम करने के लिए बंधुवा अंतर्गत बाबा ढाबा में बस रुकी। सभी श्रद्धालु शुक्रवार सुबह लगभग 5:30 बजे शौच के लिए निकले। इस दौरान कन्हैया लाल पांडे ने सुल्तानपुर अंतर्गत बंधुवा कला थाना के समीप रेलवे फाटक के किनारे शौच के लिए रेलवे क्रॉसिंग कर रहे थे। तभी अचानक से ट्रेन गुजरी और कन्हैयालाल पांडे को टक्कर मार निकल गयी। इस दरमियान उनके बाएं पैर कट गया और घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इनके निधन पर बड़कागांव विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से भोला दांगी, इंग्लेश सोनी, पिंटू गुप्ता, पिंटू सोनी, संतोष ठाकुर, प्रोफेसर लालदेव महतो, दामोदर प्रसाद, दिनेश कुमार, रामचरित्र प्रसाद वासुदेव महतो, शुभम गुप्ता, रविंद्र लाल अलावा कई लोग शोक व्यक्त किया।

## कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर में 65 लाभार्थियों को मिला लाभ



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** रोटरी क्लब और महावीर सेवा सदन कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने दीप प्रज्वलन कर किया। रोटरी सभागार में आयोजित तीन दिवसीय शिविर के अंतिम दिन शुक्रवार को कोलकाता से आये डॉ प्रभाकर क्लब के अध्यक्ष अमित कुमार की देखरेख में टीम में शामिल सहयोगियों द्वारा 65 लाभार्थियों के बीच कृत्रिम अंग प्रदान की गयी। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने रोटरी क्लब के इस कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि रोटरी जिले में सेवा समर्पण का अच्छा कार्य कर रही है। क्लब के अध्यक्ष अमित कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। महावीर सेवा सदन कोलकाता से आए डॉक्टर प्रभाकर और उनकी टेक्नीशियन टीम के द्वारा 30 लोगों को कृत्रिम पांव 15 लोगों को कृत्रिम हाथ 15 पोलियो से ग्रसित लोगों को कृत्रिम कैलीपर एवं अन्य कई लोगों का कृत्रिम अंग तैयार किया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान करने के लिए असिस्टेंट गवर्नर संगीता शर्मा और मॉडर्न पब्लिक स्कूल प्राचार्य शैलेंद्र सिंह का विशेष ध्यानवाद मंच संचालन पी वर्णवाल ने किया। मौके पर गोपाल भदानी, राजेश शर्मा, तनुश्री सरकार, संजीव अग्रवाल को अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया गया, वहीं अविनाश सेठ, चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रदीप हिसारिया का भी उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट किया गया। शिविर कार्यक्रम के उपरांत उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा किये जा रहे परमानेंट प्रोजेक्ट का भी निरीक्षण किया और रोटरी के सदस्यों को समाज सेवा के नेक कार्य के लिए बधाई दी।

## बुद्धिजीवी मंच ने विधायक को सौंपा प्रार्थना पत्र



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य सर्वांगीण विकास हेतु बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव को बुद्धिजीवी मंच द्वारा एक प्रार्थना पत्र सौंपा गया। इस पत्र में झारखंड राज्य के लिए एक ठोस और स्थायी स्थानीय नियोजन नीति बनाने, सभी प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी और कदाचार मुक्त आयोजित कराने, आबादी के अनुपात में आरक्षण सुनिश्चित कराने, सभी विभागों में रिक्तियों के विरुद्ध ससमय नियुक्ति कराने, शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने संबंधी प्रमुख मुद्दे पर विचार करने का आग्रह किया गया। पत्र के माध्यम से इन बातों को झारखंड विधानसभा में उठाने का आग्रह किया ताकि झारखंडियों के हित में कार्य करने के लिए सरकार को बाध्य होना पड़े। राज्य के सभी थर्ड एंड फोर्थ ग्रेड के नौकरियों में झारखंडियों के लिए कम से कम 85प्रतिशत नियुक्ति हो, ऐसा नियोजन नीति बनाने का आग्रह किया गया है। मौके पर शशिभूषण प्रसाद, मधुसूदन प्रसाद, रामकिशुन महतो, युगल ठाकुर, सुकर ठाकुर, महेश कुमार गुप्ता, मधुलाल यादव, अनिल कुमार, रामचंद्र प्रसाद, मनोज कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## जेइइ मेंस में बीआर इंटरनेशनल के उज्ज्वल कुमार का शानदार प्रदर्शन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा में बीआर इंटरनेशनल स्कूल चाराडीह के छात्र उज्ज्वल कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 95.37 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर जिले में अपनी अलग पहचान बनायी। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गयी है। उज्ज्वल कुमार की इस सफलता के पीछे उनकी कठिन मेहनत, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प है। उन्होंने परीक्षा की तैयारी में दिन-रात एक कर दिया और विषयों की गहरी समझ विकसित की। उज्ज्वल ने भौतिकी में 96.50, रसायन विज्ञान में 91.09, और गणित में 91.17 अंक प्राप्त किए, जिससे उनकी कुल 95.37 परसेंटाइल रही। अपनी सफलता पर उज्ज्वल ने कहा, मेरी मेहनत और मेरे माता-पिता, गुरुजन और मित्रों के सहयोग से यह संभव हुआ है। उन्होंने हमेशा मेरा मनोबल बढ़ाया और सही दिशा में मार्गदर्शन किया। उज्ज्वल की इस उपलब्धि से उनके परिवार में हर्ष का माहौल है। उनके पिता किशोर कुमार और माता रेणु कुमारी ने कहा कि उज्ज्वल बचपन से ही पढ़ाई में अच्छा रहा है और हमेशा बड़े लक्ष्य की ओर केंद्रित रहा है। विद्यालय के निदेशक और शिक्षकों ने उज्ज्वल की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने उज्ज्वल को सम्मानित करने की घोषणा की और अन्य छात्रों को भी उनसे प्रेरणा लेने की सलाह दी।

## इ-रिक्शा पलटने से दो महिला समेत चार घायल

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को ग्राम ढाब में ई-रिक्शा पलट जाने से चार लोग घायल हो गये। घायलों में मंजू देवी (50 वर्ष पति कृष्णा मुसहर), विनीता देवी (25 वर्ष पति दिनेश मुसहर) दोनों ग्राम ढाब और मुन्ना डोम (20 वर्ष पिता हीरा डोम, ग्राम गोविंदपुर), इ-रिक्शा चालक अजय डोम (19 वर्ष पिता देवेंद्र डोम ग्राम नासरगंज) शामिल हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उपचार के बाद गंभीर स्थिति के देखते हुए मंजू देवी को कोडरमा रेफर कर दिया गया।

# पुलवामा के शहीदों को अर्पित की गयी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित विद्यालय बी एम मेमोरियल स्कूल में 14 फरवरी 2019 में पुलवामा अटैक में शहीद हुए सीआरपीएफ के 40 जवानों के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार और संचालन उप प्राचार्या पूनम कुमारी ने की। श्रद्धांजलि सभा में सर्वप्रथम सभी शिक्षकों ने वीर शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर उपस्थित विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान कहा कि आज से 6 साल पहले हमारे सीआरपीएफ के वीर जवानों ने आतंकी हमले में वीरगति प्राप्त हुए थे। इसके बाद आज 14 फरवरी को हम संपूर्ण भारतवासी काला दिन के रूप में मनाते हैं। आगे उन्होंने कहा कि इन वीर जवानों के बलिदानों को बुलाया नहीं जा सकता है इनके बलिदान को हम भारतवासी हमेशा याद रखेंगे। हमें हर फौजी का सम्मान करना चाहिए क्योंकि वह हमें और हमारे देश को सुरक्षित करने के लिए अपना जान दे देते हैं। मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय के उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा विद्यालय के शिक्षा चेयरमैन रंजीत कुमार, ऋषभ अग्रवाल, आशीष यादव, सुमित कुमार, महेंद्र विश्वकर्मा, दिलेश्वर दास, मुकेश दास सुमन कुमारी, अंजली मिश्रा, स्नेहा कुमारी सरिता बा, मनीषा कुमारी, देवंती देवी, अफसाना खातून, राजेश कुमार रवि, सोनू कुमार, सुभाष प्रसाद, ओम कुमार, विकास कुमार, अंजनी कुमारी, गंगा भारती सहित सभी शिक्षक और छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### आइलेक्स पब्लिक स्कूल में दी गयी श्रद्धांजलि



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** आइलेक्स पब्लिक स्कूल बरकट्ठा समेत सभी ब्रांचों में शुक्रवार को पुलवामा के शहीदों के नाम एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने मोमबत्ती जलाकर उन्हें याद किया। कक्षा 9 के बच्चों ने पुलवामा के उस काले दिन के बारे में जानकारी दी। मौके पर बच्चों ने अपने विचार भी रखे : गोरिया करमा से कक्षा -3 के बादल कुमार, कक्षा -6 की खुशी कुमारी, कक्षा -7 के मनीष कुमार, बड़कागांव ब्रांच में कक्षा -7 की रौशनी कुमारी, कक्षा -6 के शिवम कुमार और कक्षा -5 की आरोही कुमारी, पांडेयबारा ब्रांच में कक्षा -5 की अनिशा कुमारी, गुलनाज खातून, शशि कुमार, कक्षा -4 के अमरजीत कुमार, कक्षा - 3 के श्रेयांश कुमार ने पुलवामा दिवस पर अपने विचार रखें। मौके पर मौजूद विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हम सभी उन जवानों का कर्ज कभी नहीं चुका पायेंगे जिन्होंने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी।

# प्रेमी ने शादी से किया इंकार तो प्रेमिका ने दे दी जान



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत मधुबन पंचायत के ग्राम सिमरिया में प्रेमी के द्वारा शादी से इंकार करने पर युवती ने कुआं में कूद कर जान दे दी। बताया जाता है कि युवती के परिजनों ने प्रेमी से ही युवती की शादी भी ठीक कर दी थी। कुछ दिनों में शादी की रस्में होने थी। घटना में मृतका की पहचान रुबी कुमारी, उम्र लगभग 18 वर्ष पिता प्रेमचंद यादव ग्राम सिमरिया, थाना डोमचांच के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रूबी कुमारी डोमचांच थाना क्षेत्र के सपही निवासी सूरज कुमार यादव, पिता यमुना यादव से प्यार करती थी। विवाह भी होने वाला था परंतु प्रेमी सूरज यादव ने अचानक शादी करने से इंकार कर दिया। जिसके बाद प्रेमिका रूबी कुमारी ने शुक्रवार सुबह कुआं मे कूदकर जान दे दी। उसे कुआं में डूबते देख बच्चों ने हल्ला किया जिसके बाद ग्रामीण दौड़ कर पहुंचे। तब तक युवती कुआं में छलांग लगा चुकी थी। आनन फानन में ग्रामीणों ने युवती को बाहर निकाला तब तक युवती की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश अपने दल बल के साथ पहुंच कर शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया।

## करंट लगने से व्यक्ति की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच प्रखंड अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित खरखार पंचायत के पहाड़पुर होटल मे एक व्यक्ति को करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान प्रदीप यादव उम्र 38 वर्ष पिता गणेश यादव ग्राम खरखार, थाना नवलशाही, प्रखंड डोमचांच निवासी के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक व्यक्ति प्रदीप यादव रोज की तरह शुक्रवार को होटल खोलकर साफ सफाई कर रहा था इसी दौरान करंट लग गया और नीचे गिर गया। जिसके बाद पड़ोस के वेल्डिंग दुकान के संचालक उमेश मेहता किसी काम से प्रदीप यादव का होटल गया जिसके बाद हो हल्ला किया। प्रदीप यादव को सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सदर अस्पताल पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया।

## आइस सिल्ली प्लांट का उद्घाटन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चेडरा पंचायत स्थित ढंगरटोली में मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने आइस सिल्ली प्लांट का उद्घाटन किया। इस संबंध में बताया गया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सपंदा योजना के तहत प्लांट लगाया गया है। इस योजना से लोग जुड़े, यह योजना से जुड़ने से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बेहतर प्रयास है, बेरोजगारी दूर होगी। मांडू विधायक तिवारी महतो ने लोगो को सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न विकास योजनाओं से जुड़कर लाभ लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि आप प्रयास करे मैं हरसंभव मदद करूंगा। आप आगे आये मैं आपके साथ सदैव खड़ा रहूंगा। मौके पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, महादेव देहाती, दीपू अकेला, सावित्री देवी, जोधन प्रसाद, नागी मुखिया कुंवर हंसदा, चेडरा मुखिया निर्मल कुमार, पंकज महतो, रंजीत कुमार गुप्ता, धीरज साव, दिनेश कुमार साव, प्रवीण मंडल, राजकुमार, सुधीर कुमार आदि उपस्थित थे।

# विधायक रोशन लाल चौधरी ने कौशल विकास भवन का किया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बादम में ग्रामीण विकास विभाग डीएमएफटी मद से कौशल विकास केंद्र सह बहुद्देशीय भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काट और नारियल फोड़ कर किया। इससे पहले ढोल नगाड़े के साथ भारी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा विधायक रोशन लाल चौधरी को शिलान्यास स्थल ले जाया गया जहां पर फूल माला से भव्य स्वागत किया गया। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने संवेदक को निर्देश दिया कि भवन के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूरा रखा जाये। निर्भीक हो कर गुणवत्तापूर्ण कार्य करें कहीं किसी तरह की परेशानी होगी तो मैं साथ खड़ा रहूंगा। आगे कहा के मेरे विधायक बनने के बाद ये पहला विकास कार्य बादम पंचायत में हो रहा है आगे भी और कई विकास के कार्य को किया जायेगा। आगे उन्होंने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के एक-एक पंचायत और गांव तक विकास कार्यों को करने के लिए मैं कृत संकल्पित हूं। हमारा एक ही उद्देश्य है बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र को विकास के मामले में झारखंड में अव्वल विधानसभा बनाना। कार्यक्रम के अंत में पुलवामा हमले में शहीद हुए देश के वीर जवानों को एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, उप प्रमुख बचनदेव कुमार, पूर्व प्रमुख टूकेश्वर महतो, कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, राजा खान, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, भागीरथ ठाकुर, किशोर महतो, घनश्याम मेहता, कामेश्वर महतो, दिनेश प्रसाद, मुरलि मेहता, पंकज सिंह, दीपक सिंह, राजकुमार सिंह, उपेंद्र महतो, त्रिवेणी महतो, कैसर अली सहित सैंकड़ों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# प्राण प्रतिष्ठा सह सतचंडी महायज्ञ संपन्न

### भंडारे में सैकड़ों लोगों ने महाप्रसाद किया ग्रहण




आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड के जयनगर पश्चिमी पंचायत अंतर्गत ग्राम पहरीडीह में 12 फरवरी से चल रहे श्री श्री 1008 श्री ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा सह सतचंडी महायज्ञ सांस्कृतिक कार्यक्रम दुगोला और भव्य भंडारा के साथ संपन्न हो गया। गुरुवार को दोपहर में आयोजित भंडारे में सैकड़ों लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। वहीं गुरुवार की रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम दुगोला का आयोजन किया गया। दुगोला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन कथा वाचिका बाल विदुषी प्रभु प्रिया, समाजसेवी सुरेन्द्र प्रसाद मोदी, वीरेन्द कुमार, उप प्रमुख सह यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजनारायण सिंह आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पूर्व जिला परिषद सदस्य पवन सिंह ने कहा कि निश्चित तौर पर आज का कार्यक्रम हमारी पुरानी परंपरा को बचाये रखने में कारगर सिद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि लोग आज गलत रास्ते पर भटक रहे हैं परंतु इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से खासकर युवा पीढ़ियों को पुरानी परंपरा में समेटने का काम करता है। इस दौरान बिहार के कलाकार प्रद्युम्न परदेसी और रोशन राज के बीच शानदार दुगोला का मुकाबला हुआ। दोनों ने एक से बढ़कर एक गीत सुनाए। इस दौरान कलाकार रोशन राज ने तेरी बेवफाई का शिकवा करूं तो ये मेरी मोहब्बत की तौहीन होगी, गीत के तर्ज पर बहुत ही खूबसूरत भजन प्रस्तुत किया और लोगों का दिल जीत लिया। वहीं प्रद्युम्न परदेसी ने भी श्रोताओं को रात भर झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके पूर्व यज्ञ समिति के पदाधिकारियों तथा सदस्यों के साथ-साथ समाजसेवियों को भी यज्ञ समिति के द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इधर यज्ञ में स्थापित देवी देवताओं की प्रतिमा को देर रात गाजे बाजे के साथ अक्तो नदी में विसर्जित किया गया। यज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष राज नारायण सिंह, उपाध्यक्ष सुनील कुमार, सचिव राजकुमार स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र पंडित, महादेव साव, सुनील प्रजापति, जितेन्द्र पंडित, तापेश्वर सिंह, विवेक साव, अनिल सिंह, रामधनी पंडित, राम प्रसाद सिंह (मुन्ना), विक्की सिंह, वासुदेव स्वर्णकार, दिलीप साव, त्रिभुवन पंडित, मुंशी साव सहित पूरे ग्रामवासियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## मरकच्चो में शब-ए-बारात संपन्न



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के विभिन्न मुस्लिम बाहुल क्षेत्रों में गुरुवार को शब ए बरात पर यानी इबादत की रात बड़ी अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। मुसलमानों ने रात भर अल्लाह की बारगाह में दुआ मांगी। रात भर सभी अकीदतमंद मस्जिदों में कुरान की तिलावत, ईबादत व नमाज अदा कर खुदा से अपने गुनाहों की माफी के साथ-साथ देश की उन्नति व अमन चैन की दुआ मांगी। नफिल नमाज तस्वीह और कुरान की तिलावत पूरी रात होती रही। मुसलमानों ने इबादत के साथ कब्रिस्तान पहुंच पूर्वजों के कब्र पर फातिहा पढ़ा और उनके भी मगफिरत की दुआ मांगी पुरुषों ने मस्जिदों में और महिलाओं ने घरों में खैर और बरकत की दुआ मांगी। कब्रिस्तान और मस्जिदों मे साज सज्जा के साथ-साथ विशेष रूप से लाइटिंग की व्यवस्था की गयीथी दोपहर से ही हलवा और अन्य व्यंजन बनाने का सिलसिला सभी घरों में शुरू हो गयी थी। दो दिन लोगों ने रोजा रखा। साथ ही कुराने पाक की तिलावत की। नमाज अदा करने के बाद मस्जिदों में शबे बरात की विशेष नमाज अदा की गयी। वहीं दूसरी ओर अपने पूर्वजों को इसाले शबाब पहुंचाने के मकसद से विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर मस्जिदों में इमाम से फातिहा कराई गयी और गरीबों के बीच बांटी गयी। मस्जिद के इमाम ने बताया कि रहमतों के महीने रमजान से पहले मगफिरत का महीना शाबान आता है। पूरी रात इबादतों का दौर चलता रहा। लोगों ने रो-रोकर अल्लाह-ताला से अपने गुनाहों के लिए माफी मांगी। मुस्लिम महिलाएं घरों में हलवा व तरह-तरह के पकवान बनाने में मशगूल रहीं। शाम होते ही पकवान का फातिहा कराने के बाद पड़ोसी, रिश्तेदार गरीबों व दोस्तों में बांटा गया।

## जन वितरण प्रणाली में धोती-साड़ी का वितरण



**बरही (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अंतर्गत बरसोत और बसरिया पंचायत के जन वितरण प्रणाली के माध्यम से लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया, जहां मुख्य अतिथि के रूप में बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी और बसरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप पंचायत समिति प्रतिनिधि कामेश्वर दास, पंसस प्रतिनिधि सुजीत कुमार और वार्ड सदस्य पहुंचे इन्होंने बारी -बारी से लाभुकों के बीच पोशाक का वितरण किया। मौके पर कूल 150 लाभुकों के बीच धोती साड़ी और लूंगी का वितरण किया गया, मौके पर जन वितरण प्रणाली के रामकिशुन रविदास, समाजसेवी नागेश्वर रजक, लोकेश राणा, नागेश्वर सिंह, रूपन प्रजापति, महेंद्र सिंह, नीतू देवी, आरती देवी, सुमिता देवी, मुंदवा देवी, निरिया देवी, सावित्री देवी, मंजू देवी, रेखा देवी, समरी देवी, अम्बिया देवी, विद्या देवी, रुखसाना परवीन, सकरी देवी सहित सभी लाभुक व ग्रामीण शामिल रहे।

## महाकुंभ स्नान के लिए श्रद्धालु हुए रवाना



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत मरचोई गांव और योगीडीह से तकरीबन आधा दर्जन श्रद्धालु शुक्रवार को प्रयागराज कुंभ स्नान के लिए रवाना हुए। 144 वर्षों के बाद प्रयागराज में लगे महाकुंभ मेले में शामिल होने को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। उक्त सभी श्रद्धालु कुंभ में स्नान के बाद प्रखंड व गांव की खुशहाली व गंगा, यमुना, सरस्वती से आशीर्वाद की याचना करेंगे। गंगा यमुना सरस्वती संगम की मिलन वर्षो वर्षो तक इसी प्रकार चलते रहें। सनातन धर्म की पूरे विश्व में अनुयायी बने। हिन्दू सनातन धर्म को सही रूप से पालन करें और आने वाले पीढ़ी को सनातन धर्म के प्रति जागरूक हो। महाकुंभ के लिए रवाना होने वाले लोगों में सुधीर सिंह, नवलेश पांडेय, भोला पांडेय, कौशल पांडेय, विकास पांडेय, चंदन राउत, बबलू कुमार सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## रविदास महासभा की कमेटी विस्तार 16 को



**बरही (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अंतर्गत करियातपुर पंचायत के ग्राम शिवपुर में आगामी 16 फरवरी दिन रविवार को प्रखंड स्तरीय रविदास महासभा के कमेटी विस्तार हेतु सम्मेलन होना सुनिश्चित हुआ है जिसमें स्थल का निरीक्षण कर लिया गया है, उक्त सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग जिले के रविदास महासभा अध्यक्ष विनोद राम शामिल होंगे, इसके साथ ही बरही विधानसभा अंतर्गत बरही, पदमा, चौपारण, चंदवारा, चौपारण के गणमान्य पदाधिकारी और समाजसेवी, अभिभावक, बुद्धिजीवी, युवक, युवतियां और महिलायें शामिल होंगे, उक्त कार्यक्रम की जानकारी बरही प्रखंड के रविदास महासभा के अध्यक्ष अर्जुन राम ने दिया जिसमें उन्होंने सभी को इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की, कार्यक्रम स्थल निरीक्षण के दौरान रविदास महासभा के सचिव संतोष कुमार दस कोषाध्यक्ष सतीश कुमार दास, मनोज कुमार, बृजेंद्र रविदास, पूरन राम रामकुमार दास, अमरेंद्र राम, सहित सभी गणमान्य शामिल रहे।

## जेएमएम ने चलाया सदस्यता अभियान



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अंबाबाद पंचायत अंतर्गत ग्राम अंगार में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सदस्यता जोड़ो अभियान चलाया। मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक मंडली के सदस्य और पूर्व जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नौशाद आलम उपस्थित थे। नौशाद आलम ने कहा कि यह अभियान आगे भी चलता रहेगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा की नीति को देखते हुए विभिन्न दलों को छोड़ कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। मौके पर उपस्थित अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड उपाध्यक्ष तोहिद आलम, कुदूश अंसारी, आफताब आलम, ताहिर हुसैन, कलीम हुसैन, शबनम परवीन, शाहजहां खातून और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हजारीबाग-कोडरमा की खबरें पेज 08 पर भी देखें

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी फार्मेसी और माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा ड्रग डिजाइनिंग विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव (प्रो)डॉ निर्मल कुमार मंडल ने बच्चों का प्रोत्साहन बढ़ाते हुए कहा कि यह कार्यशाला आपके भविष्य को उज्जवल बनाने में मददगार साबित होगा। मुख्य वक्ता एसएचआरएम बायोटेक्नोलॉजिस्ट प्राइवेट लिमिटेड वेस्ट बंगाल से आए रिसर्च कॉर्डिनेटर मिस श्रेसही घोष और मिस्टर रूपक राय थे। उन्होंने कार्यशाला के प्रथम दिन बच्चों को कंप्यूटेशनल टूल्स ऑटो डॉक और पैमोल का यूज करके ड्रग डिजाइन के बारे मे प्रशिक्षण दिये। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने कार्यशाला की सफलता की हार्दिक शुभकामनाएं दी। सचिव प्रियंका कुमारी ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन उमा कुमारी ने की। मौके पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, वित्त और लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, डॉ प्रतिभा गुप्ता, साईं प्रकाश, डॉ पूजा कुमारी जायसवाल और छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

## फैक्ट्री में अवैध रूप से प्रवेश करने और कब्जा करने के प्रयास का आरोप

**गोला (आजाद सिपाही)।** राज कुमार चौधरी, मेसर्स मां अंबे कास्टिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक ने कुछ असामाजिक तत्वों पर अवैध रूप से प्रवेश करने और यश अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड के नाम और शैली के तहत प्लांट/फैक्ट्री में हमारे संपत्ति पर कब्जा करने का प्रयास का आरोप लगाते हुए गोला थाना में आवेदन दिया है। जिसमें कहा है कि लिमिटेड गोला, कुसुमडीह, रामगढ़ में प्लॉट नंबर 123, 125, 127 खाता नंबर 2,4,68 पर स्थित है, जो अप्रैल, 2021 से हमारी कंपनी के वैध और शांतिपूर्ण कब्जे में है। 13 .02 .2025 को लगभग 9 बजे, फैक्ट्री/प्लांट के मुख्य द्वार पर एक गंभीर और गैरकानूनी घटना हुई। 20-30 अज्ञात व्यक्तियों का एक बड़ा समूह परिसर के बाहर इकट्ठा हुआ। जिससे एक खतरनाक और अस्थिर स्थिति पैदा हो गयी। ये लोग आक्रामक व्यवहार करते हुए चिल्लाने लगे और हिंसक उपद्रव करने लगे। उन्होंने परिसर में जबरन घुसने का प्रयास किया। जिससे अंदर मौजूद सुरक्षाकर्मियों और श्रमिकों को डराया-धमकाया गया। बदमाशों ने डर पैदा करने के लिए कुछ लोग अभी भी कारखाने के बाहर एकत्र हैं और उन्होंने ट्रैक्टर और जे एच 10 सीडी 9813 के रूप में पंजीकृत एक चार पहिया वाहन का उपयोग करके कारखाने के गेट को अवरुद्ध कर दिया है।

## एसी पंप मरम्मत प्रशिक्षण का समापन




**पतरातू (आजाद सिपाही)।** रांची के टूल रूम में पीवीयूएन द्वारा प्रायोजित एसी और वाटर पंप मरम्मत और रखरखाव प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन संपन्न हुआ। दो महीने के प्रशिक्षण में स्थानीय गांवों के 30 युवाओं ने भाग लिया। समारोह में सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। जिससे उन्हें स्वरोजगार के साथ-साथ बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना और उनके आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। इस मौके पर पीवीयूएन के एचओएचआर जियाउर रहमान ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें अपने सीखे हुए कौशल का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

## दुकानदारों ने ट्रांसपोर्टिंग कराया बंद



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** कोल वाहनों के निरंतर परिचालन और कोयले और राख की ढुलाई से उड़ते धूलकण से परेशान चतरा जिले के टंडवा प्रखंड क्षेत्र के धनगड्डा गांव के ग्रामीण और दुकानदारों का गुस्सा फूटा है। कोयल और राख के उड़ते धूलकण से परेशान दुकानदारों और ग्रामीणों ने कोयले के ट्रांस्पोर्टिंग में लगे वाहनों को रोककर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। ट्रांसपोर्टिंग कार्य को ठप करा रहे ग्रामीण और दुकानदारों का कहना है कोयले और राख की ढुलाई में लगे वाहनों से उड़ने वाले धूलकण से हम सभी ग्रामीण और दुकानदार काफी परेशान है। कोयले और राख की ढुलाई में लगे वाहनों से उड़ने वाला धूलकण घरों और दुकानों से लेकर लोगों की सांसो को प्रभावित कर रहा है। जिससे हम सभी परेशान होकर ट्रांसपोर्टिंग के कार्य को बंद कराया है। ट्रांसपोर्टिंग कार्य बंद कर रहे ग्रामीण और दुकानदारों ने प्रखंड और जिला प्रशासन पर भी उड़ते धूलकण और प्रदुषण को लेकर उपेक्षा बरतने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जब तक हमारी मांगो को सुना नहीं जायेगा तब तक हम सभी ट्रांसपोर्टिंग के कार्य को प्रभावित रखेंगे। वहीं मामले को लेकर धनगड्डा पंचायत के मुखिया अरविंद सिंह ने सड़क की नियमित साफ सफाई और पानी की छिड़काव करने की मांग किया है।

## घर के सामने खड़ी बाइक की चोरी

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कुब्बा गांव निवासी प्रमोद कुमार की मोटरसाइकिल गुरुवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी। पीड़ित प्रमोद कुमार ने स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर पूलिस को बताया कि वह राज मिस्त्री का काम कर घर लौटा था, और वह अपनी घर के सामने खड़ी कर रात को घर में सोने चला गया था। सुबह उठा तो देखा कि घर के सामने बाइक नहीं है। काफी खोजबीन करने के बाद भी कोई आता पता नहीं चला। उक्त बाइक का नंबर बीआरजीरो -टू पी /5153 स्प्लेंडर प्रो है। यह मोटरसाइकिल उरैली गांव निवासी सरयू यादव से एक साल पूर्व नवंबर माह में खरीदी थी। जिसका अपने नाम से रजिस्ट्रेशन ट्रांसफर भी नहीं करवाया है ।

### चुटूपालू घाटी में सीमेंट लगा एलपी ट्रक पलटा

# चालक और खलासी की मौत

**डीसी के निर्देशों का नहीं हो रहा है पालन, दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रांची-पटना मुख्य मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर के चुटूपालु घाटी में शुक्रवार को सड़क हादसे में चालक और खलासी की मौत हो गयी। रांची से हजारीबाग की ओर से आ रहे सीमेंट लदा एलपी ट्रक सीजी 04एमएस 4977 का अचानक घाटी में अनियंत्रित हो गयी और घाटी के गढ़के मोड़ के पास आकर पलट गयी। इस घटना में ट्रक के मलबे में चालक और खलासी बुरी तरह दब गये। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने क्रेन के माध्यम से किसी तरह निकलवा कर दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिला अंतर्गत अहिवारा, नंदनी नगर निवासी ट्रक मालिक सह चालक अजय कुमार जैन और खलासी रायपुर जिला अंतर्गत सरधू गांव निवासी प्रकाश वर्मा शामिल हैं। पुलिस ने घटना से संबंधित जानकारी दोनों मृतकों के परिवार वालों को दी।



### कब तक डीसी के आदेशों की धज्जियां उड़ायेंगे एनएचएआइ अधिकारी

चुटूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कब तक एनएचएआइ के अधिकारी नजर अंदाज करेंगे। डीसी चंदन कुमार ने भी कई बार एनएचएआइ के अधिकारियों को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में घाटी में हो रही दुर्घटनाओं पर सकारात्मक पहल करने का निर्देश देते हैं। लेकिन यह निर्देश सिर्फ बैठक तक ही सीमित रह जाती है। अगर डीसी निर्देश देने के अलावा एनएचएआइ के अधिकारियों पर कड़े एक्शन लेते है तो निश्चित ही कुछ पहल हो सकता है।

### निर्देशों के बावजूद घाटी में नहीं जली लाइट

चुटूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोक थाम को लेकर डीसी हर बार सड़क सुरक्षा की बैठक कर एनएचएआइ के अधिकारियों को कई निर्देश देते है। इससे पूर्व 10 फरवरी को डीसी ने चुटूपालु घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए घाटी में लगायी गयी लाइट को नियमित रूप से कार्य करने को लेकर निर्देश दिये थे। साथ ही दुर्घटनाओं को रोकथाम को लेकर साइन बोर्ड जल्द से जल्द लगाने का भी निर्देश दिए थे। बावजूद इस और एनएचएआई द्वारा सकारात्मक पहल नहीं करने पर दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है।

# कुजू में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** क्षेत्र के नया बाजार टांड़ कुजू निवासी कुणाल सिंह उर्फ छोटू (31वर्ष) पिता रामपुकार सिंह ने बीती रात अपने आवास में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना पाकर पहुंची कुजू पुलिस शव ने शव का पंचनामा कर कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल, रामगढ़ भेज दिया। बताया जाता है कि गुरुवार की रात करीब आठ बजे कुणाल सिंह की मां भोजन लेकर जब कुणाल के कमरे की ओर गयी, तो कमरे का दरवाजा बंद पाया। काफी आवाज लगाने के बाद देर तक कोई जबाब नहीं मिलने पर इसकी जानकारी अपने पति रामकुमार सिंह को दी। रामपुकार सिंह व अन्य पड़ोसियों ने काफी जद्दोजहद के बाद जब दरवाजा खोला तो देखा कि कुणाल सिंह पंखे के सहारे गले में फांसी लगाकर झूल रहा है। उसे नीचे उतार कर आनन-फानन में स्थानीय नर्सिंग होम में ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, कुणाल सिंह की पत्नी अपने तीन माह के बच्चे के साथ अपने मायके रांची में थी। अपने संबंधी से पूर्व में लिए गये पैसे की देनदारी को लेकर वह पिछले एक सप्ताह से तनाव में था। संभावना व्यक्त की जा रही है कि मानसिक रूप से तनाव में आकर उसने खुदकुशी कर ली। शव का अंतिम संस्कार रामगढ़ दामोदर नदी तट पर शुक्रवार को कर दिया गया।

### तेज रफ्तार बाइक खड़ी ट्रक से टकरायी, युवक की मौत

चतरा(आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र में चतरा-बगरा मार्ग पर चंदर गैरेज के पास बुधवार की देर रात एक तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़ी ट्रक में जोरदार टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी शंभु पांडेय का 42 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार पांडेय के रूप में हुई है। घटना रात्रि करीब 10:40 बजे के आसपास की है। इधर हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी सदर थाना पुलिस को दी। थाना प्रभारी विपिन कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जबकि दुर्घटनाग्रस्त बाइक को थाना ले आई। जानकारी के अनुसार युवक निजी काम से बगरा गया हुआ था। देर रात बाइक से अपने घर देवरिया लौट रहा था। चंदर गैरेज के पास विपरीत दिशा से आ रही वाहन की लाइट से चकमा खा गया और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इधर घटना से पूरा गांव मर्माहत है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

### बिहिया में निर्माणाधीन मंदिर में प्रतिमा तोड़फोड़ से तनाव

# आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर किया प्रदर्शन

**थाने में आवेदन देकर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/चतरा।** प्रखंड क्षेत्र के डाहा पंचायत के बिहिया गांव के एक निर्माणाधीन मंदिर में तोड़फोड़ की घटना के बाद तनाव का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने इसको लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ असामाजिक लोगों ने निर्माणाधीन मंदिर में तोड़फोड़ किया और साथ ही मंदिर के निकट 11 ध्वजा को भी उखाड़ दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने मंदिर के निकट जमकर प्रदर्शन और नारेबाजी करते हुए स्थानीय प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**आखिर क्या है पूरा मामला**

हंटरगंज थाना क्षेत्र के बिहिया और भोजपुर गांव के सीमांत पर छठ घाट तालाब के समीप हिन्दू धर्म के ग्रामीणों द्वारा भगवान कृष्ण की प्रतिमा स्थापित की गयी है, जहां लोग सैकड़ों वर्षों से पूजा पाठ करते आ रहे हैं। जिसे कुछ असामाजिक लोगों द्वारा कृष्ण प्रतिमा को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर मंदिर के समीप 11 झंडो को उखाड़ कर फेक दिया। जब लोगों ने देखा कि निर्माणधीन मंदिर को नुकसान पहुंचाया गया है, तो वे गुस्से में आ गये और मंदिर के समीप जमकर प्रदर्शन किया। इसके पश्चात सैकड़ों ग्रामीण थाना में आवेदन देकर कार्रवाई कि मांग की है। वहीं इस संबंध में इसी गांव के शंकर यादव पिता- विशु यादव का कहना है कि निर्माणाधीन मंदिर की भूमि विवादित है। जिसका मामला 28/12/2021 से न्यायलय में लंबित है। भूमि का सारा कागजात शंकर यादव के पास है। पूर्व में ग्रामीणों द्वारा फसल को नष्ट भी कर दिया गया। क्षेत्र के ग्रामीण दो पक्ष में बंट गये हैं और दोनों पक्षों के बीच तनाव व्याप्त है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



# अधिकारियों ने किया रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का निरीक्षण

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बच्चों अनुशासन का पाठ पढ़ायें : ब्रह्मा राव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर रामगढ़ में विद्या भारती के उच्च अधिकारियों द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्य में मुख्य रूप से राष्ट्रीय मंत्री ब्रह्मा राव, विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव नकुल प्रसाद शर्मा, गुमला विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार शामिल थे। निरीक्षण के दौरान शिक्षण व्यवस्था, छात्र छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति, सुविधाओं और अनुशासन की स्थिति का गहन अवलोकन किया गया। विद्या भारती द्वारा आयोजित प्रांतीय प्रतिभा चयन, प्रतिभा खोज, सुलेख और चित्रकला जैसी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**विद्यालय निरीक्षण के बाद बैठक आयोजित :** निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने विद्यालय के प्रधानाचार्य, आचार्य, प्रबंधन समिति, पूर्व छात्र परिषद, विद्वत परिषद के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में शिक्षण पद्धति, परीक्षा परिणामों में सुधार, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं के उन्नयन पर चर्चा की गयी। अधिकारियों ने आचार्यों को प्रोत्साहित करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु आवश्यक सुझाव दिये और विद्यालय की प्रगति के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की और कुछ आवश्यक सुधारों हेतु निर्देश दिये। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक महेश अग्रवाल, अध्यक्ष सुरेश बगड़िया, सचिव शंकर लाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल और सदस्य श्याम सुंदर परशुरामपुरिया उपस्थित थे।






**भारतीय रेल**
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/Track-III/MC/5 नई दिल्ली, दिनांक : 14.02.2025

**शुद्धिपत्र -XVII**

विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 11.03.2025 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303।

तकनीकी विशिष्टताओं से संबंधित शुद्धिपत्र वेबसाइट http://ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। निविदा के अन्य सभी नियम व शर्ते अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष नं. 011–47845531
ई मेल: vijay.singh.2017@gov.in

518/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## सांढ़ पंचायत पैक्स चुनाव में अध्यक्ष बने करन कुमार रंजन, लोगों ने दी बधाई



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सांढ़ पंचायत भवन में पैक्स चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में थे। जिसमें तत्कालीन पैक्स अध्यक्ष तापेश्वर कुमार के पुत्र करण कुमार रंजन ने अपने प्रतिद्वंदी कार्तिक महतो को 89 मत से पराजित किया। इस पैक्स चुनाव में तपेश्वर कुमार 2 बार पैक्स अध्यक्ष में थे।तीसरी बार अपने पुत्र करण कुमार रंजन को विजय बनाएं, इस तरह कब्जा बरकरार है। इस पैक्स में कुल 466 मतदाताओं में 384 मतदाता मत का प्रयोग किया। जिसमें करण कुमार रंजन को 215 मत, कार्तिक महतो को 126 मत और धर्मेंद्र प्रसाद को मात्र 38 मत प्राप्त हुआ। इस तरह से करण कुमार रंजन 89 मत से विजय हुए। जिसमें 5 मत रद्द हुआ। मतदान कराने में निर्वाचन पदाधिकारी बीसीओ भूपनाथ महतो, राजेश कुमार थे। इस चुनाव में परिणाम आने पर करण कुमार रंजन को बधाई दिया। देने वालों में मुखिया सुलेखा कुमारी,पंसस उपेंद्र प्रसाद, पूर्व मुखिया भीखन महतो, अजीत कुमार, देवेंद्र कुमार, धनंजय कुमार, वीरेंद्र कुमार दांगी, वार्ड सदस्य टेकलाल कुमार, अशोक कुमार रवि, प्रकाश रंजन, गिरेन्द्र प्रसाद, अवधेश कुमार, संजय कुमार सहित अन्य लोगों ने बधाई दिया।

## चोरी मामले में तीन वारंटी गये जेल



**दारु/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दारु पुलिस ने वर्ष 2020 मे बीडीओ आवास के मामले मे तीन चोरी के आरोपी और फरार वारंटी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। आरोपी जीतेंद्र कुमार पिता स्वर्गीय रूपलाल यादव, दीपक कुमार पिता दसरथ यादव, रविन्द्र रविदास उर्फ बड़का बाबू सभी हरली निवासी रहने वाले है। इस मामले मे तीनो पहले ही जेल जा चुके थे और जमानत पर बाहर थे। कोर्ट मे सुनवाई के दौरान लगातार गैरहाजिर होने के कारण इनके खिलाफ कोर्ट ने वारंट जारी किया था।

## मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की हुई बैठक

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जिला कमेटी सदस्य धनेश्वर महतो ने किया। बैठक में जिला सचिव राजेन्द्र प्रसाद चंदेल ने गत बैठक की समीक्षा और भावी कार्यक्रम पर रिपोर्ट पेश किया। जिस पर जिला कमेटी के सदस्यों ने भी सहमति जतायी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि बजट के लिए वैकल्पिक प्रस्तावों को लेकर वामदलों के आह्वान पर आगामी 20 फरवरी तक माकपा एक सप्ताह का व्यापक जन अभियान चलाएगी। सीपीएम राज्य कमेटी से रामगढ़ जिला के प्रभारी पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 लोगों की तात्कालिक और बुनियादी आवश्यकताओं के साथ विश्वासघात है। लोगों के हाथों में क्रय शक्ति की कमी, बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और घटती मजदूरी के कारण अर्थव्यवस्था में मांग की समस्या को दूर करने के बजाय मोदी सरकार ने खर्चों में कटौती के बावजूद अमीरों को रियायतें देकर अर्थव्यवस्था को चौपट करने की कोशिश की है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-सोलर-07-25, दिनांक: 13.02.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-सोलर-07-25, दिनांक: 13.02.2025 के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं जिसे **दिनांक 07.03.2025 को अपराह्न 4.00 बजे या उसके बाद** खोला जाना निर्धारित है। **संक्षिप्त विवरण/कार्य का नाम:** रांची मंडल में सौर ऊर्जा संयंत्र की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं शुरुआत। **निविदा मूल्य:** ₹ 12,66,60,519.46। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 7,83,300। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 07.03.2025 को अपराह्न 4.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** https://www.ireps.gov.in। निविदा का विवरण वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय निविदादाता को निविदा दस्तावेज के साथ सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे।
(PR-1137)

**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना सं एस. जी. 664-30-संकेत-2024-25**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **(1) कार्य का नाम:** धनबाद मंडल में क्योसन मेक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के रखरखाव टर्मिनल कंसोल (एमटीसी)/नेटवर्क प्रबंधन प्रणाली का प्रावधान हेतु। **(2) कार्य का आकलित मूल्य:** ₹ 1,87,584,72.52 (लगभग) **(3) कार्य का अग्रधन राशि:** ₹ 2,43,800.00 **(4) निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 07.03.2025 (12:30 बजे) (5) ऐसी ई: निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्ताबेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। द्रष्टव्य:- प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करे।

**वरीय मण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
पीआर/02114/डीएचएन/एसएण्डटी/टी/24-25/36

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**बैच संख्या: 03/2025**

आईआरईपीएस-www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल "पार्टिसिपेशन इन थ्रू" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई-निविदा सूचना। निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा बंद करने का समय 14:00 बजे है: **(1) निविदा सं.:** 30255001, **सामग्री का संक्षिप्त विवरण:** आईजबीटी पावर मोडुल्स 15ए-15ए9 (9 मोडुल/01 एसआर) ऑफ बीएचईएल मेक आईजबीटी पावर कनभर्टर, बीएचईएल मेटेरियल डिसकृपसन:- एमडीएल पीडब्लूआर 68817 डब्लूसी 1 एए-आईजबीटी मोडुल। **मात्रा:** 12 नम्बर, **निविदा जारी करने की तिथि एवं समय:** 05 फरवरी 2025, 15:26 बजे। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 05 मार्च 2025, 11:30 बजे। **(2) निविदा सं.:** 30255002, **सामग्री का संक्षिप्त विवरण:** सप्लाइ ऐन्ड रेट्रो फिटमेंट ऑफ रूफ माउन्टेड एयर कंडिशनिंग सिस्टम विदाउट ट्रो टू स्पेसिफिकेसन नंबर.आरडीएस ओ/2007/ईएल/एसपीईसी/0055 आरईवी.02 और लेटेस्ट। **मात्रा:** 63 नम्बर, **निविदा जारी करने की तिथि एवं समय:** 05 फरवरी 2025, 15:29 बजे। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 05 मार्च 2025, 14:00 बजे। **(3) निविदा सं.:** 30245325, **सामग्री का संक्षिप्त विवरण:** सेट ऑफ कनैक्टर फॉर पैनल एंड नॉन पैनल फॉर डबल्यू ए जी -9 टु सी एल डबल्यू ड्रॉइंग/स्पेक.नंबर.सी एल डब्लू /ई एस/3/0124/ओ और लेटैस्ट (सेट डिटेल्स ऐस पर अनेक्सचर)। **मात्रा:** 06 सेट्स, **निविदा जारी करने की तिथि एवं समय:** 06 फरवरी 2025, 12:06 बजे। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 05 मार्च 2025, 14:00 बजे। प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आईआरईपीएस- www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑन-लाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है।

**सहायक सामग्री प्रबंधक, पूमरे, गोमो**
पीआर/02106/डीएचएन/स्टोर/टी/24-25/44

# मुकदमों का बोझ घटेगा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को नया इनकम टैक्स बिल लोकसभा में पेश कर दिया। पिछले दिनों बजट पेश करते हुए भी उन्होंने इसका जिक्र किया था, तभी से निगाहें इस बात पर टिकी थीं कि प्रस्तावित बिल के जरिए किस तरह के बदलाव लाये जाने वाले हैं। इस लिहाज से यह राहत की बात कही जा सकती है कि यह बिल इनकम टैक्स प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है।

**जरूरी बदलाव :** असल में 1961 में जब यह कानून लाया गया था, तब से न केवल इकॉनमी बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। बदलती जरूरत के मुताबिक इस कानून में नये-नये संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गयी। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी, बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या की गुंजाइश भी बनाये रखती थी।

**टैक्स विवादों का बोझ :** परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खास कर पिछले करीब डेढ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गयी कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गयी, जिसका करीब 87% हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है।

**नौबत ऐसी आ गयी कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गयी, जिसका करीब 87% हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। इस रकम की विशालता का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि ताजा बजट में मध्यमवर्ग को मिली आयकर छूट भी 1 लाख करोड़ रुपये ही बैठती है।**

इस रकम की विशालता का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि ताजा बजट में मध्यमवर्ग को मिली आयकर छूट भी 1 लाख करोड़ रुपये ही बैठती है।

**जीत का रेकॉर्ड खराब :** दिलचस्प है कि आयकर विभाग को इन विवादों से कोई फायदा भी नहीं होता, क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5% मामलों में ही जीत मिली थी। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट देशों का औसत इस मामले में 65% है।

**पारदर्शिता और सरलता :** ऐसे में चाहे असेसमेंट ईयर के बदले टैक्स ईयर जैसी शब्दावली तय करने की बात हो या सैलरी डिडक्शन से जुड़े तमाम प्रावधानों को एक सेक्शन में रखने की या खेती से जुड़ी आमदनी संबंधी प्रावधानों पर स्पष्टता लाने की, प्रस्तावित बिल सही ढंग से अमल में आये, तो यह देश की टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नये दौर की शुरुआत कर सकता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत टेक्स 2025 अत्याधुनिक तकनीकों, व्यावसायिक अवसरों और रणनीतिक साझेदारियों को सामने लाने के लिए तैयार है। यह दुनिया भर के हितधारकों के लिए एक समन्वय केंद्र के रूप में काम करेगा। भारत और विदेश के निमार्ता, निर्यातक, डिजाइनर और नीति निमार्ता विचारों का आदान-प्रदान करने और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक साथ मिलकर कार्य करेंगे। पारंपरिक हथकरघा से लेकर उन्नत तकनीकी वस्त्रों तक भारत की विविध वस्त्र पेशकशों को प्रदर्शित करने के लिए यह सबसे उपयुक्त मंच होगा।**

# भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच

**मिथिलेश्वर ठाकुर**

भारतीय कपड़ा उद्योग हमेशा से देश की अर्थव्यवस्था, परंपरा, संस्कृति और विरासत की आधारशिला रहा है। यह कृषि के बाद सबसे ज्यादा रोजगार सृजन करने वाले क्षेत्रों में से एक है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद और निर्यात में इसका महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में विशेष तौर पर वैश्विक बाजार में कई कारणों से इसने अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं किया। खासतौर पर भारतीय परिधान उद्योग, जो कपड़ा मूल्य श्रृंखला का सबसे महत्वपूर्ण घटक है, ने अनुभव किया कि वह महत्वपूर्ण बाजारों में टैरिफ लाभ लेने वाले कुछ कम विकसित और अल्प-विकसित देशों के समक्ष लागत प्रतिस्पर्धा की दौड़ में पिछड़ गया और इस तरह अपनी वास्तविक क्षमता के अनुरूप प्रगति नहीं कर पाया।

इस बात को ध्यान में रखते हुए वैश्विक आयात पैटर्न के साथ उत्पाद की पेशकश को फिर से जोड़ने के लिए संपूर्ण पुनर्गठन और शीघ्र क्षमता वृद्धि की आवश्यकता थी। सरकार की पीएलआइ और पीएममित्र पहलों द्वारा इसका काफी हद तक समाधान निकाला गया। आत्मविश्वास से परिपूर्ण उभरता भारत अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ने और पूरी ताकत झोंकने के लिए तैयार था। इसी दृष्टिकोण ने 2024 में भारत टेक्स के विचार को जन्म दिया। बहुत ही कम समय में भारत टेक्स एक परिवर्तनकारी मंच के रूप में सामने आया और वह नवाचार, सहयोग तथा वैश्विक पहुंच को बढ़ावा दे रहा है। इस प्रमुख आयोजन का दूसरा संस्करण भारत टेक्स 2025 इस विरासत को जारी रखने और भारत के कपड़ा क्षेत्र को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है। फरवरी 2024 में आयोजित पहले भारत टेक्स की शानदार सफलता के साथ आगामी संस्करण अधिक व्यापक, बेहतर और ज्यादा प्रभावशाली होने का वादा करता है। आइए, जानें कि भारत टेक्स 2025 भारत के कपड़ा उद्योग के लिए कितना महत्वपूर्ण है।

**भारत टेक्स 2025 अत्याधुनिक तकनीकों, व्यावसायिक अवसरों और रणनीतिक साझेदारियों को सामने लाने के लिए तैयार है।**



**भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और खुदरा विक्रेताओं से जुड़ने के लिए एक अद्वितीय मंच प्रदान करेगा। समर्पित बी2बी मैचमेकिंग सत्र और निर्यात-केंद्रित सेमिनार निर्यातकों को अपने उत्पादों को वैश्विक दर्शकों के सामने प्रदर्शित करने, गैर-पारंपरिक बाजारों के लिए दरवाजे खोलने और वर्तमान बाजारों का विस्तार करने में सक्षम बनायेंगे।**

भारत टेक्स 2025 अत्याधुनिक तकनीकों, व्यावसायिक अवसरों और रणनीतिक साझेदारियों को सामने लाने के लिए तैयार है। यह दुनिया भर के हितधारकों के लिए एक समन्वय केंद्र के रूप में काम करेगा। भारत और विदेश के निमार्ता, निर्यातक, डिजाइनर और नीति निमार्ता विचारों का आदान-प्रदान करने और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक साथ मिलकर कार्य करेंगे। पारंपरिक हथकरघा से लेकर उन्नत तकनीकी वस्त्रों तक भारत की विविध वस्त्र पेशकशों को प्रदर्शित करने के लिए यह सबसे उपयुक्त मंच होगा।

उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों की उपस्थिति वैश्विक कपड़ा बाजार में एक विश्वसनीय, स्थिर और भरोसेमंद भागीदार के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत करेगी। इस आयोजन के दौरान किये गये समझौता ज्ञापन और रणनीतिक साझेदारी इस क्षेत्र में विदेशी निवेश, संयुक्त उपक्रम और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगी।

स्थायित्व, वैश्विक कपड़ा उद्योग में एक केंद्रीय विषय बन चुका है और भारत टेक्स 2025 पर्यावरण के अनुकूल कार्य प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कस्तूरी कॉटन ब्रांड घरेलू जैविक कपास को बढ़ावा दे रहा है और यह भारत की दीर्घकालिक फाइबर खोज में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा अपने पूरे वैभव और उत्साह के साथ इसको प्रदर्शित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में जैविक कपड़े, पुनर्चक्रित सामग्री और ऊर्जा-कुशल उत्पादन तकनीकों सहित स्थायी नवाचारों को भी प्रदर्शित किया जायेगा। भारत टेक्स में हरित और भारत की डीकार्बोनाइजेशन एवं शुद्ध शून्य उत्सर्जन पर राष्ट्रीय रणनीति निकटता से जुड़ी हुई है। जैसे-जैसे भारत उन्नत और आवश्यक वस्त्रों में अपने नेतृत्व को आगे बढ़ा रहा है, सतत मंडप व्यवसायों को उनके संचालन और आपूर्ति श्रृंखलाओं में निरंतरता को एकीकृत करने के लिए एक प्रारूप प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान ज्ञान सत्र नीति समर्थन के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेंगे, जो उद्योग प्रमुखों और नीति निमार्ताओं को महत्वपूर्ण मुद्दों और विचारों पर चर्चा करने के लिए एक साथ लायेंगे। इस दौरान वैश्विक अनुपालन की उभरती जटिल वास्तुकला और लक्षित मार्ग दिखाने के तरीकों और साधनों पर भी विचार-विमर्श होगा।

इन चर्चाओं के मुख्य निष्कर्ष भविष्य की नीति रूपरेखाओं को प्रभावित करेंगे, जिससे लंबे समय में कपड़ा उद्योग को लाभ होगा। भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा निर्माताओं को न केवल नवीनतम वैश्विक रुझानों से अवगत होने के लिए प्रोत्साहित करेगा, बल्कि उन्हें दूसरों से आगे रहने में भी सहायता प्रदान करेगा।

जैसे-जैसे कपड़ा उद्योग 4.0 को अपना रहा है, भारत टेक्स अत्याधुनिक मशीनरी, स्मार्ट विनिर्माण समाधान और डिजिटल उपकरणों के प्रदर्शन के माध्यम से वस्त्रों के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी की भूमिका को उजागर करेगा। फैशन पूवार्नुमान के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के लिए ब्लॉकचेन तकनीक के अलावा अन्य मुख्य आकर्षण होंगे।

भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और खुदरा विक्रेताओं से जुड़ने के लिए एक अद्वितीय मंच प्रदान करेगा। समर्पित बी2बी मैचमेकिंग सत्र और निर्यात-केंद्रित सेमिनार निर्यातकों को अपने उत्पादों को वैश्विक दर्शकों के सामने प्रदर्शित करने, गैर-पारंपरिक बाजारों के लिए दरवाजे खोलने और वर्तमान बाजारों का विस्तार करने में सक्षम बनायेंगे। भारत टेक्स 2025 सबसे उपयुक्त रूप से मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड और वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल के विचार को आत्मसात करते हुए आत्मनिर्भर भारत की सच्ची भावना को प्रदर्शित करता है।

भविष्य में भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के प्रति आशान्वित है, इसलिए कपड़ा क्षेत्र इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। भारत टेक्स 2025, अपने व्यापक एजेंडे और दृष्टिकोण के साथ, इस परिवर्तन का उत्प्रेरक साक्षी बनने और भारत को एक वैश्विक कपड़ा महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए तैयार है।

**(लेखक : परिधान निर्यात संवर्धन परिषद के महासचिव हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# एक महीने में चोर गिरोह के 10 सदस्य गिरफ्तार, चोरी की 22 बाइक बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के विभिन्न थाना क्षेत्र में बीते एक माह से बाइक चोरी करने वाले गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर सिटी एसपी कुमार शिवाशीष के द्वारा गठित पुलिस टीम ने एक माह में कारवाई करते हुए अब तक गिरोह के 10 सदस्यों और चोरी के 22 मोटरसाइकिल को बरामद करने में सफलता हासिल की। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया बीते एक माह से शहर के अलग अलग क्षेत्र में होरही मोटरसाइकिल चोरी पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। विभिन्न क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी के मामले में सभी थाना प्रभारी को कारवाई के लिए सख्त निर्देश दी गई है। बिरसानगर पुलिस ने पूर्व में चोरी के मामले में जेल गए सौरभ झींगन उर्फ जिंदल,विकी कर्मकार उर्फ भोलू,बमार्माइंस से धीरज पाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर चोरी के छह बाइक बरामद की थी। गिरफ्तार तीनो अपराधी पूर्व में चोरी और आर्म्स एक्ट में जेल जा चुके है।आरोपियों ने चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। उसके बाद पुलिस ने साकची, मानगो और सितारामडेरा थाना क्षेत्र से चोरी के बाइक भी बरामद की है। उन्होंने कहा बीते दिनों सिदगोड़ा थाना क्षेत्र से चोरी हुई 6 मोटरसाइकिल में तीन बरामत कर ली गयी है। अन्य की अनुसंधान जारी है। घटना को अंजाम देने वाले गिरोह की पहचान कर ली गयी है। जल्द ही चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपियों को गिरफ्तार की जायेगी। सिटी एसपी ने कहा इसके आलावे सभी थाना प्रभारियों को चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सख्त निर्देश दी गयी है।

# बारेगोडा देशउली ग्राम में मागे पर्व का आयोजन



**दियूरी मनकी हेंब्रम ने की पूजा-अर्चना**

**सैकड़ों ग्रामीणों के बीच खिचड़ी का वितरण**

**आजाद सिपाही संवाददात**

**जमशेदपुर।** परसुडीह के बारेगोडा देशउली ग्राम में सृष्टि के महा पर्व मागे देसाउली का आयोजन किया गया। मौके पर दियूरी (पुजारी) मनकी हेंब्रम के द्वारा पूजा अर्चना की गयी। शुक्रवार को आयोजित मागे देसाउली में आसपास क्षेत्र से भारी संख्या में ग्रामीण उपस्तित हुए। पूजा-अर्चना के पश्चात सभी के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया। सभी ग्रामीणों ने दियूरी को दमा दुमंग के साथ घर तक पहुंचाया। मौके पर ग्राम के हातु मुंडा, बुधराम हेंब्रम, संपूर्ण सवैया, मोसो सोय,लखीचरण, हेंब्रम, कन्हाई हेंब्रम, चैतन्य पूर्ति, सोनाराम अल्डा, ग्रामीण मुंडा छोलगोडा, विजय गगराई, राजू सोय, पोनाई सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

# सिदगोड़ा में अनियंत्रित होकर ऑटो पलटा, छह लोग घायल

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना अंतर्गत पेट्रोल पंप के समीप ऑटो के अनियंत्रित होकर पलटने से उसमें सवार 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल लाया गया। जहां एक की स्थिति चिंताजनक बतायी जा रही है। घायलों में कंचन बाग, राज नामता, सोहन, मंगल सिंह, रुपेश और शंकर शामिल हैं। बताया जा रहा है कि सभी मोहरदा से कम कर वापस लौट रहे थे इसी दौरान पेट्रोल पंप के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें सभी घायल हो गये हैं। फिलहाल सभी घायलों का इलाज एमजीएम अस्पताल में चल रहा है।

# चिराग पासवान ने भाजयुमो मंत्री प्रकाश दुबे के जन्मदिन पर दी बधाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर के चर्चित बिस्टुपुर नॉर्दर्न टाउन निवासी प्रकाश दुबे के जन्मदिन पर बढाईओ का तांता लगी रही। प्रकाश दुबे के जन्मदिन पर लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बधाई संदेश भेजा। वहीं भोजपुरी गायको में खेसारी लाल यादव, टुनटुन यादव, अरविन्द अकेला सहित अन्य कलाकारों ने भी श्री दूबे को वीडियो के माध्यम से जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है श्री दूबे जमशेदपुर महानगर के जिला भाजयुमो के मंत्री भी हैं।

# विधायक सरयू राय ने दो दिन से अनशन पर बैठे अमरेश को जूस पिलाया, एसडीओ से वार्ता आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बीते दिनों टेल्को थाना अंतर्गत जेम्को मछुआ बस्ती के पास बारीगोरा निवासी 40 वर्षीय कृष्ण शर्मा व 19 वर्षीय उनकी बेटी अंजली शर्मा की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई थी।वही उनका बेटा 18 वर्षीय विक्की शर्मा गंभीर रूप से घायल है। जिसका इलाज एमजीएम अस्पताल में चल रहा है। सड़क दुर्घटना के बाद अमरेश कुमार ने जिला प्रशासन से शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने व जनसमस्याओं को ठीक करने की मांग पर गुरुवार से अनशन पर बैठ गया। शुक्रवार को जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने अमरेश कुमार से मुलाकात कर उन्हें आश्वस्त किया वह ट्रैफिक सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन से बात करेंगे। विधायक श्री राय ने अनशन पर बैठे अमरेश कुमार को कहा उसके आलोक में डीसी से वार्ता हुई है। डीसी ने एसडीओ को जिम्मेदारी दी। एसडीओ के साथ शनिवार को मिलेंगे। विधायक सरयू राय ने कहा सड़कों से भारी वाहन हटाना ही समाधान है। उन्होंने आश्वस्त किया जिस कारण को लेकर वह अनशन पर बैठे हैं वार्ता कर उसका समाधान निकाला जायेगा। वही अमरेश कुमार ने विधायक के आश्वासन पर भरोसा जताया। मौके पर जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने अनशन पर बैठे अमरेश कुमार को जुस पिलाकर अनशन तुड़वाया। शुक्रवार को ही श्री राय ने मृतक के परिजन से मिले और टेल्को थाना प्रभारी को फोन पर कहा परिवार बहुत ही गरीब है इनकी हरसंभव मदद करें। वही श्री राय ने तत्काल एमजीएम अधीक्षक से फोन में वार्ता कर विक्की शर्मा का बेहतर इलाज के लिए निर्देश दिये।

# टाटा स्टील के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक संपन्न

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक में निजी प्लेसमेंट के आधार पर असुरक्षित गैर परिवर्तनीय डिबेंचर जारी करने को मंजूरी दे दी। शुक्रवार को आयोजित बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक में चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, वाइस चेयरमैन नोएल नवल टाटा, डायरेक्टर दीपक कपूर, बीके शर्मा,भारती गुप्ता रामोला, डॉ शेखर सी मांडे,प्रमोद अग्रवाल, नन एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर सौरभ अग्रवाल, एमडी सह सीइओ टीवी नरेंद्रन, इडी सह सीएफओ कौशिक चटर्जी शामिल रहे। बैठक में निजी प्लेसमेंट के आधार पर डिबेंचर देने की बात कहा गया। 3 लाख अनसिक्यूर्ड नन कंवरटेबल डिबेंचर को जारी किया जायेगा। जिसका वैल्यू एक पर 1 लाख रुपये होगा। जिसके जरिये करीब 3000 करोड़ रुपये का नन कंवरटेबल डिबेंचर जारी की जायेगी।

# आवास बचाओ संघर्ष समिति के अनुरोध पर ईचागढ़ विधायक पहुंचीं आदित्यपुर

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर कॉलोनी में आवास बोर्ड के ईडब्ल्यूएस फ्लैट के 216 क्वार्टर की खरीदारी को लेकर आवास बचाओ संघर्ष समिति का संघर्ष जारी है। शुक्रवार को समिति के अनुरोध पर ईचागढ़ विधायक सविता महतो आदित्यपुर पहुंची। मौके पर स्थानीय लोगों ने विधायक को पुष्प गुच्छ भेट कर गर्म जोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। विधायक सविता महतो ने कहा वे इसी क्षेत्र से आती हैं। उनका मायका भी इसी इलाके में है। उन्होंने कहा यहां के लोगों से गहरा नाता है। इसलिए यहां के लोगो को मालिकाना हक दिलाने का हर संभव प्रयास करेंगे। स्थानीय लोगो का कहना है ईडब्ल्यूएस फ्लैट में रहने वाले लोगों को आवास बोर्ड की ओर से खाली करने का नोटिस दिया गया है। इसको लेकर स्थानीय लोगों ने पूर्व की सरकार में मंत्री रहे हफीजुल हसन से मुलाकात कर इन प्लेटों में रह रहे लोगों को ही आवंटित कराने की मांग की थी। जिसमें विधायक सविता महतो ने काफी मदद की थी। तत्कालीन मंत्री हफीजुल हसन ने आवास बोर्ड के एमडी से फ्लैट में रह रहे लोगों को आवंटन देने का निर्देश भी दिया था। लेकिन सरकार बदलने के बाद हफीजुल हसन दूसरे विभाग के मंत्री गये। इधर आवास बोर्ड ने नोटिस कैंसिल नहीं किया है। जिससे फ्लैटों में रह रहे लोगों को फिर से विस्थापित होने का खतरा मंडराने लगा है।जिसको लेकर आवास बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया गया। मौके पर काबलू महतो, मनमोहन सिंह, संतोष सिंह, चमचम मिश्रा, निशु झा, दीनानाथ त्रिपाठी सहित ईडब्ल्यूएस के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## ओरिएंटल कोचिंग सेंटर में विदाई समारोह



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ओरियंटल कोचिंग सेंटर हरैया में वर्ग दशम के विद्यार्थियों का आशीर्वाद सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में कोचिंग के संचालक से सम्मान मिलने के बाद सभी छात्र-छात्राएं भावुक हो गये। कार्यक्रम का उद्घाटन कोचिंग के संचालक पवन कुमार गिरी ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के बाद किया। अपने संबोधन में संचालक ने बच्चों को एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। आने वाले बोर्ड परीक्षा में कैसे बेहतर करें उसके लिए भी गुरु मंत्र भी दिया। गिरी ने अपने संबोधन में बच्चों को तनाव मुक्त होकर परीक्षा में और जीवन में आगे बढ़ाने की सलाह दी। कोचिंग निदेशक की ओर से बच्चों को प्रोत्साहित करने व इस पल को यादगार बनाने के लिए आशीर्वाद स्वरुप भेंट भी प्रदान गया। इस अवसर पर अनुराग तिवारी, सनोज कुमार, रोहित कुमार, सुकेश विश्वकर्मा, आरती कुमारी, श्रेया कुमारी, अंजू कुमारी सहित कोचिंग के कई विद्यार्थी उपस्थित थे।

## कस्तूरबा विद्यालय भवनाथपुर में नये सत्र के लिए नामांकन प्रारंभ : वार्डेन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भवनाथपुर में सत्र 2025-26 के लिए नामांकन प्रारंभ हो गया है। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय वार्डेन कविता कुमारी ने कहा कि कक्षा छह के लिए 75 सीटों पर नामांकन और कक्षा सात, आठ, नौ और ग्यारह के रिक्त स्थानों पर छात्राओं का नामांकन लिया जायेगा। नामांकन के लिए बीते छह फरवरी से ही विद्यालय में निःशुल्क नामांकन फार्म वितरण किया जा रहा है, इच्छुक अभिभावक विद्यालय पहुंचकर नामांकन फार्म प्राप्त करते हुए भरकर आगामी 20 फरवरी तक फार्म जमा कर सकते है। विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ छात्रावास और खाने पीने की व्यवस्था, प्रत्येक माह छात्रवृति की सुविधा, निःशुल्क पुस्तक, कॉपी कलम, पोशाक, आईसीटी के तहत कंप्यूटर क्लास, स्मार्ट क्लास के अलावे कैरियर उन्मुखीकरणके लिए कैरियर काउंसलिंग की सुविधा मुहैया कराई जायेगी।

## एसडीओ ने सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** श्रीबंशीधर एसडीओ ने विस्थापित संघर्ष समिति के संरक्षक सुशील चौबे, अध्यक्ष वीरेंद्र साह, सचिव रामविजय साह को एसडीओ ने मेसर्स सेल भवनाथपुर के प्रशासनिक भवन के गेट पर किये जा रहे धरना प्रदर्शन के दौरान अवरूद्ध किये गये सड़क को अवरोध मुक्त करने का निर्देश दिया है। उल्लेख किया है कि उप महाप्रबंधक (खान) सेल भवनाथपुर खदान समूह के पत्रांक 133 दिनांक 12.02.2025 से सूचित किया गया है, कि विस्थापित संघर्ष समिति भवनाथपुर के द्वारा सेल भवनाथपुर खदान समूह के क्रेशर प्लांट के निलामी के पश्चात कंटिग के विरोध में मेसर्स सेल, भवनाथपुर के प्रशासनिक भवन के गेट पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है, और सड़क को अवरूद्ध कर दिया गया है। विदित हो कि सर्वोच्च न्यायालय नयी दिल्ली के आदेशानुसार किसी भी परिस्थिति में सड़क को अवरूद्ध नहीं किया जाना है। सड़क अवरूद्ध किये जाने पर दोषियों व्यक्तियों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई किये जाने का निर्देश है। प्राप्त पत्र के आलोक में निर्देश है कि मेसर्स सेल, भवनाथपुर के प्रशासनिक भवन के अवरूद्ध किये गये सड़क को अविलम्ब अवरोध मुक्त करना सुनिश्चित करेंगे।

## गुजरात में काम करने गये मजदूर की हुई मौत

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** मजदूरी करने गये मजदूर का गुजरात के जामनगर में हुई मौत। भंडरिया थाना क्षेत्र के करचाली पंचायत स्थित कंजिया गांव निवासी मदन प्रजापति के 38 वर्षीय पुत्र वीरेंद्र प्रजापति उर्फ खूनखून की मौत मजदूरी करने के दौरान गुजरात राज्य के जामनगर में हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अपने कुछ दोस्तों के साथ एक माह पूर्व मजदूरी करने को लेकर गुजरात के जामनगर स्थित रिलायंस कंपनी में गया हुआ था, जहां पर 12 फरवरी को मृतक कि अचानक तबीयत बिगड़ गयी। साथियों के द्वारा इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गयी। मृतक के अंत परीक्षण के बाद शुक्रवार को अहले सुबह शव गांव में पहुंचते हीं परिजनों के चितकार से माहौल गमगीन हुआ।

## पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में 25वां मानस महायज्ञ सह रजत जयंती समारोह



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में आयोजित 25 वें मानस महायज्ञ सह रजत जयंती समारोह की शुक्रवार की सुबह विधिवत शुरूआत की गयी। इस मौके पर यज्ञाचार्य पंडित श्याम बिहारी वैद्य के नेतृत्व में याज्ञिक पुरोहितों की टोली के द्वारा पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश और मंत्र शक्ति से अग्नि देव को प्रकट किया गया। इसके साथ ही 33 कोटि आवाहित देव शक्तियों का आवास माना जाने वाले यज्ञ मंडप की परिक्रमा शुरू हो गयी। जबकि श्रीधाम वृंदावन से पधारे विनोद गौरव शास्त्री की टोली के द्वारा संगीतमय मानस पाठ भी शुरू कर दिया गया। इस मौके पर मंत्र शक्ति से अग्नि प्राकट्य और संगीतमय सुमधुर मानस पाठ को देखने के लिए श्रद्धालु जमे रहे। जबकि प्रथम दिन होने के कारण थोड़े विलंब से ज्ञान यज्ञ का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इससे पहले ज्ञानपीठ का महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री महंत प्रेम शंकर दास महाराज के द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। जबकि व्यास पीठ की समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह के द्वारा पूजा-अर्चना करने के बाद प्रवचन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इससे पूर्व वर्ष 2024 से 2025 के यज्ञायोजना के बीच की अवधि में इहलोक छोड़ कर महाप्रयाण कर चुके लोगों की स्मृति में तमाम प्रवक्ताओं संगीतकार टोली और श्रद्धालु श्रोताओं ने खड़े होकर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रवचन सत्र में चित्रकूट से पधारीं राजकुमारी देवी, श्रीधाम वृंदावन के विनोद गौरव शास्त्री और अयोध्या धाम से पधारे आचार्य अवधेंद्र प्रपन्नाचार्य के द्वारा प्रवचन प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। संध्या बेला में आरती के साथ प्रवचन सत्र को विश्राम दिया गया।

# पुलवामा हमले में शहीद जवानों को दी गयी श्रद्धांजलि

## शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को याद रखेगा हिंदुस्तान : अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पुलवामा हमले की 6वीं बरसी पर आरके पब्लिक स्कूल में शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि। 14 फरवरी 2019 को कश्मीर के पुलवामा में आत्मघाती हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवानों को आरके पब्लिक स्कूल ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मॉर्निंग प्रेयर के बाद इन शहीद जवानों को याद कर स्कूल परिवार ने दो मिनट का मौन रखकर इन वीर जवानों की शहादत को नमन किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने कहा कि आज भी जब उन्हें उस हमले की तस्वीरें याद आती हैं तो वह सिहर जाते हैं। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने कहा कि शहीद कभी मरते नहीं बल्कि अमर हो जाते हैं। आज पूरा देश शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में और तनाव बढ़ा दिया था, क्योंकि इस हमले के पीछे पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन का हाथ था। 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में स्थित जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक करके जैश के ठिकानों को तबाह कर दिया। इस हमले को छह साल हो गये हैं, लेकिन शहीद जवानों की कुबार्नी को देश कभी नहीं भूलेगा। पुलवामा हमला सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती थी, जिसका जवाब भारत ने मजबूती से दिया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति कविता और गाने की सुंदर प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया।

## शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है पुलवामा दिवस : डॉ पातंजली

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के चिनिया रोड स्थित आरपी नर्सिंग कॉलेज में शहीद वीर जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर पुलवामा दिवस मनाया गया। आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर फेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पातंजली केशरी, कॉलेज के प्रबंधक केएन लाल, प्राचार्य मनु जेम्स, सहित अन्य लोगों ने 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए निदेशक डॉक्टर पतंजलि केशरी ने कहा कि आज का दिन भारतीयों के दिल में अमर वीर शहीदों के बलिदान की याद लाता है। पुलवामा में हुए आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गये थे । हमले के 12 दिनों बाद 26 फरवरी 2019 को हमारे देश की वायु सेना ने जबर्दस्त कार्रवाई की। एयर फोर्स की सेना ने आतंकी ठिकानों को बर्बाद कर दिया। प्रबंध निदेशक केएन लाल ने कहा कि हमारे सुरक्षा बलों ने आदिल अहमद डार और उसके साथियों को जल्द ही ढेर कर दिया था। इस घटना के बाद कई आतंकियों के नाम भी उजागर हुए थे। आतंकी हमले का जवाब भारत ने मजबूती से दिया था। इसी की याद में हम आज श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं। प्राचार्य मनु जेम्स ने कहा कि देश की सुरक्षा पर सवाल खड़ा होते ही हम भारतीयों को एकजुट होकर उसका मुकाबला सख्ती से करना चाहिए। वीरों को बनाने के लिए कोई कारखाना नहीं होता है। हमें देश के प्रति सच्ची राष्ट्रभक्ति और सेवा भाव रखना चाहिए। मौके पर अब्दुल मन्नान, इश्तियाक रजा, प्रद्युम्न कुमार, दीपक शर्मा, अभिलाषा भारती, सचिन कुमार, शशि शेखर, सुप्रिया ठाकुर, प्रीति कुमारी, राजेश कुमार सहित काफी संख्या में कॉलेज की छात्र-छात्राएं और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पुलवामा हमले में शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक अजय तिवारी के अध्यक्षता में पुलवामा हमले में शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने शहीद वीर जवानों के लिए अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया एवं शहीदों के याद में दो मिनट का मौन रखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक अजय तिवारी ने कहा कि देश के दुश्मनों ने पुलवामा में सैनिकों के ऊपर कायराना हमला किया था। जिसमें हमारे 40 जवान शहीद हो गये थे। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि पुलवामा हमले में शहीद वीर जवानों की शहादत को देश सदैव याद रखेगा। वह भारत के इतिहास में काला दिन साबित हुआ था। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि पुलवामा हमले के ठीक 12 दिनों के बाद भारत ने पाकिस्तान के बालाकोट में एयरस्ट्राईक किया इस हमले में भारत ने पाकिस्तान के सैकड़ों आतंकियों को मार गिराया। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसा पार्टी है जो सैनिकों का सम्मान देती है मोदी सरकार ने पुलवामा हमले के तुरंत बाद एयरस्ट्राईक कर के पाकिस्तान में छुपे आतंकियों को मार गिराया और दुनिया को बड़ा संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुर्व कैप्टन रामराज पांडेय, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष गोपाल दुबे, भाजपा नेता डॉ पतंजलि केशरी, संजय तिवारी, बलराम यादव, अरुण तिवारी, विकास तिवारी, अशोक विश्वकर्मा गिरीवर यादव सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रारो गांव में पुलवामा हमले में शहीदों की याद में कैंडल मार्च निकाला



**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रारो गांव में शुक्रवार देर शाम को पुलवामा हमले में शहीदों की याद में कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च रारो स्टैंड होते हुए विभिन्न मार्ग से धरती चौपाल निकाला गया। जहां कार्यक्रम के अंत में शहीद सैनिकों के सम्मान में 2 मिनट का मौन रखा गया और उनकी आत्मा की शांति एवं परिवार वालों को धैर्य प्रदान करने के लिए ईश्वर से कामना की गयी। साथ ही शहीदों के सम्मान में सैकड़ों कैंडल जलाकर उन्हें याद किया गया। इस दौरान जिप सदस्य मोहन पासवान और मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर ने कहा कि भारत माता की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से देश सेवा और समाज सेवा को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। इस दौरान सुशील गुप्ता,राजेंद्र प्रसाद,शिव प्रसाद यादव,पप्पू यादव,उमाशंकर पासवान, मुकेश यादव,रंजन पासवान सहित अनेक युवा उपस्थित रहे।

## रिलेक्स मेंस ब्यूटी पार्लर का शुभारंभ



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय स्थित एनएच 343 के बगल में स्थित महेंद्र शौडिंक के घर में शुक्रवार को पूरे ऐसो आराम से भरपूर रिलेक्स मेन्स ब्यूटी पार्लर का शुभारंभ मकान मालिक महेंद्र शौडिंक के कर कमलों द्वारा फीता काट कर शुभारंभ किया गया। इस ब्यूटी पार्लर के प्रोप्राइटर श्रवण ठाकुर ने आजाद सिपाही को बताया कि यहां अनुभवी कारिगरों के द्वारा सभी प्रकार के सौंदर्य कार्य किये जाते हैं। इस मौके पर सतीश ठाकुर, उदय शौडिंक, तबरेज सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## आपसी भाइचारे और अकीदत के साथ मनायी गयी शब-ए-बारात

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को शब -ए-बारात आपसी भाईचारे और अकीदत के साथ मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र के नगर उंटारी, चेचरिया, बरडीहा, कधवन, कोइन्दी, कुशदंड, हुलहुला, सोनबरसा सहित कई गांवो में शब -ए-बरात का त्योहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। गुरुवार की शाम में ही शब-ए-बारात की इबादत शुरू हो गयी थी। सभी मुस्लिम समुदाय के लोग अपने-अपने घरों में फातिहा खानी करते हैं, मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिद कब्रिस्तान और अपने घरों को चाइनीज लाइटों द्वारा खूबसूरत तरीके से सजाया गया था, जो काफी आकर्षक लग रहा था। बरडीहा मस्जिद में मिलाद शरीफ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हाफिज अब्दुल हकीम अंसारी ने कहा कि शब-ए-बरात की रात में हर सख्श को कुरान ए पाक की तिलावत में समय गुजारना चाहिए। शब-ए-बरात की रात में सभी लोग नमाज अदा करते हैं और महिलाएं अपने घरों में इबादत किया करते हैं। उन्होंने कहा कि नवाफिल की नमाज अदा कर अल्लाह से आपसी भाईचारे, मिल्लत एवं सलामती आपसी एकता और सौहार्द की दुआएं मांगी गयी। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने कब्रिस्तान में अपने पुरखों के कब्र पर अगरबत्ती जलाकर फतिया भी पढ़ा। मौके पर सरपरस्त शमीम खान, युवा समाजसेवी महमूद आलम सीनियर, व्यवसायी आमीन खान, मौलाना एजाज अंजुम, मौलाना पैगाम राजा, मौलाना अब्दुल कादिर मौलाना आबिद हुसैन, फुलटून खान, खुर्शिद खान, अख्तर खान, बरडीहा सदर मुश्ताक अहमद शेख, सलीम अंसारी, डॉ रिजवान अहमद, राकिब अनवर, मुस्तकीम अंसारी, रइस अंसारी, दिलशाद अहमद, साजिद रजा, गुलाम, इंतजार, मकसूद,असलम अहमद रजा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## ब्रह्मदेव बाबा की मंगला शृंगार आरती में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक कार्यक्रम का हिस्सा है, इसे धर्म और मजहब से जोड़कर नहीं देखें : जिला जज**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** गढ़वा जिला के प्रसिद्ध श्री ब्रह्मदेव बाबा स्थान पर अयोध्या धाम के बालस्वामी अवधेंद्र प्रपंनाचार्य जी महाराज के नेतृत्व में 55 वें श्री लक्ष्मी नारायण सह रामचरित मानस नवाह्न पारायण महायज्ञ और यहां लगने वाला ऐतिहासिक मेला के समापन के अवसर पर आयोजित ब्रह्मदेव बाबा के मंगला श्रृंगार आरती में हजारों श्रद्धालुओं के साथ गढ़वा जिला और सत्र न्यायाधीश नलिन कुमार अपने न्यायिक अधिकारियों और सदर एसडीओ के साथ शामिल हुए। जो यहां शुद्ध मन से आता है उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। जिला जज श्री नलिन सोरेन ने उद्गार व्यक्त करते हुए सबसे पहले ब्रह्म बाबा वर्सिप मैनेजमेंट कमेटी के पदाधिकारी को 55 वें भव्य आयोजन और अनवरत हवन यज्ञ और विराट आयोजन करने के लिए साधु बाद देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक संस्थाएं ही आज सनातन संस्कृति को बचाने में लगी है। कुमार ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है इसको सिर्फ धर्म या मजहब से जोड़कर देखने की आवश्यकता नहीं है। ट्रस्ट के अध्यक्ष ट्रस्ट अध्यक्ष राजेंद्र दुबे, सचिव श्रीकांत दुबे, संतोष दुबे ने बचपन से लेकर 55 वर्षों तक लगातार हो रहे आयोजन और ब्रह्म बाबा की महिमा का विस्तार से बखान करते हुए कहा कि जो श्रद्धालु का मन्नत पूरा होता है तभी तो पांच राज्यों के बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। कार्यक्रम में गढ़वा विधायक प्रतिनिधि रिंकू तिवारी, एडीजे प्रथम दिनेश कुमार, सीजीएम कुमार विपुल, जज इंचार्ज महेंद्र पंडित, सत्संग समिति के अरुण दुबे, अमरेंद्र मिश्रा, आत्मा पांडे, कोषाध्यक्ष रामाशंकर ठाकुर, प्रदीप पासवान, संतोष कुमार, जागेश्वर यादव, अशर्फी चंद्रवंशी, संजय भगत सहित हजारों श्रद्धालु शामिल थे।

## एक माह बाद ही सड़क के कलवर्ट में पड़ी दरार, हादसे का खतरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा जो विकास कार्य किये जाते है उनमें भ्रष्टाचार होना कोई नयी बात नहीं है। निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार इतना आम हो चुका है कि लाखों करोड़ो के निर्माण बनते-बनते ही टुटने लगते है और वह स्वयं ही निर्माण के दौरान हुए भ्रष्टाचार की गवाही देते है। कुछ इस तरह का मामला प्रखंड के सोनेहरा से करके भाया हारादाग तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण कराये जा रहे सड़क के करके बगही बांध पास करीब एक माह पूर्व बनी कल्वर्ट में दरार पड़ गयी। जिससे लोगों को दुर्घटना होने की भय बनी हुई है। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया से प्रतिदिन वाहनों का आवागमन होते रहता है। महज एक माह पूर्व बनी पुलिया में दरार पड़ जाना सड़क और पूल निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर सवाल खड़ा कर रही है। पूल में पड़ी इन दरारों को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का कहना है की इस पुलिया निर्माण के दौरान घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया है। जिसके वजह से एक माह पहले बनायी गयी पूल में तीन से चार जगह बड़े-बड़े दरार आ गयी है।

मापदंड पालन निर्माण के दौरान नहीं किये जाने से ही आज भ्रष्टाचार के सबूत सामने दिखाई दे रहे है। पूल की हालत ऐसी नहीं है की वे पूल से गुजरने वाले भारी वाहनों के भार झेल सके। घटिया निर्माण के पोल अमूमन बारिश में खुलती है, लेकिन यहां जैसे सारी हद पार कर निर्माण के महज कुछ दिन बाद ही खुल गयी है। जब अभी ही पुलिया में दरारें आने लगी है तो बाद में यह कितना दिन चलेगा यह भगवान भरोसे है। अगर उस पुलिया को समय रहते फिर से निर्माण नहीं कराया गया तो ध्वस्त होने के कगार पर है। ग्रामीण कंहाई प्रजापति, प्रमोद यादव, कृष्णा राम,रामदेव राम, रितेश कुमार, राशिद आलम, ललन यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने इसे जांच कर पनः पूल का निर्माण कराने की मांग की। इधर इस मामले में संवेदक से पक्ष लेने की कोशिश की गयी, पर उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## मानस गंगोत्री नर्सिंग कॉलेज में 25 मार्च से कक्षा होगी शुरू : एचओडी



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर मुख्य बाजार के सूर्य मंदिर के समीप मानस गंगोत्री नर्सिंग कॉलेज में नामांकित सभी छात्रों को आगामी 25 मार्च से कक्षा की पढ़ाई प्रारंभ कि जायेगी। इसकी जानकारी देते हुए एडमिशन इंचार्ज डॉ अशोक कुमार सिंह ने कहा कि भवनाथपुर जैसे क्षेत्र में नर्सिंग कॉलेज खुलना गर्व की बात है। नर्सिंग कॉलेज खुलने से भवनाथपुर, केतार, खरौंधी, श्रीबंशीधर नगरऔर रमुना के छात्र छात्राओं को अब नर्सिंग की पढ़ाई के लिए दूर दूसरे जिलों और अन्य राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा। कहा कि उक्त कॉलेज झारखंड सरकार से स्थायी संबंद्धता प्राप्त है, जिसमे एएनएम और जीएनएम कोर्स के लिए क्रमशः दो वर्ष और तीन वर्ष तक की पढ़ाई होगी। इस कॉलेज में नामांकन जारी है, अब तक दोनों संकायों में लगभग कुछ ही सीट बचे है अन्य के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार चल रहा है। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र लोगों को इसका लाभ मिल सके । कहा कि एएनएम और जीएनएम का पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को सरकार के द्वारा छात्रवृति की भी सुविधा मिलेगी। बताते चले कि बीते 26 जनवरी को ही इस नरसिंह कॉलेज का शुभारंभ किया गया है। जिसमें पढ़ाई के लिए सभी उपकरण की व्यवस्था कर ली गयी है।

## बालू लदा बिना रजिस्ट्रेशन नंबर का ट्रैक्टर किया जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन मामले में क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय पुलिस द्वारा बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया। वही अग्रतर कारवाई हेतु संबंधित विभाग को किया सूचनार्थ किया गया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र से अवैध बालू ढुलाई चोरी छुपे जारी रहने की सूचना पर लगतार अवैध कारवाई किया जा रहा है। कोयल नदी से बालू उठाव पर अंकुश लगाने की दिशा में ट्रैक्टर चालक व मालिक के विरुद्ध संयुक्त करवाई किया जा रहा है। उसी निमित सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का एक ट्रैक्टर को अवैध बालू लाद कर परिवहन करते हुए भड़गांव पीसीसी पथ से जब्त किया और अग्रतर कारवाई हेतु खनन अधिनियम के तहत संबंधित विभाग को सूचनार्थ किया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि बालू तस्करों द्वारा बालू का उठाव दिन के उजाले में बेखौफ कर किया जा रहा था। जिसपर थाना प्रभारी अजित कुमार को अचानक सेन्हा थाना क्षेत्र भ्रमण के दौरान नजर पड़ा तो पुलिस कारवाई करते हुए बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाना परिसर में सुरक्षित रखते हुए खनन विभाग को अग्रतर कारवाई हेतु अवगत कराया गया है।

## शराब दुकान में लूटकांड के बाद उत्पाद विभाग के दरोगा ने कर्मचारी को पीटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका/ लातेहार।** मनिका में बीते दिन गुरूवार दिन को एसबीआइ रोड स्थित शराब दुकान मे लाल रंग की अपाची बाइक पर सवार तीन अज्ञात नकाबपोश अपराधियों के द्वारा लूट की घटना को अंजाम देने के बाद जहां मनिका पुलिस अपराधियो की धर पकड़ की जुगाड़ मे लगी हुई थी।



वहीं दूसरी ओर घटना की सूचना पाकर लातेहार से पहुंचे उत्पाद विभाग के दरोगा सोनू साहू ने सरेआम शराब दुकान के कर्मी चेतन कुमार को लात घुंसो के साथ डंडे से जमकर पिटाई कर लूट की घटना का खुनस उल्टे घटना से भयभीत कर्मी पर ही निकालते दिखे। आवासीय क्षेत्र होने के कारण उत्पाद विभाग के दरोगा की उक्त कारवाई से आसपास मे रहने वाले घरों के बच्चे सहित महिलाओं मे दहशत का माहौल बन गया। उत्पाद विभाग के उक्त दरोगा द्वारा शराब दुकान मे सरेआम आम लोगों की मौजूदगी मे कर्मी की पिटाई की कवरेज कर रहे स्थानीय पत्रकारो पर भड़क गये। पत्रकारों के द्वारा कर्मी की पिटाई करने की वजह पूछे जाने पर दरोगा सोनू साहू ने कहा कि घटना के बाद कर्मी बहती गंगा मे साथ धोने का प्रयास कर रहा था। उत्पाद विभाग के दरोगा सोनू साहु इतना ही पर नही रूके रात होने के बावजूद बगैर महिला सिपाही के किराने की दुकान खुलवाकर महिला से पूछताछ के दौरान शराब की बोतल भी ढूंढने लगे। वही आसपास के घरों के चहारदिवारी झांकते फिरते रहे मानो अपराधी घटना का अंजाम देकर बगल के घरो मे ही छिपे बैठे हो।

दरोगा की करतूत से आवासीय क्षेत्र मे रहने वाले ग्रामीणो मे रोष व्याप्त है। यहां बताते चले की शराब दुकान मे अपराधियो के द्वारा बीते वर्ष जुलाई अगस्त माह मे तीन सप्ताह के अंदर दो बार गोली चालन की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के बाद जहां मनिका पुलिस अपराधियों की धर पकड़कर करने में व्यस्त थी। वही शराब दुकान पहुंची उत्पाद विभाग के दरोगा उल्टे शराब दुकान मे कार्यरत कर्मी की पिटाई कर आसपास रहने वाले लोगो मे दहशत का माहौल बनाती रही।

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुर्व जिला सांसद प्रतिनिधि सहित आसपास के लोगों ने बताया की लूट की घटना से ज्यादा उत्पाद विभाग के उक्त दरोगा की करतूत से लोग दहशत मे हो गये। वही लुटकांड की घटना से ज्यादा उत्पाद विभाग के उक्त दरोगा की चर्चा जोरो से चल रही है।

वही जब मामले के विषय में उत्पाद विभाग के दरोगा सोनू साहू से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने अपना पक्ष देने से इनकार कर दिया।

## पांडेय गिरोह के इशारे पर रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड समेत कई राज्यों में संगठित आपराधिक गिरोह को संचालित करने वाला विकास तिवारी अपने इशारे पर व्यापारियों से रंगदारी वसूलवा रहा है। इसका खुलासा तब हुआ जब इस गिरोह का एक सदस्य अनिल यादव रामगढ़ और लातेहार पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन में गिरफ्तार हुआ। शुक्रवार को पुलिस अनिल यादव को कड़ी सुरक्षा के बीच लातेहार ले गई। लेकिन रामगढ़ में जो कहानी सामने आई वह चौंकाने वाली थी। रामगढ़ शहर के बंगाली टोला निवासी अनिल यादव गिरोह के लिए काफी लंबे समय से काम कर रहा था। विकास तिवारी के इशारे पर वह दूसरे जिले के व्यापारियों और ठेकेदारों को ना सिर्फ धमकता था, बल्कि उन्हें रामगढ़ बुलाकर रंगदारी वसूलत था। धमकी देने के बाद जब व्यापारी उसे पैसे देने के लिए राजी होते थे, तो उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग 33 का एक लोकेशन उन्हें भेजता था।

**मोबाइल लोकेशन ट्रैक कर रामगढ़ पहुंची लातेहार पुलिस**

लातेहार के एक व्यापारी को जब पांडे गिरोह की ओर से धमकी मिली तो वह सदमे में आ गया। लेकिन बाद में उसने पुलिस का सहारा लिया। जब पुलिस गिरोह के सदस्यों को ट्रैक कर रही थी, तो इसकी भनक किसी को नहीं लगी। अनिल यादव ने रंगदारी की रकम लेने के लिए जब अपना लोकेशन भेजा, तो पुलिस इस लोकेशन को ट्रैक कर रामगढ़ कोठार ओवर ब्रिज तक पहुंची।

**बंगाली टोला में आवास पर भी पुलिस ने मारा छापा**

अनिल यादव का घर शहर के बंगाली टोला में है। पुलिस ने उसके घर पर भी छापेमारी की। उसके घर से पुलिस को क्या मिला इसका खुलासा अभी तक नहीं हो सका है। पूछताछ के दौरान अनिल यादव ने पांडे गिरोह से अपने संबंध होने की बात स्वीकार की है।

## सेन्हा में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान और नवाचार पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष में प्रखंड स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं नवाचार के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता का संचालन प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन के द्वारा किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के वैसे विद्यालय जहां कक्षा 6 से 8 और 9 से 12 की कक्षाएं संचालित है, वैसे विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। वहीं विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल तैयार किये गये थे। जिसमे सौरमंडल, पृथ्वी बचाओ, जल चक्र, प्रदूषण और मानव नेत्र को एक मॉडल के रूप में बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। क्विज प्रतियोगिता में भी बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता के पश्चात बच्चों को प्रोत्साहित किया गया और उन्हें ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए और मेहनत करने के लिए उत्साह गया। क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 में अनिशा उरांव प्रथम, आजादी परवीन द्वितीय, शिवानी कुमारी तृतीय, कक्षा 6 से 8 तक मे पीयूष कुमार साहु प्रथम,हरीश उरांव द्वितीय, जिनन्त खातून तृतीय तथा 6 से 8 वीं कक्षा के मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम कस्तूरबा गांधी पेशरार, द्वितीय केजीबी सेन्हा और वर्ग 9 से 12 वीं में नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु प्रथम व केजीबी सेन्हा द्वितीय स्थान पर रहे। मौके पर डायट चीरी के महमूद आलम, प्रियंका एक्का, पिंकी कुमारी, समा निराली, कमलेश शर्मा तथा सिनी टाटा ट्रस्ट के सीमा श्वेता तोपनो और उदित कुमार उपस्थित थे।



## सड़क दुर्घटना में मजदूर की मौत पत्नी ने की मुआवजे की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के शिबला पंचायत अंतर्गत राजगुरु ग्राम के बिरहोरी टोंगरी निवासी शंकर बिरहोर के पुत्र राजकुमार बिरहोर (20 वर्ष) की सिमरया थाना क्षेत्र अंतर्गत भवानी मठ मंदिर के समीप सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी अनिता देवी ने बताया कि उनके पति परिवार के भरण-पोषण के लिए पिछले दस दिनों से सिमरया के कसारी में मजदूरी कर रहे थे। गुरुवार दोपहर अचानक किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गयी। अनिता देवी ने कहा की मेरे दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। पति ही परिवार के एकमात्र कमाउ सदस्य थे। उनकी अचानक मौत से मेरा घर उजड़ गया। उन्होंने प्रखंड एवं जिला प्रशासन से मुआवजा देने, बच्चों की समुचित देखभाल और शिक्षा की व्यवस्था करने की मांग की। घटना की जानकारी मिलते ही झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र गंझू ने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में मैं पीड़ित परिवार के साथ हूं और हर संभव सरकारी प्रावधान के तहत मदद दिलाने का प्रयास करूंगा।



## दिवंगत सुखदेव पंडित की तरह समाज को जोड़ने का संकल्प लें : नागेंद्र महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** प्रखंड अंतर्गत गैड़ा के सोंतुरपी स्थित शहीद चौक में समाजसेवी सुखदेव पंडित रामप्रसाद बरणवाल संजय बरणवाल समेत 12 पुण्य आत्माओं की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो हजारीबाग पूर्व जिलाध्यक्ष शम्भूलाल यादव एवं मंच संचालन पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुधीर सिंह ने किया।




सर्व प्रथम शहीद सुखदेव पंडित के धर्मपत्नी बगोदर विधायक नागेंद्र महतो पूर्व विधायक बिनोद कुमार सिंह एवं गणमान्य लोगों के द्वारा सुखदेव पंडित की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति यह दर्शाता है कि समाज के सभी लोग पीड़ित परिवार के साथ हैं। दुर्घटना से लेकर आज तक मैने हर संभव पीड़ित परिवार की सहायत करने का हरसंभव प्रयास किया। सड़क दुर्घटना के 9 साल बाद भी हमलोगों के मस्तिष्क में घूमती रहती है। इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए समाज को सचेत रहने की आवश्यकता है। इस श्रद्धांजलि सभा में हम सबों को दिवंगत सुखदेव पंडित की तरह समाज को जोड़ने का सांकल लेना चाहिए।

झामुमो हजारीबाग पूर्व जिलाध्यक्ष शम्भूलाल यादव ने कहा कि गौड़ा सोंतुरपी के लोग धन्यवाद के पात्र हैं जो प्रत्येक वर्ष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करते हैं। जब तक हमलोग जीवित है समाजसेवी सुखदेव पंडित, संजय बरणवाल, रामप्रसाद बरणवाल समेत 12 पुण्य आत्माओ कि शांति एवं उनकी याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करते रहेंगे।

ज्ञात हो कि सन् 2016 में सरस्वती पूजा प्रतिमा विसर्जन के दौरान गैड़ा सोनतुरपी में सड़क हादसे में 15 लोगों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी थी।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, पूर्व मुखिया शंभुलाल यादव, बगोदर पश्चिमी जिला परिषद सदस्य दुर्गेश कुमार, टेकोचंद महतो महताब हुसैन, राजू सिंह,शेख मोकीम, सुखदेव रनाणा र्जुन पासवान, धर्मवीर यादव राजू सिंह, मुन्ना गुप्ता आनंद पांडेय प्रवीण कुमार, हरी यादव, राजू पाण्डेय, विजय रवानी, मनोज यादव समेत हजारों की संख्य में ग्रामीण महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## सभी त्यौहार को खुशियों के साथ मनाना लोहरदगा की परंपरा : आफताब आलम

आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो/ भंडरा।** कैरो प्रखंड में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने 13 फरवरी को 15वीं शाबान शब-ए-बारात का त्योहार हर्सोल्लास एवं शांतिपूर्ण के साथ मनाया। अंजुमन इस्लामिया प्रखंड कमेटी के सदर आफताब आलम ने बताया कि यह एक ऐसा त्यौहार है जिसमे एक साल के किये गये गुनाह की माफी एवं साल भर का रोजी लिखी जाती है। शबे बरात की रात में मस्जिद कब्रिस्तान को रंग बिरंगी लाइट लगाकर सजाया जाता है और रातभर इबादत कर-के सुबह सादिक के वक्त कब्रिस्तान मे जाकर अपने पूर्वजों के मगफिरत के लिए दुआएं मांगी जाती है, रोजा रखा जाता है। इस रात मे सभी लोगों के द्वारा अपने प्रखंड जिला राज्य एवं देश की खुशहाली के लिए भी सामूहिक रूप से दुआएं की गयी। आफताब आलम ने सभी लोगों का आभार जताते हुए कहा कि हमारे भंडरा प्रखंड मे सभी त्योहार शांतिपूर्ण खुशहाली से मनाया जाता है जिसमे भंडरा पुलिस प्रशासन का अहम भूमिका रहती है पुलिस प्रशासन के साथ-साथ आकाशी, बन्डा, अंबेरा, उदरंगी, सोरंदा, बांधटोली, तेतरपोका, मसमानो, बडागांई, बलसोता, भोंरो के ओहदेदारों के साथ-साथ प्रखंड के सभी गणमान्य लोगों ने अपने-अपने गांव मे मुस्तैद थे। प्रखंड कमेटी भंडरा ने सभी लोगों का आभार जताया और शब-ए-बारात की मुबारकबाद पेश किया।



## सीएम के कार्य से प्रभावित होकर लोग जेएमएम से जुड़ रहे : राधा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा जेएमएम का सदस्यता अभियान चलाया गया। सदस्यता अभियान झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला संयोजक सह सेन्हा जिप सदस्य राधा तिर्की के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अंतर्गत छापरटोली ग्राम में सदस्यता अभियान चलाया गया। वही राधा तिर्की ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का विकास कार्य और जेएमएम का नीति सिद्धांत से प्रभावित होकर ग्रामीण क्षेत्र के जनता दूसरे दलों से आकर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण कर संगठन से जुड़ रहे हैं। जिसे जेएमएम का जनाधार मजबूत हो रहा है। साथ ही कहा कि ग्रामीण शेयर कज विकास और आम जनों का समस्या को स्थानीय विधायक सह मंत्री चमरा लिंडा से बात कर हर संभव समाधान किया जायेगा साथ ही झारखंड सरकार का ग्रामीण क्षेत्र का विकास के लिये संचालित सभी तरह का महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाने का प्रयास किया जायेगा। वही प्रकाश उरांव, राजेंद्र उरांव, आकाश उरांव, संजय उरांव,राजन उरांव, अशोक उरांव सहित अन्य लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण कर खुशी जताया। वही लोगों ने कहा कि संगठन के निर्देशानुसार ईमानदारी और लगन के साथ संगठन का कार्य का करेंगे। मौके पर जेएमएम का जिला संयोजक सह जिप सदस्य राधा तिर्की के अलावे प्रकाश उरांव, राजन उरांव, आकाश उरांव, राजेंद्र उरांव, संजय उरांव, अशोक उरांव समेत जेएमएम के सैकड़ो महिला पुरुष सदस्य मौजूद थे।



## नौवाटांड़ में जर्जर तार और खंभे से दुर्घटना की बढ़ी आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के ग्राम नौवाटांड़ में बिजली के तार व खंभे जर्जर है। इस कारण बिजली के तार व खंभे कभी भी गिर सकता है। जिससे एक साथ कई लोगों को जान जा सकती है। बड़कागांव अस्पताल टीवीएस शोरूम से दामोदर प्रसाद मेहता के घर के पास, अरविंद कुमार के घर के पास ,घमन प्रसाद के घर के पास, नटराज नगर मोहल्ले में जर्जर तार झूल रहे हैं। इस गांव में लगभग जनसंख्या 3500 है। शिक्षक अरविंद कुमार का कहना है कि जर्जर तार के कारण तार आपस में सट जाता है। जिस कारण कई फ्यूज उड़ जाता है। कभी कभार तार जलकर सड़क पर गिर जाता है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह पहले ट्रांसफार्मर पर भी उड़ गया था। बिजली मिस्त्री को कई बार हम लोगों ने इसकी जानकारी दिया पर अभी तक जर्जर तार को बदलकर नये तार नहीं लगाया गया है। ग्रामीणों ने मांग किया है कि कवर वाली तार लगाया जाये ताकि गांव सुरक्षित रहे। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ से जानकारी लेना चाहा, लेकिन उनका मोबाइल नहीं लगा।



## शांति और सौहार्द के साथ मनाया गया शब-ए-बारात

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा गुरुवार की रात में शांति व सौहार्द के साथ इबादत का पर्व शब-ए-बरात मनाया गया। वही शब-ए-बारात के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के अरु, सेरेंगहातु, उगरा, सेन्हा, कल्हेपाट, भड़गांव, अरु बांध टोली, भंगाडी, तोड़ार, बुटी सहित विभिन्न गांवों के मस्जिदों में नमाज अदा कर फतया खानी के बाद लोगो ने कब्रिस्तान में इबादत किया।

वही प्रखंड क्षेत्र के सभी जगह मस्जिदों में इबाबत करने के लिये तांता लगा रहा। साथ ही सभी जगहों पर मस्जिद और कब्रिस्तान को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा नमाजियों द्वारा रात भर जग कर मस्जिदों में नमाज अदा कर दआएं मांगी गयी। कब्रिस्तान में भी अपने स्वर्गवासी सम्बन्धियो के मगफिरत की दुआएं मांगी गयी। वहीं हाफिज गुलाम मुस्तफा बताया की शब-ए-बारात की रात को फजीलत वाली होती है। जिसे बुराई, गलत और गुनाहों से बचना चाहिये तथा अल्लाह की इबाबत में रात गुजारना चाहिये क्योंकि शब-ए-बरात की रात साल में एक बार आती है। प्रखंड क्षेत्र के सभी जगहों में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा शांति व सौहार्द के साथ शब-ए-बरात का त्यौहार मनाया गया।



## जैन मुनि 108 प्रांजल सागर 14 साल बाद पहुंचे झुमरीतिलैया, हुआ स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** रमता जोगी बहता पानी के कहावत के अनुसार झुमरीतिलैया में जन्मे अखिलेश भैया 14 वर्षों बाद जैन मुनि 108 प्रांजल सागर जी महाराज बनकर अपने दीक्षा गुरु आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर जी महामुनिराज के साथ संघ सहित झूमरीतिलैया की धर्म नगरी में मंगल आगमन हुआ। भक्त जनों में कोडरमा के गौरव जो 14 वर्षो के बाद जन्म नगरी में आने की खुशी से मन हर्ष से पुलकित हुआ। जैन समाज के सेकड़ो पुरुष, बच्चे, महिलाएं के साथ युवा श्वेत ओर केशरिया पारंपरिक परिधान में गुरुदेव की अगवानी के लिए पहुंचे। विभिन्न चौराहे पर मोदी समाज, बंगाली समाज, माहुरी समाज, पंजाबी समाज, अग्रवाल समाज ने गुरुदेव के चरण पखारे ओर आरती की।



इस शोभायात्रा में गुरुदेव के साथ सैकड़ों भक्त, बेंड पार्टी, ताशा पार्टी, बैंड बाजा, जैन स्कूल बच्चों का बैंड, महिलाओं की कलश यात्रा, जैन धर्म का ध्वज और जैन धर्म के जयकारों के साथ पूरे शहर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बन गया। सभी एक ही जयकारा लगा रहे थे कि हर मां का लाल कैसा हो प्रांजल सागर जैसा हो आदि नारा लगा कर शहर को गुंजायमान कर दिया। साथ ही छोटे ग्रुप बनाकर महिलाये तरह तरह के बाज यंत्र ओर स्लोगन ले कर स्वागत किया। साथ ही महिला बालिकाएं डांडिया नृत्य के साथ हाथ में गैस के गुब्बारे के साथ महिलाएं हाथ में जैन धर्म का झंडा लेकर अपनी भक्ति को प्रदर्शित कर रहे थे।

गुरुदेव ससंघ नगर भर्मण कर बड़ा मंदिर स्टेशन रोड पहुंचे जहां पर सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने गुरुदेव के चरणों को धोया और अपने माथे पर लगाया। मुनि श्री ने मूलनायक 1008 श्री पारस नाथ भगवान के दर्शन कर धर्मसभा को संबोधित किया। अमृतमय प्रवचन मे गुरुदेव ने कहा कि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए व्यवहार को बदलना होगा। व्यक्ति अच्छाइयों का खजाना होता है परंतु अपने दिमाग को खराब कार्यों में ज्यादा लगता है। जिसके कारण उसकी अच्छाई और योग्यता नजर नहीं आती है वृक्ष यदि सूख रहा है तो पत्तों को नहीं जड़ों को देखने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज, महिला समाज, जैन युवक समिति के साथ सभी भक्तों ने अपना योगदान दिया। साथ ही पदाधिकारीगण ने अपना मार्गदर्शन दिया। उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी जैन राजकुमार अजमेरा, नवीन जैन ने दी।

# कुंभ स्पेशल ट्रेन रद्द, सैकड़ों यात्रियों ने जपला स्टेशन पर काटा बवाल

## डीडीयू से विशेष ट्रेन जपला भेज कर यात्रियों को पहुंचाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला स्टेशन शुक्रवार की सुबह 10 बजे हजारों यात्री पहुंचे थे। उन्हें कुंभ स्पेशल ट्रेन 08314 से प्रयागराज जाना था। पर अचानक कुंभ स्पेशल ट्रेन के रद्द होने की सूचना मिलते ही यात्रियों ने रेलवे स्टेशन पर बवाल काटना शुरू कर दिया। इसके बाद रेल प्रबंधन ने स्टेशन से ही उन्हें पंडित दिनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) फोन पर बात कराई गई। जपला आरपीएफ पोस्ट के इंस्पेक्टर राजेश मीणा व पुलिस कर्मियों के काफी समझने के बाद यात्री शांत हुए। बाद में रेल के वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर डीडीयू से एक स्पेशल ट्रेन 00275 शाम 5.15 बजे जपला स्टेशन पहुंची और सभी यात्रियों को लेकर प्रयागराज के लिए रवाना हुई। यात्रियों ने बताया कि रेलवे को इस तरह अचानक ट्रेन रद्द कर देने से काफी परेशानी होती है।

# एनओसी लिये बिना ही नगर पंचायत से करा दिया 10 लाख का सड़क निर्माण

## नहर का जीर्णोद्धार कार्य करवा रही कंपनी ने नयी सड़क को उखाड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत की लापरवाही का एक और कारनामा सामने आया है। हुसैनाबाद नगर पंचायत की ओर से साल 2024 के दिसंबर महीने में ही दर्जनों योजनाओं के लिए निविदा निकाली गई थी। उन योजनाओं में डंपिंग साइड से मोहम्मदाबाद मेन रोड में पीसीसी पथ का निर्माण कार्य की प्राक्कलित राशि करीब 10 लाख रुपये है। पर मजे की बात तो यह है कि नगर पंचायत ने योजनाओं के स्थल का चेक स्लिप नहीं बनवाया ना ही स्थल की जानकारी ली कि कार्य किस जगह होना है। वह स्थान निजी है या अन्य विभाग के अधीन है। यही वजह है कि जल संसाधन विभाग के उत्तर कोयल मुख्य नहर पर पीसीसी पथ का निर्माण करा दिया गया और संवेदक द्वारा कार्य पूर्ण



10 लाख रुपये की लागत से बनने के बाद उखाड़ कर बर्बाद की गयी सड़क।

भी करा दिया गया। जबकि पूर्व से मुख्य नहर के जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। अब नहर का जीर्णोद्धार कर रही कंपनी ने बनकर तैयार हुई पीसीसी सड़क को 15 दिनों पहले ही उखाड़ कर फेंक दिया और उसपर मिट्टी डाल दिया। बताया जा रहा कि जल संसाधन विभाग से नगर पंचायत कार्यालय ने अनपति प्रमाण पत्र नहीं लिया था। प्रावधान के मुताबिक कोई किसी विभाग की भूमि का इस्तेमाल उसकी सहमति के बिना नहीं कर सकता है। नगर पंचायत द्वारा 26 जनवरी को नगर पंचायत की सभी 13 योजनाओं का शिलान्यास जयप्रकाश चौक पर एक कार्यक्रम आयोजित कर किया गया था। उक्त योजनाओं का शिलान्यास पलामू सांसद व हुसैनाबाद विधायक ने संयुक्त रूप से किया था। जिसमें कई ऐसी योजनाएं हैं जो निजी या दूसरे विभाग की भूमि पर की जा रही हैं। इस मामले में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी टीके हंस ने बताया कि नगर क्षेत्र का कचरा फेंकने में परेशानी को देखते हुए पहले से बनी सड़क पर ही निर्माण कराया गया है। उन्होंने बताया कि जल संसाधन विभाग से एनओसी की प्रक्रिया की गई थी। नहर का जीर्णोद्धार कंपनी को भी पीसीसी सड़क को उखाड़ने के पहले बताना चाहिए था। कोई रास्ता निकाला जा सकता था। उन्होंने कहा कि जनहित में पीसीसी पथ का निर्माण कराया गया है। पूर्व से उस स्थान पर जो पीसीसी पथ था, वह काफी जर्जर होने की वजह से कचरा फेंकने वाले वाहन फंस जाते थे। यही वजह है कि एनओसी की प्रक्रिया के साथ ही पीसीसी पथ का निर्माण करा दिया गया। उन्होंने कहा कि इसपर जल संसाधन विभाग के उच्चाधिकारियों से बात कर कोई रास्ता निकाला जाएगा। उक्त स्थल नगर पंचायत क्षेत्र में है। नगर पंचायत क्षेत्र में कार्य करने के पूर्व जल संसाधन विभाग के संवेदक या विभाग को एक बार सूचना देना चाहिए था।

# सामाजिक समरसता के प्रतीक थे संत शिरोमणी रविदास: अविनाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पूरा देश संत शिरोमणि रविदास जी का 648वां जयंती मना रहा है। इस दौरान संत मरियम विद्यालय में चेयरमैन अविनाश देव ने बच्चों के साथ संत रविदास जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहर के विभिन्न पूजा स्थलों पर जाकर उनको नमन किया। बारालोटा आंबेडकर नगर में आंबेडकर नौजवान क्लब की ओर से संत रविदास जयंती समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। क्लब के अध्यक्ष फूलमाला अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सैकड़ों साल के बाद भी संत शिरोमणि रविदास जी की प्रशंगिता ऊर्ध्व पर है। आखिर ऐसी क्या बात है। अंधविश्वास, छुआछूत, जातिवाद चरम पर था तब मध्यकाल में भक्ति आंदोलन चला। संत कबीर, नानक, मीरा, रैदास सबों ने इसके खिलाफ लड़ा। इस आंदोलन के अग्रणी भूमिका में संत रविदास जी रहे और जातिवाद के खिलाफ चोट किए। आज भी हमारा समाज समरूप नहीं है। इसलिए संत रविदास जी के आदर्श विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है, क्योंकि रविदास भारतीय समाज में समरसता के प्रतीक थे। जिन्होंने प्राणी मात्र के कल्याण की महता को बताया है। अनिवाश देव ने कहा कि हम तन को धुलने के लिए पवित्र स्नान तो कर सकते हैं लेकिन मन को धुलने के लिए खुद की चेतना में उतरना होगा। तभी हम देश व समाज के प्रति अपने विचारों भावनाओं व संवेदनाओं को स्वच्छ कर सकते हैं। इसीलिए संत शिरोमणि ने कहा था मन चंगा तो कठौती में गंगा। हम युवा पीढ़ी से आह्वान करना चाहेंगे कि आप संत रविदास के बताए रास्ते पर चलें और भारत को विश्वगुरु बनाने में अपनी महती भूमिका निभाएं। इस मौके पर अम्बेडकर नौजवान क्लब अम्बेडकर नगर बारालोटा के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार, सचिव धीरज कुमार, कोषाध्यक्ष साकेत कुमार, संरक्षक राम विजय राम, सुनील भगत, शंकर राम महेश राम, जयपाल राम, अनील कुमार, सदस्य अरविन्द कुमार, रोहित कुमार, बीटू कुमार, मुकेश कुमार, जितेंद्र कुमार, सुरेन्द्र कुमार, अखिलेश कुमार, छोटू कुमार, विनय कुमार, बीरबल कुमार, आयुष कुमार, राहुल कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# पुलवामा के वीर शहीदों को किया नमन

आजादसिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** महुगाई दुर्गा ऑफिस के पास स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर पुलवामा के वीर शहीदों को नमन किया गया। स्कूल के सभी शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने शहीदों के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया। स्कूल के निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने बच्चों को बताया कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर में हुए इस हमले में 40 सीआरपीएफ जवानों ने अपनी शहादत दी थी, जिससे पूरे देश में



शोक की लहर दौड़ गई थी। पुलवामा हमला सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा के लिये एक बड़ी चुनौती थी, जिसका भारत ने मजबूती से जवाब दिया। यह दिन हमें उन वीर जवानों की याद दिलाता है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। प्राचार्य तृप्ति मिश्रा ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को हुए इस हमले की बरसी को 'ब्लैक डे' के रूप में मनाया जाना चाहिए, ताकि शहीदों की कुबार्नी को हमेशा याद रखा जा सके। इस मौके पर उप प्राचार्य शैली कुमारी, शिक्षक नेहा वर्मा, पूजा कुमारी, सीता देवी, प्रमोद कुमार,रीता देबी, माही मिश्रा, वीरेंद्र कुमार, कुंदन यादव, नागेंद्र यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच ड्रेस और बैग का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नप मुख्यालय के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-2 में शुक्रवार को 35 बच्चों के बीच ड्रेस व बैग किट का वितरण किया गया। जिसमें पोशाक, जूता, मोजा, बैग व खिलौना शामिल था। बच्चों के बीच कीट का वितरण निवर्तमान पार्षद पूनम देवी व युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि ने संयुक्त रूप से किया। जिसका संचालन सेविका उषा देवी ने किया। इस अवसर पर पूनम देवी ने कहा कि सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं को वास्तविक लाभुकों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेवारी है। विजय कुमार रवि ने कहा कि एक तरह के ड्रेस व बैग से बच्चों में एकरुपता आयेगी। मौके पर आनंद कुमार, पीकू राज आदि मौजूद थे।

# दसवीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला ज्ञान दीप कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधन ने शुक्रवार को समारोह आयोजित कर दसवीं के छात्र-छात्राओं को सम्मानपूर्वक विदाई दी। समारोह का उद्घाटन मेदिनीनगर एसएसई कोचिंग सेंटर के निदेशक निकिता कुमारी व स्कूल के संस्थापक अवध बिहारी पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद सभी अतिथियों, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पूजा अर्चना किया गया। समारोह की अध्यक्षता निदेशिका सुनीता पांडेय व संचालन प्राचार्य सबाहत आरा



ने किया। निकिता कुमारी ने बच्चों को बोर्ड परीक्षा से संबंधित कई टिप्स दिया। वहीं, अवध बिहारी पांडेय ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में प्रे-बोर्ड परीक्षा में बेहतर करने वाले प्रथम पांच विद्यार्थियों अमन, विशाल, अमित, आरती व श्रेया को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर शिक्षिका महिमा शुक्ला, निधि चौबे, पूनम कुमारी, पंकज कुमार, प्रवीन कुमार, नाजिया प्रवीण, सोफिया हयात सहित कई लोग मौजूद थे।

# शब-ए-बारात पर की अमन चैन की दुआ

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** शब-ए-बारात के अवसर पर मुस्लिम समाज ने मस्जिद और अपने-अपने घरों में नमाज पढा। मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए शब ए बरात की रात बहुत ही खास होती है। देर रात तक इबादत चलती रहती है।



साथ ही इस अवसर पर मस्जिदों और अपने-अपने घरों को लाईट से सजाते हैं। जमा मस्जिद में कार्यकर्ता जुम्मन मीयां ने कहा कि शब-ए-बरात त्योहार बहुत ही धूम धाम से मनाया जाता हैं। सभी लोगों ने गांव समाज के अमन चैन के लिए दुआ किया। साथ ही देर रात तक इबादत चलती रही।

## दरबार लगाकर डीसी ने ग्रामीणों से की सीधी बात, किसी तरह की समस्या नहीं होने देने का दिया भरोसा

# पर्यटन के रूप में विकसित होगा चुनहट वाटर फॉल : उपायुक्त

## तीन किलोमीटर से अधिक दूरी पैदल चल कर चुनहट वाटर फॉल में पर्यटन की संभावनाओं का किया आकलन

**कहा- दूर होगी ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व सड़क की समस्याएं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन के साथ जिला, अनुमंडल, प्रखंड व अंचल के पदाधिकारी शुक्रवार को बांसडीह खुर्द पंचायत के कोकाडु (चुनहट) गांव पहुंचे। वहां जनता दरबार लगाकर आमजनों की जन समस्याओं को सुना और उसका निदान किया। कई मामलों का त्वरित निष्पादन भी किया गया। वहीं तत्काल निष्पादन योग्य नहीं रहने वाले मामलों को आगामी कुछ दिनों में निराकरण का भरोसा दिया। वहीं, डीसी द्वारा ग्रामीणों के बीच पहुंचकर जनता दरबार लगाये जाने के सकारात्मक प्रयास का स्थानीय लोगों में चर्चा है। लोगों ने जिला प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की। डीसी सहित अन्य पदाधिकारियों के समक्ष खुलकर अपनी समस्याएं रखी। वहीं, डीसी ने भी जनता से



सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना और उसका निदान किया। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आमजनों ने गांव में बिजली की समस्याओं को दूर करने संबंधी बातें रखी। डीसी ने बिजली विभाग के अभियंता से बात कर ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि अप्रैल माह तक गांव वासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति होने लगेगी। उन्होंने बिजली विभाग के अभियंता को प्राथमिकता के तहत गांव में बिजली आपूर्ति का निर्देश दिया। वहीं ग्रामीणों ने सड़क की समस्या से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सड़क की समस्या को दूर करने का भरोसा दिया। ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र, उलमान 2 को गांव के सीमा क्षेत्र में बनने की बात उठाई। ग्रामीणों ने कहा कि गांव के सीमा क्षेत्र में आंगनबाड़ी का भवन बन रहा है, इसका निर्माण गांव के बीच में कराया जाए, तो बच्चे ज्यादा लाभान्वित होंगे। उपायुक्त ने इसके लिए भरोसा दिया और कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र उनके गांव के बीच में बनाए जाएंगे। वहीं ग्रामीणों की मांग पर उपायुक्त सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को नशा को छोड़ने की अपील की। कहा कि नशा से उनका और उनके परिवार को समस्या होती है। नशा से ग्रामीण को ही नुकसान हो रहा है। सभी को नशा मुक्ति की जानकारी दी गई। जनता दरबार के तहत एक बच्चे को जलने की शिकायत मिली। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को बच्चे का तत्काल स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का निदेश दिया। जनता दरबार के तहत पांच बच्चों का अन्नप्राशन एवं पांच महिलाओं की गोद भराई की रश्म पूरी की गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ दिया गया। वहीं वृद्धजनों के बीच साड़ी-धोती एवं कंबल का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों के बीच स्टेशनरी आदि प्रदान किए गए। एक दिव्यांग को व्हील चेयर प्रदान किया गया। समाज कल्याण विभाग की ओर से पोषण प्रदर्शनी लगाया गया। उपायुक्त ने ग्रामीणों से जमीन की समस्याओं की भी जानकारी ली और उसका निदान का भरोसा दिया। पेंशन से संबंधित बातों पर उपायुक्त ने तत्काल पेंशन की प्रक्रिया करने का निदेश दिया।

ग्रामीणों द्वारा चुनहट वाटर फॉल को विकसित किए जाने की मांग की गयी। इस पर उपायुक्त सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने करीब तीन किलोमीटर से अधिक दूरी पैदल चलकर चुनहट वॉटर फॉल का दीदार किया। साथ ही क्षेत्र में सड़क की समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने सड़क निर्माण का भरोसा दिया। साथ ही पर्यटन के दृष्टिकोण चुनहट वाटर फॉल को विकसित करने एवं यहां पर्यटकीय सुविधा बढ़ाने की बातें कही। जनता दरबार में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, एनडीसी विक्रम कुमार, चैनपुर के अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल सहित जिला एवं प्रखंड के अन्य पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के कर्मी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सीएमपीडीआइ के सीएमडी ने चिकित्सा उपकरणों का किया उद्घाटन



रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने रामकृष्ण मिशन टीबी सेनेटोरियम, तुपुदाना, रांची में डिजिटल एक्स-रे, अल्ट्रासोनोग्राफी, डेंटल एक्स-रे आदि चिकित्सा उपकरणों का उद्घाटन किया। सीएमपीडीआइ के क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची ने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के तहत इन चिकित्सा उपकरणों की खरीद करने हेतु 55 लाख 86 हजार राशि की सहायता प्रदान की गयी। मौके पर क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के क्षेत्रीय निदेशक कंचन सिन्हा, पूर्व क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती, सीएमपीडीआइ के महाप्रबंधक (एचआरडी/ सीएसआर) आरके महापात्रा, आरके मिशन टीबी सेनेटोरियम के सचिव स्वामी सत्संगानंद और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### अंजुमन तरक्की उर्दू का पहला राज्यस्तरीय कांफ्रेंस 16 फरवरी को

रांची (आजाद सिपाही)। अंजुमन तरक्की उर्दू का पहला राज्यस्तरीय कांफ्रेंस 16 फरवरी को पुराना विधानसभा सभागार में आयोजित होगा। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलने वाले इस कांफ्रेंस में उर्दू से संबंधित समस्याओं पर चर्चा होगी। शुक्रवार को संयोजक एम जेड खान, अध्यक्ष डॉ फिरोज अहमद, डॉ यासिन अंसारी, गुफरान अशर्फी, डॉ जमशेद कमर, डॉ रेहाना, यास्मीन लाल और अपराजिता मिश्रा ने बताया कि झारखंड के 25 साल के इतिहास में अंजुमन तरक्की उर्दू की यह पहली राज्यस्तरीय कांफ्रेंस होगी। इसमें राज्यभर से 140 प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसमें नयी राज्य कमेटी का भी गठन होगा। कांफ्रेंस में झारखंड के मुख्यमंत्री सहित अल्पसंख्यक, स्वास्थ्य मंत्री और सांसद को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉमरेड सुभाषिनी अली, अंजुमन तरक्की उर्दू हिंद के महासचिव डॉ अतहर फारूकी, साहित्यकार डॉ खालिद अशरफ, डॉ अली इमाम खान, डॉ सफदर इमाम कादरी, डॉ रवि भूषण, महादेव टोप्पो और कथाकार रनेंद्र कुमार शामिल होंगे। कांफ्रेंस का पहला सत्र प्रतिनिधियों का होगा, इसमें उर्दू से संबंधित समस्याओं पर चर्चा होगी। वहीं, खुले सत्र में झारखंड में उर्दू की वर्तमान स्थिति एवं चुनौतियां पर केंद्रित सेमिनार होगा। इसमें उर्दू से संबंधित प्रस्ताव पारित किये जायेंगे।

# गुमला में आज से बिखरेगा साहित्य का रंग

## तीन दिवसीय साहित्स उत्सव का आगाज आज, उपायुक्त ने लिया तैयारियों का जायजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** गुमला जिले में आयोजित होने वाले द्वितीय गुमला लिटरेचर फेस्टिवल को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। यह बहुप्रतीक्षित साहित्यिक महोत्सव 15 फरवरी 2025 को अपराह्न 4:00 बजे से प्रारंभ होगा तथा 16 एवं 17 फरवरी को पूर्वाह्न 10:00 बजे से संध्या 6:00 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर देशभर के ख्यातिलब्ध लेखक, कवि, साहित्यकार, कथाकार एवं रचनाकार अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे।

उक्त त्रिदिवसीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से आज उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी बिरसा मुंडा एग्रो पार्क पहुंचे, जहां उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर संपूर्ण व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने गेस्ट्स के आगमन हेतु वाहन व्यवस्था, लाइजनिंग ऑफिसर्स की जिम्मेदारी, स्टेज एवं साउंड मैनेजमेंट, लाइव स्ट्रीमिंग, सिक्योरिटी, ट्रैफिक प्रबंधन, रजिस्ट्रेशन डेस्क, फूड काउंटर सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की बारीकी से निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम जिले के साहित्य प्रेमियों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर होगा, जिसमें हजारों की संख्या में विभिन्न प्रकाशकों एवं लेखकों की पुस्तक प्रदर्शनी लगायी जायेगी। इसके अतिरिक्त, नागरिकों के मनोरंजन के लिए विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों, गुमला हाट एवं जिले से जुड़े महत्वपूर्ण उत्पादों की प्रदर्शनी तथा लाइव शो का भी आयोजन किया जायेगा। पूरे आयोजन स्थल की भव्य सजावट की जा रही है, जिससे आगंतुकों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। यह निःशुल्क कार्यक्रम सभी नागरिकों के लिए खुला रहेगा, जिसमें टॉक शो, ओपन माइक सहित कई साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गुमला, परियोजना निदेशक आइटीडीए, एसडीओ सदर, एसडीओ चैनपुर, डीसीएलआर गुमला, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, डीपीएम जेएसपीएस, सीडीपीओ गुमला सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# गुनाहों की माफी के लिए मनायी गयी शब-ए-बारात

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** अपने गुनाहों की माफी, अपनी लंबी उम्र और पूर्वजों की बख्शिश की दुआओं के साथ मुस्लिम धर्मावलंबियों ने शबे बरात के अवसर पर रात भर जाकर अल्लाह की इबादत की, और दुआएं मांगी। शहर के जामा मस्जिद, गौसिया मोती मस्जिद, मस्जिद कादरिया, मस्जिद गौसुलवरा, मस्जिद रजा ए हबीब, मस्जिद फैजान-ए-रजा, मक्का मस्जिद, मदीने मस्जिद, मस्जिद होदा और जैनब मस्जिद में रात भर इबादतों का सिलसिला चलता रहा। मुस्लिम धर्मावलंबियों की भीड़ रात भर मस्जिदों में लगी रही। मस्जिद में रोशनी की अच्छी व्यवस्था की गयी थी। जामा मस्जिद साहित अन्य कई मस्जिदों को आकर्षक तरीके से सजाया भी गया था। विशेष रूप से थाना रोड और बाजार टांड स्थित कुछ गलियों को आकर्षक कुमकुमों के साथ प्रकाश की व्यवस्था की गई थी। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने फर्ज, सुन्नत के बाद विशेष कर नफिल नमाजें अदा कीं। नफिल नमाजों के साथ-साथ कई मस्जिदों में तकरीरों का भी इंतजाम किया गया था। परवरदिगार के जिक्र के साथ-साथ हजरत मोहम्मद पर दरूद ओ सलाम का नजराना भी पेश किया गया। गुमला कब्रिस्तान में भी रोशनी की मुकम्मल व्यवस्था की गयी थी। रात भर लोग अपने पूर्वजों के कबरों के निकट जाकर फातिहा पढ़ते नजर आए। उन्होंने पूर्वजों के बख्शीश के लिए अल्लाह से दुआएं की। शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में शब-ए-बरात का त्यौहार संपन्न हुआ। शुक्रवार के दिन लोगों ने उपवास किया।

# झांगुर सुप्रीमो रामदेव उरांव के घर में पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के देवरागनी गांव पहुंच कर आपराधिक गिरोह झांगुर ग्रुप के सुप्रीमो रामदेव उरांव एवं सक्रिय सदस्य रमनु उरांव के घर देवरागाणी पहुंचकर पुलिस ने न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तिहार गांव में डुगडुगी बजाकर चिपकाया। थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह बताया कि विक्रांत लोहार हत्याकांड में रामदेव उरांव एवं सक्रिय सदस्य रमनू उरांव मुख्य आरोपी है जो घटना उपरांत चल रहा है। न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तिहार में कोर्ट में उपस्थित के लिए समय निर्धारित की गयी है अगर उक्त समय में आरोपी कोर्ट में उपस्थित नहीं होते हैं तो न्यायालय के आदेश उपरांत कुर्की जप्ती की कार्रवाई की जायेगी। शुक्रवार को थाना के एस आई कामू पासवान के नेतृत्व में पुलिस गांव पहुंची और परिजनों को आरोपियों को सरेंडर कराने की बात कही गयी है।

# काड़ासिल्ली गांव से अज्ञात शव बरामद

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के काड़ासिल्ली गांव से घाघरा पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। शव के चेहरे और गले पर जख्म के निशान है, जिससे यह प्रतीत हो रहा है की गला घोटकर और सिर चेहरे पर वार कर उसकी हत्या की गयी हो। घाघरा पुलिस ने बताया कि गुरुवार की शाम ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि गांव के मुख्य पथ से लगभग 700 मीटर की दूर खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। इसके बाद पुलिस देर शाम शव को कब्जे में लेकर घाघरा थाना लायी। वही शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया गया है। शव की पहचान अब तक नहीं हो सकी है पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# बेटी की पढ़ाई को लेकर व्यक्ति पहुंचा असंगठित कामगार कांग्रेस कार्यालय

**बसंत साहू की बच्चियों का कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए करूंगा प्रयासः मुख्तार आलम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** असंगठित कामगार कांग्रेस सह 20 सूत्री सदस्य मुख्तार आलम से घाघरा के चड़िया गांव निवासी बसंत कुमार साहू ने उनके घर में आकर मुलाकात की। इस संबंध में मुख्तार आलम ने कहा कि उनके परिवार की बच्चियां पढ़ना लिखना चाहती है और पढ़ लिख कर अपने परिवार एवं गांव जिला और राज्य का नाम रौशन करना चाहती है। परंतु पढ़ाई लिखाई करने में बहुत सारी समस्या उत्पन्न हो रही है। पैसों की बहुत दिक्कत है, इस कारण बच्चियां पढ़ नहीं पा रही है। बच्चियों पांचवीं तक पढ़ाई अपने गांव के स्कूल में हो चुकी है। अब आगे बच्चियाँ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय घाघरा में नामांकन 6 क्लास में करवाकर पढ़ाई लिखाई करना चाहती है। मुख्तार आलम ने कहा कि बड़े-बड़े उद्योगपति, नेता और अभिनेता के बच्चे अच्छे-अच्छे स्कूल में पढ़ाई करते हैं और हमारे गरीब घर के बच्चे और बच्चियां पैसों के तंगी होने के कारण पढ़ नहीं पाते हैं, परंतु हमलोग गरीबी से जूझ रहे हैं हर एक बच्चों और बच्चियों को पढ़ने लिखने के लिए मदद करेंगे, ताकि पढ़ने में कोई भी गरीब परिवार का बच्चा वंचित ना रह जाये। मैं इन बच्चियों का नामांकन करवाने हेतु गुमला जिला प्रशासनिक जिला प्रखंड घाघरा गांव से उन्होंने अपनी बड़ी समस्याओं से मुझे अवगत कारण।

उन्होंने बताया कि जिले के संबंधित पदाधिकारी एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय घाघरा के वार्डेन से बात करेगें और जल्द से जल्द इन बच्चों का नामांकन करवायेंगे।

# दुकान और घर में चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** दुकान व घर मे अज्ञात चोरो द्वारा बीते दिनों की गयी चोरी की घटना का पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज किये जाने से पहले ही काफी हद तक उदभेदन कर लिया है। पुलिस ने चोरी के इस मामले में दो चोरो को गिरफ्तार की है। साथ ही उनके पास से चोरी किये गये कुछ कटे फटे नोट, नगद व चांदी के जेवरात बरामद किये है। फिलहाल पुलिस दोनों चोरो के नाम को गुप्त रखकर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। दोनों से पुलिस को शहर में हुए कई चोरी की घटना का सुराग और सफलता मिलने की संभवना है।

बताया जाता है कि मनोहर सरदार के किराना दुकान सह मकान में बीते दिनों अज्ञात नकाबपोश चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। हालांकि इस दौरान मनोहर सरदार सपरिवार अमृतसर गये हुए थे। जबकि इस दौरान वे दुकान व घर की निगरानी को लेकर एक विश्वासी कर्मी को छोड़ कर गये थे। मगर इसी दौरान वह बीमार पड़ने के कारण घर व दुकान को छोड़ कर अपने घर चला गया था। इसी बीच घटना की रात अज्ञात चोरों ने गेट का ताला खोलकर चोरी की घटना को अंजाम देकर भाग निकले। हालांकि चोरी की यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। जिसमें चोर चोरी करते नजर आ रहे थे। इधर घटना के दूसरे ही दिन लोगो को जब वारदात की जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। मगर दुकानदार मनोहर सरदार के अमृतसर में होने के कारण चोरी गये सामानों का पूर्ण ब्यौरा नहीं मिल सका था। बावजूद पुलिस घटना की तहकीकात में जुट गयी थी।तहकीकात के दौरान पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के आधार पर चोरो को पकड़ने में जुट गई थी।साथ ही दो चोरो को पकड़ भी ली। इधर अमृतसर से घटना के तीसरे दिन लौट कर मनोहर सरदार ने चोरी गयी सामानों का मिलान कर थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। जिसके आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी।

# तुमसे गांव के चार युवक स्कूटी से गिरकर घायल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के कोको टोली के गांव के समीप स्कूटी से गिरकर तुमसे गांव निवासी अर्जुन उरांव 19 वर्षीय, बुधपाल उरांव, 18 वर्षीय, अमर उरांव 17 वर्षीय और विकास उरांव 17 वर्षीय गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जाता है कि चारों दोस्त एक ही स्कूटी में सवार होकर अपने घर से बनारी बाजार जा रहे थे इसी क्रम में कोको टोली गांव के समीप चालक स्कूटी से अपना नियंत्रण खो बैठा और स्कूटी सड़क किनारे गढ़वाल से जा टकराया, जिससे बुद्धपाल उरांव का दाहिना पैर टूट गया। वहीं अर्जुन उरांव का चेहरा में गंभीर चोट लगी है। राहगीरों द्वारा 108 एंबुलेंस को सूचना दिया गया एंबुलेंस द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार उपरांत चिकित्सकों ने गुमला सदर के लिए रेफर कर दिया।

# इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को डीएवी स्कूल ने किया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा गत वर्ष सितंबर माह में आयोजित इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस ओलंपियाड में कक्षा द्वितीय के दक्षित उरांव, कक्षा चतुर्थ की इंशा फातिमा, कक्षा सप्तम की ख्याति मंत्री, कक्षा अष्टम की आराध्या मेहता का स्कूल रैंक प्रथम रहा।

वहीं कक्षा दशम के साकेत कुमार, आराध्या श्रीवास्तव एवं अयान मेहता का स्कूल रैंक क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहा। इन सभी को साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से गोल्ड मेडल आफ एक्सीलेंश एवं सर्टिफि केट ऑफ पार्टिसिपेशन दिये गये।

इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में कक्षा एकादश की ताशा झा का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। उसने स्कूल रैंक1 एवं जोनल रैंक 2 प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उसे गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन और सर्टिफि केट ऑफ डिस्टिंक्शन दिये गये। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहु ने शुक्रवार को वंदना स्थल पर सभी को गोल्ड मेडल एवं सर्टिफि केट देकर सम्मानित किया। पुरस्कारों की घोषणा शिक्षक संजुक्ता खटुआ ने की। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। यह जानकारी ओलंपियाड कोर्डिनेटर अभिजीत झा ने दी।

# कार सवार लोग युवक से मोबाइल छीनकर भागे

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुरुवार की रात करीब 11:30 बजे करम डीपा के समीप शादी समारोह में आये घाघरा सरांगों निवासी एक युवक से शिफ्ट डिजायर कार में बैठे तीन लोग मोबाइल छीन कर फरार हो गये। घटना का लिखित आवेदन शुक्रवार को पीड़ित ने गुमला थाना में दी। बताया वह छात्र है और गुमला में रहकर पढ़ाई करता है। वहीं करम डीपा में शादी समारोह में गया था। जहां सड़क किनारे खड़ा था तभी रांची की ओर से एक स्विफ्ट डिजायर कार में सवार को होकर तीन लोग आये और अपने मोबाइल का बैटरी खत्म होने की बात कह कर एक जगह कॉल लगाने को कहा। कॉल लगाया जिसके बाद कार के पीछे बैठा युवक बात करने लगा। स्विफ्ट डिजायर में कांग्रेस पार्टी का झंडा लगा हुआ था। घटना के बाद दो लोगों ने उनका पीछा भी किया। लेकिन वे लोग करम डीपा से कार्तिक उरांव कॉलेज की ओर मुड़ गये और तेजी से फरार हो गये।

# सड़क दुर्घटना में पति की मौत में कार्रवाई नहीं होने को लेकर महिला ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** टोटो ग्राम निवासी अर्चना कुमारी ने पति घनश्याम प्रसाद की सड़क दुर्घटना में हुई मौत मामले में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगायी है। एसपी को सौंपे गये ज्ञापन में अर्चना कुमारी ने कहा है कि उनका पति घनश्याम प्रसाद गुमला में दैनिक मानदेय पर काम करते थे। जिससे घर परिवार का भरण पोषण होता था। पिछले 25 जनवरी को काम के बाद टेंपू से घर टोटो लौट रहे थे तभी टोटो के समीप एक ट्रैक्टर टेंपो को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे टेंपो सवार कई लोग घायल हो गए और मेरे पति घनश्याम प्रसाद की मौत हो गयी थी। दुर्घटना में घायल लोग अब भी सदर अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। लगभग 25 दिन हो गये लेकिन अब तक दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर की पहचान हुई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी। परिवार में अकेला कमाने वाले व्यक्ति की मौत होने पर मौत के कारण बनने वाले वाहनों से क्षति पूर्ति मुआवजा का प्रावधान होता है। अर्चना ने एसपी से न्याय दिलाने की मांग की है। कहा कि टोटो थाना में भी इस बात की शिकायत की गयी है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रहा है।

## स्पोर्ट्स



**शुक्रवार को श्रीलंका ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 50 ओवर में 4 विकेट पर 281 रन का स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलियाई टीम 24 .2 ओवर में 107 रन पर ऑलआउट हो गयी।**

# श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को 174 रन से हराया

**एजेंसी**



**कोलंबो।** चैंपियंस ट्रॉफी से ठीक पहले श्रीलंका ने वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 174 रन के बड़े अंतर से हरा दिया है। यह कंगारू टीम की रन के लिहाज से श्रीलंका के खिलाफ सबसे बड़ी वनडे हार है। इस जीत के सहारे श्रीलंका ने कंगारुओं पर 2 वनडे की सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। टीम ने पहला मुकाबला 49 रन से जीता था।

शुक्रवार को श्रीलंका ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 50 ओवर में 4 विकेट पर 281 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 24.2 ओवर में 107 रन पर ऑलआउट हो गयी। कप्तान स्टीव स्मिथ ने सबसे ज्यादा 29 रन बनाये। दुनिथ वेल्लालागे ने 4 विकेट झटके। वनिंदू हसरंगा और असिथ फर्नांडो ने 3-3 विकेट लिए।

**कुसल मेंडिस का शतक**

श्रीलंका से कुसल मेंडिस ने 115 गेंद पर 101 रन की शतकीय पारी खेली। निशान मदुष्का ने 70 बॉल पर 51 और चरिथ असलंका ने 66 बॉल पर नाबाद 78 रन बनाए। जनिथ लियानागे ने नाबाद 32 रन का योगदान दिया।

**ऑस्ट्रेलिया को शुरूआती झटके लगे**

282 रन का टारगेट चेज कर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम को शुरूआती झटके लगे। टीम ने 33 रन पर 3 विकेट गंवा दिये। ओपनर मैथ्यू शॉर्ट 2, जैक फ्रेजर-मैगर्क 9 और ट्रैविस हेड 18 रन बनाकर आउट हुए। तीनों को असिथा फर्नांडो ने आउट किया।

स्टीव स्मिथ ने 29 और जोश इंग्लिस ने 22 रन बनाकर स्कोर 79 रन तक पहुंचाया। यहां इंग्लिस आउट हुए और टीम बिखर गई। टीम ने 29 रन बनाने में आखिर के 7 विकेट गंवा दिए। ऑस्ट्रेलिया 24.2 ओवर में 107 रन ही बना सका।

**मदुष्का-मेंडिस ने शुरूआती झटकों से उबारा**

टॉस जीतकर बैटिंग कर रही श्रीलंकाई टीम ने 15 रन के स्कोर पर पाथुम निसांका का विकेट गंवा दिया। वे 6 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें एरोन हार्डी ने बोल्ड किया। यहां से ओपनर निशान मदुष्का ने कुसल मेंडिस के साथ मिलकर टीम को शुरूआती झटकों से उबारा। मदुष्का 51 रन बनाकर आउट हुए। मदुष्का के बाद कामिंडु मेंडिस भी 4 रन बनाकर आउट हो गये।

**मेंडिस-असलंका की फिफ्टी पार्टनरशिप, श्रीलंका 200 पार**

121 रन पर तीसरा विकेट गंवाने के बाद कुसल मेंडिस ने चरिथ असलंका के साथ चौथे विकेट के लिए 94 रनों की पार्टनरशिप की। इस पार्टनरशिप ने टीम को 200 पार पहुंचा दिया।

# शिक्षा मंत्री का सेवानिवृत आयु 62 वर्ष करने के विचार का स्वागत योग्य : अमीन अहमद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव सह झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन द्वारा राज्य के शिक्षकों की सेवानिवृति उम्र 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष किये जाने पर विचार करने के पहल का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा में शामिल राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ, झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ, झारखंड स्टेट प्राईमरी टीचर्स एसोशिएशन एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (2 संवर्ग) के द्वारा लगातार विगत दो वर्षों से धरना प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को इस मुद्दे पर आगाह करते रही है।

राज्य में व्याप्त शिक्षकों के विभिन्न लंबित मांगों को पूर्ण किये जाने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष सहित सरकार में शामिल मंत्रियों, राज्य सभा सांसद, विधायक, शिक्षा सचिव तक से लगातार गुहार लगाई जाती रही है।

इस संबंध में झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने शिक्षा मंत्री के नाम खुला पत्र जारी करते हुए कहा कि सरकार जल्द शिक्षकों के लंबित और जायज मांगों को पुरा करे, ताकि मौजूदा सरकार पर विश्वास बना रहे।

उन्होंने कहा कि सरकार के संज्ञान में मुख्य रूप से रखे गए लंबित मांगों में झारखंड राज्य के शिक्षकों सहित सभी राज्यकर्मियों के सेवानिवृति उम्र 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करना है, क्योंकि झारखंड के साथ एक ही समय बने दो अन्य राज्यों छत्तीसगढ़, उत्तराखंड सहित आंध्रप्रदेश में भी राज्य कर्मियों की सेवानिवृति उम्र बढ़ाकर 62 वर्ष कर दी गयी है।

## गोलीकांड : संदिग्ध परिस्थिति में गोली लगने से विवाहिता की हुई थी मौत

# झाड़ी से बंदूक बरामद, पति हिरासत में

## पति ने ही अवैध तरीके से घर में छिपाकर रखा था बंदूक, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के गोमो हटियाटांड़ में गुरुवार की देर शाम एक घर में गोली चलने से प्रतिमा गुप्ता (23) नामक विवाहिता महिला की मौत हो गयी थी। वह झरिया के सब्जी पट्टी की रहने वाली है। गोली उसके सिर में लगी थी। उसे तोपचांची सीएस से धनबाद मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) ले जाने ने दौरान रास्ते में ही मौत हो गयी। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी ओर, हरिहरगंज पुलिस शुक्रवार को मृतका प्रतिमा गुप्ता के पति रौनक बर्णवाल को लेकर उसके हटियाटांड़ स्थित घर पहुंची। घर के पास ही झाड़ी से बंदूक बरामद हुआ है, जिससे चली गोली से प्रतिमा की मौत हुई थी। पुलिस द्वारा पूछताछ में पति रौनक का कहना है कि प्रतिमा ने खुद से ही गोली मारी है। पूछताछ में यह भी पता चला है कि घर में हथियार अवैध तरीके से पति रौनक ने ही घर में लाकर रखा था। हरिहरगंज पुलिस की मानें तो रौनक ने बताया कि पत्नी प्रतिमा से विभिन्न बातों को लेकर अक्सर विवाद होते रहता था। इसी से परेशान होकर प्रतिमा ने खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गयी। रौनक ने पुलिस को यह बी बताया कि वह झरिया में एक कम्प्यूटर ऑपरेटर का काम करता है। उसकी पत्नी ने घटना से कुछ देर पहले उसे फोन कर कहा कि वह उसे बहुत दूर जा रही है। अनहोनी की आशंका पर वह तुरंत भागा-भागा घर पहुंचा, तब तक प्रतिमा खुद को गोली मार चुकी थी। बतातें चलें कि गोमो के हटियाटांड़ में प्रतिमा नामक विवाहित महिला को गोली लगने के बाद उसे पति और ससुराल वाले पहले सरायढेला स्थित एक नर्सिंग होम ले गये, जहां उसकी हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने तुरंत धनबाद के एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया। वहीं, घटना की सूचना पाकर मृतका के पिता, भाई व अन्य रिश्तेदार भी एसएनएमएमसीएच पहुंच गये। सभी ने प्रतिमा की मौत के लिए पति रौनक को जिम्मेदार ठहराते हुए जमकर हंगामा कर दिया। इसकी सूचना पाकर सरायढेला थाने की पेट्रोलिंग पार्टी भी अस्पताल पहुंच गयी और आरोपित पति रौनक को हिरासत में ले लिया। साथ ही रौनक के साथ नोंकझोंक कर रहे मृतका के परिजनों को समझा बुझा कर शांत कराया। हालांकि इस बीच रौनक बार-बार यही कह रहा था कि प्रतिमा ने खुद से गोली मारकर खुदकुशी की है। उधर, खबर पाकर हरिहरगंज थाना प्रभारी राहुल झा सरायढेला थाना पहुंचे और रौनक को लेकर वापस हरिहरगंज पहुंच गये। हालांकि मृतका के घर में ताला लगा होने के कारण पुलिस को तब ना ही बंदूक मिली ना ही कोई कारतूस का खोखा। बाद में बंदूक बरामद हो गया।



### आठ साल पहले हुआ था प्रेम विवाह

**प्रतिमा और रौनक ने साल 2017 में प्रेम विवाह किया था। शादी के कुछ महीने तक तो दोनों के रिश्ते काफी अच्छे रहे, लेकिन उसके बाद छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद होने लगा। मुहल्ले के लोग भी पति-पत्नी के झगड़े से अच्छी तरह वाकिफ थे।**

# सेल चासनाला में चोरों ने होमगार्डों पर किया हमला, पिटाई में कई घायल

## डंडों से चोरों का मुकाबला करने में कतरा रहे होमगार्ड

**पेट्रोलिंग वाहन को भी किया क्षतिग्रस्त, थाने में शिकायत दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झरिया के सेल चासनाला में चोरों का आतंक दिनोंदिन बढ़ता चा रहा है। इस बार चोरों ने होमगार्ड के जवानों के साथ मारपीट एवं पेट्रोलिंग वाहन को क्षतिग्रस्त कर प्रशासन को खुली चुनौती दी है। जवानों ने बताया कि वे लोग अपने पोस्ट पर ड्यूटी पर तैनात थे। तभी दर्जनों के झुंड में चोर पहुंचे और मारपीट की। मामले को लेकर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। इस दौरान चोरों ने पेट्रोलिंग गाड़ी एवं जवानों के साथ अभद्र व्यवहार किया। इसके साथ ही उनके साथ गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी। कहा कि यहां से भाग जाओ नहीं तो जान से मार देंगे। वहीं, घटना के विरोध में होमगार्ड जवान गुरुवार की देर रात 2.30 बजे से किसी पोस्ट पर ड्यूटी पर नहीं गए। उनके पास हथियार नहीं होने से जान माल कि हानि का डर है। वहीं सिक्योरिटी इंचार्ज हरेंद्र सिंह ने बताया कि दो-तीन दिन से चोर लगातार परेशान कर रहे हैं। सुरक्षा रहने से चोरों को दिक्कत हो रही है जिस कारण वे लोग मारपीट कर रहे हैं। इस घटना की शिकायत पाथरडीह पुलिस को फोन कर दी गई थी। पर पुलिस करीबन डेढ़ से दो घंटे विलंब से पहुंची। बताया कि इस मामले की लिखित शिकायत पाथरडीह पुलिस को दी गई है। साथ ही घायल जवानों का इलाज कराया जा रहा है।



# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र के भूरंगिया में शुक्रवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जेबीकेएसएस नेता रुपदेव रवानी ने आरोप लगाया कि प्रदीप सिंह और उनके समर्थकों ने उनकी पुस्तैनी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। यही नहीं, जेसीबी मशीन लगवाकर काम भी शुरू कर दिया। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने बंदूक का भय दिखाकर उनकी पिटाई की और उनके गले से सोने की चेन भी छीन ली। रुपदेव रवानी ने महुदा पुलिस को दिये शिकायत में बताया कि नकाबपोश गुर्गों के साथ आए प्रदीप सिंह के समर्थकों ने उनके साथ मारपीट की है। उन्होंने प्रदीप सिंह, हारु मोदक, कुलदीप गोप, गोरी गोप, जीतन रवानी, बिनोद रवानी, समीम शेख और विकास सिंह पर हमला और पिटाई करने का आरोप लगाया है। रुपदेव रवानी ने बताया कि उनके पास 32 डिसमिल जमीन है, जो उनके परिवार की पुस्तैनी है। बताया जा रहा कि उक्त जमीन को लेकर पहले से ही न्यायालय में मामला विचाराधीन है, लेकिन आरोपी पक्ष ने शुक्रवार को जेसीबी मशीन लेकर काम करना शुरू कर दिया। जब रुपदेव ने इसका विरोध किया, तो हमला कर दिया। उधर, महुदा पुलिस ने घटना की सूचना मिलने पर तीन लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, कुछ आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। जो बचे थे वे पुलिस को सूचना देने पर वहां से भाग निकले। दूसरे पक्ष की ओर से भी पुलिस को शिकायत दी गयी है। फिलहाल इस घटना के बाद, पुलिस ने विवादित जमीन पर तत्काल 107 धारा लगाने की बात कही और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# बांस हस्तशिल्पियों के लिए आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जैनामोड़।** केंद्र सरकार की ओर से प्रायोजित बिरसा क्राफ्ट प्रोडयूसर कंपनी लिमिटेड एवं जन जागरण केंद्र हजारीबाग द्वारा आयोजित छह दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो जिला उद्योग केंद्र के कोऑर्डिनेटर किशोर रजक शामिल हुए। उन्होंन हस्तशिल्पियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से सभी लोग लाभ लेते हुए एक सफल उद्यमी बनने का प्रयास करें। बताया कि बिरसा क्राफ्ट प्रोडयूसर कंपनी लिमिटेड से जुड़े सभी हस्तशिल्पी को बैंक के माध्यम से मुद्रा योजना के तहत कम ब्याज दर से ऋण प्रदान किया जा रहा है, जिससे व्यवसाय को बढ़ाने में मदद मिलेगा। उन्होंने हर संभव मदद की भी बात कही और स्वरोजगार में आगे बढ़ने का आह्वान किया। वहीं, प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार ने कहा कि हस्तशिल्प विभाग की ओर से बिरसा क्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से बोकारो के चंदनक्यारी प्रखंड के 300 बांस हस्तशिल्पिओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रही है। उद्यमिता विकास कार्यशाला में व्यापार को कैसे आगे बढ़ाए जाए और बाजार से कैसे जुड़ा जाए इस पर विस्तार से जानकारी दी गई। केंद्रीय मंत्रालय द्वारा इस तरह के कार्यक्रम का संचालन किया जाता है, ताकि आय में वृद्धि हो और जीवन में आर्थिक और सामाजिक बदलाव हो सके। वहीं, जन जागरण केंद्र के कोऑर्डिनेटर भूपेंद्र उपाध्याय ने हस्तशिप के क्षेत्र में संस्था द्वारा किये जा रहे कार्य को विस्तार से बताया। बिरसा क्राफ्ट प्रोडयूसर कंपनी लिमिटेड के निर्माण और उसके लक्ष्य में प्रतिभागियों की भूमिका की जानकारी दी। सीए श्रवण कुमार ने कहा कि एक उद्यमी को अपने उद्योग को आगे बढ़ाने, पंजी संधारण व जीएसटी के विषय में विस्तार से जानकारी दी। हस्तशिल्प विभाग और जन जागरण केंद्र को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगों की मदद से बोकारो में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित कर उद्यमी के विकास के लिए सहराहीय कार्य कर रही है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन अश्विनी कुमार ने किया। छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 20 बांस हस्तशिल्प प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी हस्तशिल्पियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया।




### हैंडलूम एक्सपो में बुनकर दे रहे आकर्षक छूट



**धनबाद (आजाद सिपाही)। पॉलिटेनिक मोड़ के नजदीक बेकार बांध स्थित ब्लेसिंग्स बैंक्विट हॉल में रांची बुनकर सेवा केंद्र की ओर से आयोजित एक्सक्लूसिव हैंडलूम एक्सपो में बुनकरों द्वारा ग्राहकों को आकर्षक छूट दिया जा रहा है। यह एक्सपो आठ फरवरी से शुरू हुआ है, जो 21 फरवरी तक चलेगा। इसमें कुल 40 स्टॉल लगाये गये है। जिसमें झारखंड के अलावा अन्य राज्यों के बुनकरों ने भी अपने स्टॉल लगाए हैं। रांची बुनकर सेवा केंद्र के उपनिदेशक मनोज कुमार ने बताया कि इस एक्सपो में हथकरघा से बने हुए बेहतरीन उत्पादों की बिक्री हो रही है। इसमें महिलाओं के लिए सिल्क एवं कॉटन की साड़ियां, दुपट्टा सहित अन्य वस्त्र और पुरुषों के लिए ड्रेस मटेरियल एवं होम फर्निशिंग के भी बेहतरीन उत्पाद उपलब्ध हैं। यह एक्सपो अभी एक सप्ताह तक और चलेगा।**

# पाटलिपुत्र अस्पताल में शुरू की गयी आधुनिक कैथ लैब की सेवा




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पाटलीपुत्र अस्पताल के निदेशक डॉ निर्मल ड्रोलिया ने शुक्रवार को बताया कि यह अस्पताल मरीजों के बेहतर ईलाज के लिए लगातार कार्य कर रहा है। इसी क्रम में कैथ लैब की शुरूआत की गई है जिसमें हृदय रोग का ईलाज किया जा सकेगा। इस कैथ लैब मशीन में ब्रेन एंजियोग्राफी और मस्तिष्क से जुड़ी विभिन्न प्रकार की चिकित्सा की भी सुविधा होगी। इस कैथ लैब का उद्घाटन 16 फरवरी को धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो और विधायक राज सिन्हा करेंगें। डॉ निखिल डोलिया ने बताया कि फीलिप्स की एडवांस कैथ लैब की सुविधा होने से पाटलिपुत्र अस्पताल में लगभग सभी विभागों का ईलाज दिया जाने लगेगा। कैथ लैब के होने से हृदय रोग का इलाज जैसे एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर आदि किया जा रहा है। मरीज को अब शहर के सबसे पुराने अस्पताल में ईलाज मिल रहा है और अब मरीज को बाहर जा कर ईलाज कराने की जरूरत नहीं होगी। जिससे उनके पैसे भी बचेंगें। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल ने बताया कि मरीज को हृदय रोग से जुड़े लक्षण जैसे छाती में भारीपन, दर्द के साथ पसीना आना इत्यादि को हल्के से नहीं लेकर तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करना चाहिए।

### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को किया सम्मानित



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी दिलीप सिंह के आवास गांधी रोड में आयोजित सम्मान समारोह में पुराना बाजार चेंबर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोहराब खान, महासचिव पवन सोनी, कोषाध्यक्ष कुणाल कुमार सहित उन्य पदाधिकारियों को युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के केंद्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह, धनबाद के समाजसेवी उदय प्रताप सिंह एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी मुकेश पांडेय ने सम्मानित किया।

# दहेज के लिए मारपीट कर महिला को घर से निकाल देने का आरोप, थाने में मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**जोड़ापोखर।** झरिया इस्ट भगतडीह निवासी कमरुद्दीन अंसारी की पुत्री तबसुम परवीन ने जामाडोबा बड़कीताड निवासी अपने पति रिजवान अंसारी सहित ससुराल वालों पर 10 लाख रुपये दहेज मांगने और मारपीट कर घर से निकाल देने की शिकायत थाने में दर्ज कराया है। तबसुम ने बताया कि 23 मई 2021 को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार उसका निकास रिजवान से हुआ था। हैसियत के अनुसार पिता ने दहेज भी दिया था। पति रिजवान दुबई में कार्य करते हैं। वहीं से हमारे ससुर कुर्बान अंसारी, सास शहनाज बेगम, ननद रुखसाना परवीन, महजबी परवीन से कहकर जबरन 10 लाख रुपये की मांग करते है। जबकि मेरे पिता कमरुद्दीन अंसारी ने 27 जनवरी को एक लाख रुपये पति के खाता में जमा कर दिया। ज्यादा पैसे नहीं देने पर उन सभी ने मिलकर सात फरवरी को बुरी तरह पिटाई की। गंभीर चोट लगने के कारण हमें झरिया नर्सिंग होम में भर्ती होने पड़ा है। इसकी शिकायत जोड़ापोखर थाने में की है। वहीं, दूसरी ओर कुर्बान अंसारी ने आरोप को झूठा और बेबुनियाद करार दिया। कहा कि परिजनों को झूठा केस में फंसाया जा रहा है। वहीं, जोड़ापोखर पुलिस का कहना है कि शिकायत मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# शब-ए-बारात की रात मस्जिद में नमाज अदा कर लोग करते हैं अल्लाह की इबादत: अब्दुल कादिर



आजाद सिपाही संवाददाता

**आइइएल।** आइइएल जामा मस्जिद के सरप्रस्त सह वरिष्ठ समाजसेवी अब्दुल कादिर भाटी ने कहा कि शब-ए-बारात के दिन मस्जिद में लोग नमाज अदा कर अल्लाह की इबादत करते हैं। बताया कि मुस्लिम समुदाय के लिए शब-ए-बारात का दिन बेहद खास होता है। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार आठवें महीने में शब-ए-बारात का पर्व मनाया जाता है। इसे इबादत की रात भी कहते हैं और इसीलिए इस खास मौके पर अल्लाह की इबादत करना बेहद खास मानते हैं। कहा जाता है कि शब-ए-बारात पर सभी दुआएं कबूल हो जाती हैं और सभी गुनाह माफ हो जाते हैं। लोग मस्जिद में जाकर नमाज पढ़ते हैं, सड़कों पर जुलूस निकाले जाते हैं, घर में पकवान बनते हैं और नए कपड़े पहनकर बच्चे व बड़े तैयार होते हैं। इस मौके पर पूर्वजों की कब्र पर जाकर प्रार्थना भी की जाती है। इसके अलावा, गुनाहों की माफी मांगी जाती है, जरूरतमंदों की मदद करने की कोशिश की जाती है और अल्लाह से यह वादा किया जाता है कि उसके बंदे किसी गलत राह पर नहीं चलेंगे।

### अकीदत के साथ मनी शब-ए-बारात, कतरास के मस्जिदों में अदा की गयी विशेष नमाज



**कतरास (आजाद सिपाही)। कतरास में मुस्लिम समाज ने शब-ए-बरात को बड़े अकीदत और श्रद्धा के साथ मनाया। इस रात को इबादत की रात माना जाता है, जिसमें विशेष रूप से अल्लाह से गुनाहों की माफी और रहमत की दुआ की जाती है। शहरभर के मस्जिदों में शब-ए-बरात के मौके पर विशेष नमाज भी अदा की गई और कुरान की तिलावत की गई। मुस्लिम समुदाय ने रातभर इबादत की और खुदा से माफी की दुआ की। इस दौरान महिलाएं अपने घरों में हलवा और अन्य पकवान तैयार करतीं रहीं, जिन्हें रिश्तेदारों और गरीबों के बीच बांटा गया। शब-ए-बरात का महत्व इस कारण से भी है क्योंकि यह रमजान से पहले मगफिरत का महीना होता है। इस रात को लोग अपने पूर्वजों को याद करते हुए इमाम से फातिहा भी कराते हैं, ताकि उनके लिए सवाब भेजा जा सके। कतरास बाजार मस्जिद पटी सिजुआ श्यामबाजार छाताबाद मस्जिद व अंगार पत्थर मस्जिद के इमाम मौलाना अख्तर रजा ने बताया कि इस रात का मुख्य उद्देश्य अल्लाह से अपनी गल्तियों की माफी प्राप्त करना और उसकी रहमत की दुआ करना है। यह रात मुस्लिम समाज के लिए एक भव्य और रहमत से भरी रात रहती है ।**

### समारोह आयोजित कर 10वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

**जारंगडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** स्वामी विवेकानंद स्कूल जारंगडीह प्रांगण में शुक्रवार को रांची अधिविद परिषद की ओर से आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025, में शामिल होने वाले दशम वर्ग के छात्र-छात्राओं को समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी। विद्यालय के नवम वर्ग के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने सम्मान और आशीर्वाद के साथ उन्हें विदाई दी। इस परीक्षा में कुल 49 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। जिसमें 30 छात्र और 19 छात्राएं हैं। शिक्षकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर शिक्षक वीरमणि पाण्डेय, आरपी सिंह, मुक्ता कुमारी, रीता कुमारी , पूर्व शिक्षक युगल किशोर झा, शाना प्रवीण, सहित नवम और दशम वर्ग के छात्र-छात्राएं उपस्थिति थे।

## डुमरी विधायक से मिला झारखंड चिकित्सा संघ का प्रतिनिधिमंडल

# स्वास्थ्य कर्मियों की मांगों को लेकर सदन के भीतर ही नहीं, बाहर भी उठायेंगे आवाज: जयराम महतो

**- विभिन्न मांगों को सौंपकर विस में उठाने की अपील, मिला सकारात्मक आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड चिकित्सा संघ के महामंत्री संजूय सहाय ने शुक्रवार को तोपचांची में डुमरी विधायक जयराम टाइगर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों की विभिन्न मागों को विधायक के समक्ष रखा और उन्हें विधानसभा में उठाने का अनुरोध किया। चिकित्सा संघ ने सहियाओं की मानदेय वृद्धि, अनुबंद कर्मचारियों के नियमितीकरण, योग शिक्षकों से पूरे महीने की सेवा लेने, कम्युनिटी हेल्थ अफिसरों (सीएचओ) के वेतन में इनसेंटिव जोड़ने, डीएमएपटी के तहत कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों को सरकार के अधिन कर सम्मानजनक मानदेय वृद्धि, चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की पदोन्नति और सभी स्वास्थ्य कर्मियों की सेवानिवृति आयु 62 वर्ष करने आदि शामिल है। इस पर विधायक जयराम महतो ने आश्वासन दिया कि वे उन मांगों को ना सिर्फ विधानसभा में उठायेंगें, बल्कि सदन के बाद भी सरकार पर दबाव बनायेंगें। ताकि चिकित्सा संघ की मांगे पूरी हो सके। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका को अहम बताते हुए कहा कि उनके हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। वहीं, संगठन के महामंत्री ने कहा कि विधायक के आश्वासन से स्वास्थ्य कर्मचारियों की वर्षों से लंबित समस्याओं के समाधान की आस जगी है।



# भारत में पहला एचपीबी रेडियोलॉजी कोर्स एम्स भुवनेश्वर में आयोजित

- यह कोर्स एचपीबी रोगों में अल्ट्रासोनोग्राफी, सीटी स्कैन, एमआरआइ और पीइटी सीटी स्कैन अनुप्रयोगों के बारे में गहन जानकारी प्रदान करता है

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर ने भारत के पहले हेपेटो-पैनक्रिएटो-बिलियरी (एचपीबी) रेडियोलॉजी कोर्स का सफलतापूर्वक आयोजन करके चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया। सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और रेडियो-डायग्नोसिस विभागों की अगुवाई में यह कोर्स इंटरनेशनल हेपेटो-पैनक्रिएटो-बिलियरी एसोसिएशन (आइएचपीबीए)-इंडियन चैप्टर के तत्वावधान में आयोजित किया गया था।

जटिल एचपीबी सर्जिकल एनाटॉमी की समझ को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया। यह कोर्स एचपीबी रोगों में अल्ट्रासोनोग्राफी, सीटी स्कैन, एमआरआइ और पीइटी सीटी स्कैन अनुप्रयोगों के बारे में गहन जानकारी प्रदान करता है। इसका उद्देश्य नैदानिक सटीकता को परिष्कृत करना, सर्जिकल योजना में सुधार करना और रोगी देखभाल परिणामों को बढ़ाने के लिए पोस्टऑपरेटिव फॉलो-अप को अनुकूलित करना था।

एचपीबी रोगों में रेडियोलॉजिकल व्याख्या की अपरिहार्य भूमिका को पहचानते हुए इस व्यापक पाठ्यक्रम ने देश भर के एचपीबी सर्जिकल प्रशिक्षुओं और संकाय सदस्यों को व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम को एचपीबी रेडियोलॉजी के मूल सिद्धांतों को कवर करने वाले तीन ऑनलाइन सत्रों में संरचित किया गया था। इसके बाद दो दिनों का गहन व्यावहारिक शारीरिक प्रशिक्षण दिया गया।

एचपीबी और लीवर ट्रांसप्लांट सर्जरी, एचपीबी इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी और उन्नत इमेजिंग तकनीकों के जाने-माने विशेषज्ञों ने व्यावहारिक व्याख्यान दिये। प्रतिभागियों को नवीनतम प्रगति और सर्वोत्तम प्रथाओं से लैस किया। एक विशेष लाइव सत्र में वास्तविक समय की इंटरवेंशनल प्रक्रियाएं शामिल थीं, जिससे प्रशिक्षुओं को अत्याधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन करने का मौका मिला।

प्रतिष्ठित कार्यक्रम में एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वास मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उपस्थित अन्य प्रमुख हस्तियों में आइएचपीबीए-इंडिया के सचिव डॉ बीजू पोट्टक्कट, आइएचपीबीए-इंडिया के पूर्व अध्यक्ष डॉ संजय गोविल, आइएचपीबीए-इंडिया के वैज्ञानिक अध्यक्ष डॉ नैमिष मेहता, एम्स भुवनेश्वर में रेडियोडायग्नोसिस विभाग के प्रमुख डॉ सुप्रवा नाइक शामिल थे। पाठ्यक्रम के सफल क्रियान्वयन का श्रेय आयोजन अध्यक्ष डॉ ब्रह्मदत्त पटनायक, आयोजन सचिव डॉ रंजन कुमार पटेल और डॉ ताराप्रशाद त्रिपाठी के गतिशील नेतृत्व को दिया गया। इस ऐतिहासिक पहल से भारत में एचपीबी सर्जिकल प्रशिक्षण के मानकों को बढ़ाने और चिकित्सा पेशेवरों को उन्नत रेडियोलॉजिकल व्याख्या कौशल से लैस करने की उम्मीद है। एचपीबी रोगों और उनके उपचार की बढ़ती जटिलता के साथ, यह पाठ्यक्रम नैदानिक सटीकता को आगे बढ़ाने, सर्जिकल परिणामों में सुधार करने और एचपीबी देखभाल में अंतःविषय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत आधार रखता है।

## एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज 2025-लखनऊ रीजनल राउंड

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत पावर यूटिलिटी एनटीपीसी अपनी 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर इलेक्ट्रॉन क्विज 2025 आयोजित कर रही है, जो 1 से 28 फरवरी 2025 तक नौ क्षेत्रीय स्थानों (मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, लखनऊ, रांची, नोएडा, रायपुर और पटना) में आयोजित होगी। उत्तर क्षेत्रीय राउंड 17 फरवरी 2025 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में होगा, जिसमें उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के शीर्ष इंजीनियरिंग और प्रबंधन कॉलेजों से 100 से अधिक टीमों के भाग लेने की उम्मीद है। यह प्रतियोगिता दो सदस्यीय टीमों के लिए खुली है और ज्ञान, तार्किक सोच और उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देती है।




**पुरस्कार:** विजेताः 30,000, द्वितीय स्थानः 20,000, तृतीय स्थानः 10,000, चौथे से छठे स्थान तकः 4,000 प्रत्येक। प्रत्येक क्षेत्र की शीर्ष दो टीमें नेशनल सेमी-फाइनल्स में प्रवेश करेंगी, जहां से सर्वश्रेष्ठ टीमें नेशनल फाइनल्स में पहुंचेंगी। 2004 से एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज बौद्धिक उत्कृष्टता का मंच रहा है। एनटीपीसी की स्वर्ण जयंती पर, यह संस्करण प्रगति, नवाचार और ज्ञान की इसकी समृद्ध विरासत को दर्शाता है।

## 19 से बारिश की संभावना

**भुवनेश्वर।** आइएमडी के क्षेत्रीय केंद्र ने 19 फरवरी से ओड़िशा के कई जिलों में बारिश होने की संभावना जतायी है। जगतसिंहपुर, केंद्रपाड़ा, भद्रक, बालासोर, जाजपुर, कटक, ढेंकनाल, क्योंझर और मयूरभंज जिलों में से किसी एक स्थान पर 19 फरवरी की सुबह 8.30 बजे से 20 फरवरी की सुबह 8.30 बजे के बीच हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

FURNITURE PLANET
A Unit of Supreme Techno (India)
Manufacturing Unit of
Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture
LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND
Web: www.supremetechnoindia.com
Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi
9570040095, 9570007788

# बिजनेस स्कूल के छात्रों को उद्यमी बनने का लक्ष्य रखना चाहिए : यूसीसीआइ उपाध्यक्ष



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** व्यवसाय प्रबंधन में पाठ्यक्रम करने वाले छात्रों को हमेशा रोजगार की तलाश करने के बजाय उद्यमी बनने का लक्ष्य रखना चाहिए। बिजनेस स्कूल के छात्रों को व्यवसाय में उतरना चाहिए। हालांकि इसे जोखिम भरा माना जाता है। अवसर उपलब्ध हैं और आप अपना भविष्य बना सकते हैं। यह बातें उत्कल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री लिमिटेड (यूसीसीआइ) के उपाध्यक्ष-वाणिज्य मुरली जम्मुला ने यहां शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (एसओए) के प्रबंधन विज्ञान संकाय, इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस एंड कंप्यूटर स्टडीज (आइबीसीएस) के वार्षिक प्रमुख कार्यक्रम और बी-स्कूल मीट, दो दिवसीय 'कन्वर्जेंस-2025' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहीं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे श्री जम्मुला ने कहा कि छात्रों को अच्छे अंक पाने के लिए नहीं, बल्कि ज्ञान प्राप्त करने के लिए पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा आपके भाग्य का निर्धारण नहीं करती है। आपको इसे खुद को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपको अपने कौशल का उपयोग करना होगा और उसे अद्यतन करना होगा। कार्यक्रम को एसओए के प्रो-वाइस चांसलर प्रोफेसर विभूति भूषण प्रधान, आइबीसीएस के डीन प्रोफेसर अयासा कांता मोहंती और डीन (छात्र कल्याण) प्रोफेसर ज्योति रंजन दास ने भी संबोधित किया। प्रो प्रधान ने कहा कि आइबीसीएस से उत्तीर्ण छात्रों ने दुनिया भर में अपनी पहचान बनायी है और विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान विद्यार्थियों को उनका अनुकरण करना चाहिए।

प्रोफेसर मोहंती ने इस आयोजन को प्रतिभाशाली दिमागों और महत्वाकांक्षी नेताओं का जमावड़ा बताया और कहा कि यह विचारों और सोच के आदान-प्रदान का अवसर था। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ रामकृष्ण मिश्रा ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया, जबकि एक अन्य समन्वयक डॉ प्रीति वाई षाड़ंगी ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। दो दिवसीय बी-स्कूल मीट में 14 बिजनेस स्कूलों और कॉलेजों के 150 से अधिक छात्र 'बिजनेस डिप्लोमैटिक कॉन्क्लेव', 'बिज कैशा', 'रेजोनेंस', 'ट्रेम्बलर्स', 'रैप्सोडिक', 'कौटिलियान' और 'सेन इन सेन' जैसे कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं।

### 14वें एशियाई फिशरीज एंड एक्वाकल्चर फोरम का समापन

# मछली उत्पादन में अव्वल बनायें, पीएमएमएसवाइ से जुड़ कर आर्थिक समृद्धि बढ़ायें : डॉ एचएन द्विवेदी

- झारखंड के मत्स्य निदेशालय के स्टॉल का देश-विदेश के मत्स्य वैज्ञानिकों ने किया अवलोकन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** नेशनल एग्रीकल्चरल साइंस कम्पलेक्स (एनएएस कम्प्लेक्स) में आयोजित 14वें एशियाई फिशरीज एंड एक्वाकल्चर फोरम का समापन शुक्रवार को हुआ। विदित हो कि उक्त कार्यक्रम का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) के तत्वावधान में किया गया। इस कार्यक्रम में देश-विदेश के मत्स्य वैज्ञानिकों ने अपने अनुभवों को साझा किया। सम्मेलन में झारखंड सरकार के मत्स्य निदेशालय द्वारा लगाये गये स्टॉल पर विभिन्न देशों के मत्स्य वैज्ञानिकों ने भ्रमण किया। इस दौरान झारखंड में केज कल्चर और बायोफ्लाक पद्धति से मत्स्य पालन की आधुनिकतम तकनीक से भी विदेशों के मत्स्य वैज्ञानिक अवगत हुए। शुक्रवार को झारखंड सरकार के मत्स्य निदेशालय के निदेशक डॉ एचएन द्विवेदी की मौजूदगी में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के उप महानिदेशक (मात्स्यिकी) डॉ जेके जेना, भारतीय आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, लखनऊ के निदेशक डॉ यूके सरकार द्वारा झारखंड के स्टॉल का भ्रमण एवं अवलोकन किया गया। डॉ जेना एवं डॉ सरकार ने झारखंड के मत्स्य विभाग द्वारा मछली उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की।

समारोह में क्वालालंपुर के डॉ लिपिंग ल्यु, डॉ डेसेक स्टेपल्स,एलाइस जे फेरर, डॉ नेल लांगरहेम, डॉ शुभादीप घोष, सीआइएफआरआइ के डॉ बीके दास, डॉ एके दास सहित विभिन्न देशों से आये मत्स्य वैज्ञानिक मौजूद थे। इनमें चीन, थाईलैंड, मलेशिया, नॉर्वे, नीदरलैंड, यूएसए एवं कंबोडिया के वैज्ञानिक शामिल थे। गौरतलब है कि नयी दिल्ली के पूसा परिसर में आयोजित 14 वें एशियाई मत्स्य पालन एवं जलीय कृषि मंच का उद्घाटन गत दिनों केंद्रीय कृषि, पशुपालन मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने किया। फोरम के समापन अवसर पर विभिन्न वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये उत्कृष्ट रिसर्च पेपर, रिसर्च पोस्टर आदि के लिए द एशियन फिशरीज सोसाइटी द्वारा मत्स्य वैज्ञानिकों को पुरस्कृत किया गया। उक्त जानकारी मत्स्य निदेशालय, झारखंड के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।

POPKORN cinemas
SUJATA PICTURE PALACE
Now Showing




Schedule For 14th Feb., 2025 onwards!

| | |
|---|---|
| at Screen-1 (Sujata) | |
| Chhaava | : 11.00, 1.45, 4.45, 7.45 |
| at Screen-2 (Miniplex) | |
| Chhaava | : 2.30, 8.15 |
| Sanam Teri Kasam | : 11.45, 5.30 |
| at Popkorn Cinemas | |
| Chhaava | : 11.00, 2.00, 5.00, 7.00, 8.00 |
| Sanam Teri Kasam | : 10.30, 1.15, 4.00 |

*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

JOB VACANCY
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-
• Only Female.
• Age 30 to 45 Years.
• Minimum Qualification Graduation
• Married only.
• Experience को वरियता
Post Applied For
Life planning Officer (LPO)
Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly) +Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy सिमित है..
ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)

# ओड़िशा को समृद्ध बनाना हमारी सरकार का लक्ष्य : मोहन चरण माझी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** विधानसभा में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि ओड़िशा आजीविका मिशन 1 अप्रैल 2012 से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लागू किया जा रहा है। इस योजना का दृष्टिकोण ग्रामीण परिवारों की आजीविका में सुधार के लिए स्वयं सहायक समूहों का गठन करके घरों में महिलाओं को शामिल किया जा रहा है। पुनः इन एसएचजी को विभिन्न सामाजिक और आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए इन्हें ग्राम और पंचायत स्तरों पर आयोजित किया जा रहा है। फिर से इन स्वयं सहायक समूहों को विभिन्न सामाजिक और आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए गांव और पंचायत स्तर पर संगठित किया जा रहा है। इन स्वयं सहायक समूहों (एसएचजी), क्षेत्रीय मंचों (सीएलएफ) और ग्राम पंचायत संघ (जीपीएलएफ) को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर की संघ द्वारा कम्युनिटी सपोर्ट कर्मचारियों की भर्ती की गयी थी।

उन्होंने कहा कि कम्युनिटी सपोर्ट स्टाफ में कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन फॉर कम्युनिटी मोबिलाइजेशन (सीआरपी-सीएम), मास्टर बुक कीपर (एमबीके), बैंक मित्र और प्राणी मित्र शामिल हैं। राज्य में कुल 62,341 कम्युनिटी सपोर्ट कर्मचारी नियुक्त किये गये थे।

सीएम ने कहा कि ओड़िशा आजीविका मिशन के पत्र क्रमांक 574, दिनांक 25.02.2019 ने कम्युनिटी सपोर्ट कर्मचारियों के पारिश्रमिक के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किया गया था। दिशा-निर्देशों में 1 अप्रैल 2019 से पांच साल की अवधि के लिए अलग-अलग दरों पर ग्राम पंचायत स्तर के संघों को इन कम्युनिटी सपोर्ट कर्मचारियों के पारिश्रमिक का भुगतान करने का प्रावधान की गयी थी। नियुक्ति के पहले तीन वर्षों के लिए फंडिंग 100%, चौथे वर्ष के लिए 75 प्रतिशत और पांचवें वर्ष के लिए 50 प्रतिशत थी। चौथे वर्ष में कम्युनिटी सपोर्ट कर्मचारियों के पारिश्रमिक का 25 प्रतिशत, पांचवें वर्ष में 50 प्रतिशत और पांचवें वर्ष के बाद 100 प्रतिशत पंचायत संघ द्वारा दिशा-निर्देशों के अनुसार वहन करने का निर्देश दिया गया था। उन्होंने कहा कि हालांकि, यह देखा गया है कि पिछली सरकार की इच्छा शक्ति की कमी के कारण जीपीएलएफ खुद को पूरा नहीं कर पाया है। इसलिए कम्युनिटी सपोर्ट कर्मचारियों को दस महीने से पारिश्रमिक नहीं मिला है। हमारी सरकार माताओं की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है। स्वयं सहायक समूह की महिलाओं की आर्थिक वृद्धि को बढ़ाने के उद्देश्य से लक्षपति दीदी योजना क्रियान्वित की जा रही है। इस योजना के तहत स्वयं सहायक समूह की अधिक से अधिक महिला सदस्यों को सालाना एक लाख रुपये कमाने में सक्षम बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य 2027 तक 25 लाख लक्षपति दीदी बनाने का है। इसके अलावा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर ओड़िशा को समृद्ध बनाना हमारी सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए कम्युनिटी सपोर्ट स्टाफ माताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सरकार ने एक अहम फैसला लिया है। मैं 'लक्षपति दीदी सहायिका योजना' नामक एक नयी योजना की घोषणा कर रहा हूं। इस योजना के माध्यम से सरकार अब कम्युनिटी सपोर्ट कर्मचारियों के वेतन का खर्च वहन करेगी और इसके लिए जीपीएलएफ को अनुदान प्रदान करेगी। इस निर्णय से 62 हजार से अधिक कम्युनिटी सपोर्ट कर्मचारियों को लाभ होगा और उन्हें अप्रैल 2024 से उनका पारिश्रमिक मिलेगा।

## राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं केंद्रापड़ा सांसद बैजयंत पंडा का प्रदेश कार्यालय में हुआ भव्य स्वागत



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव-2025 में बीजेपी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में दिल्ली की जनता ने भाजपा पर अपना विश्वास जताया और भारी जनसमर्थन दिया। पिछले 27 वर्षों से दिल्ली उपेक्षा की स्थिति में थी, जहां विकास नीचे की ओर चला गया था। आप सरकार के 12 साल के झूठे वादों के कारण दिल्ली के लोगों का असंतोष चरम पर पहुंच गया था। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और दिल्ली के प्रभारी सांसद बैजयंत पंडा ने कहा कि दिल्ली में मोदी की गारंटी और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम के कारण भाजपा बड़ी संख्या में सीटें जीत कर सरकार बनाने जा रही है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं केंद्रापड़ा सांसद बैजयंत पंडा का गुरुवार सैम को भुवनेश्वर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। उनके भुवनेश्वर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। एयरपोर्ट पर बीजेपी समर्थकों ने जयघोष के साथ उनका भव्य स्वागत किया। पंडा ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया और पार्टी की मजबूती के लिए मिल कर काम करने का आह्वान किया।

## रील बनाते समय लड़की पुल से नीचे गिरी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** रील करते समय लापरवाही के कारण युवती पुल से ब्राह्मणी नदी में गिर गयी। स्थानीय लोगों द्वारा बचाये जाने के बाद लड़की को ढेंकानाल जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खबरों के अनुसार, लड़की अपनी मौसी के साथ एक ऑटो में ढेंकानाल जिले के तरभा से कामाख्यानगर खटुआहता जा रही थी। हालांकि, युवती ने कमगरा ब्राह्मणी नदी पुल पर आधे रास्ते में ऑटो को रोका और पुल पर रील कर रही थी इस बीच लापरवाही के कारण युवती का पैर फिसल गया और वह नदी में गिर गयी। सौभाग्य से, कुछ स्थानीय लोग घटनास्थल पर मौजूद थे, जिससे उन्होंने युवती को गंभीर हालत में नदी से बचाया और गंभीर हालत में उन्हें ढेंकानाल जिला मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन




All Subjects Combined in ONE BOOK
Arts Subject: Hindi (Core), English (Core), Hindi (Elective), English (Elective), Economics, History, Political Science, Geography, Sociology, Psychology, Philosophy and Home Science
Science Subject: Hindi (Core), English (Core), Economics, Physics, Chemistry, Mathematics, Biology and Computer Science
Commerce Subject: Hindi (Core), English (Core), Economics, Accountancy, Business Studies, Commercial Arithmetic, Entrepreneurship and Computer Science
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA
RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
100% सफलता के लिए अवश्य पढ़ें!

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**